ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 266 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



पुराने गानों के रीमेक में 'रैप' जोड़ने से ... पेज 10 पर


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## पलामू प्रमण्डलीय

# रोजगार मेला

## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग
**5132**
युवाओं को मिलेगा
ऑफर लेटर



### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील कुमार सिंह**
माननीय सांसद, चतरा

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

### सम्मानित अतिथि

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डालटनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री वैद्यनाथ राम**
माननीय विधायक, लातेहार

**श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता**
माननीय विधायक, पांकी

**श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी**
माननीय विधायक, विश्रामपुर

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छत्तरपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्री भानु प्रताप शाही**
माननीय विधायक, भवनाथपुर

**दिनांक : 31.10.2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : पुलिस लाईन मैदान, डालटनगंज (पलामू)**

PR No. 310213 (Labour Employment and Traning) 2023-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## गागर में सागर

### दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट, केस दर्ज

**रांची।** कोकर हैदर अली रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में घुस कर बदमाशों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में दुकानदार राजू प्रसाद ने सदर थाने में महावीर लकड़ा समेत आठ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। राजू ने पुलिस को बताया कि 27 अक्तूबर को आरोपी महावीर उनके प्रतिष्ठान में घुसा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। धमकी दी कि दुकान चलाना है तो उसे रंगदारी देनी होगी। यह कहते हुए आरोपी ने उनके काउंटर से कुछ रूपए भी निकालकर फरार हो गया। मारपीट की घटना में उन्हें गंभीर चोर आयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### सीमेंट ले जाने के लिए भाड़े पर ट्रैक्टर लेकर हुआ फरार, चार गिरफ्तार

**रांची।** रांची के ओरमांझी पुलिस ने चालक को नशा खिलाकर बेहोश कर भाड़े का ट्रैक्टर लेकर फरार होने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रामगढ़ के रोबिन एंथोनी ,करण कुमार राम, ओरमांझी के रंथु उरांव और सिकिदिरी के गोविंद कुमार शामिल है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि 27 अक्तूबर को ओरमांझी थाने में सुनील कुमार नामक व्यक्ति ने अपने चालक और भाड़े पर ट्रैक्टर लेकर फरार होने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने छानबीन की और चालक सौरभ को पकड़ा तो उसने खुलासा किया कि उसे लुटेरों ने रास्ते में नशा खिलाकर बेहोश कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस की टीम ने अनुसंधान शुरू की। उस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर रविवार को चारों लुटेरों को उसके घर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने लुटेरों के पास से लूटा हुआ ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

**खाना खिलाने के बहाने खिला दिया नशा :** ग्रामीण एसपी ने बताया कि ओरमांझी में सिमेंट लोड करने के लिए भाड़ा पर ट्रैक्टर लेने वाले व्यक्ति रास्ते में एक होटल में रोका। खाना खिलाने के दौरान आरोपियों ने उन्हें नशीली पदार्थ खिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो ट्रैक्टर नहीं था। वह किसी सूरत से अपने घर रामगढ़ पहुंचा। इसी दौरान पुलिस पहुंच गयी और उसे पकड़ ली।

**27 अक्तूबर को हुई थी लूट :** ओरमांझी निवासी सुनील कुमार ने थाने में 27 अक्तूबर को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सुनील ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे सिमेंट ले जाने के लिए भाड़े पर ट्रैक्टर लिया। चालक सौरभ ट्रैक्टर लेकर सिमेंट लोड करने के लिए गया। शाम तक जब सौरभ नहीं लौटा तो उन्हें संदेह हुआ। सुनील ने चालक सौरभ को फोन किया, मगर उसका मोबाइल स्वीच ऑफ था। जिसके बाद वह सीधे ओरमांझी थाना पहुंचा और चालक सौरभ और भाड़े पर ट्रैक्टर लेने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज कराया।

### ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ के बैनर तले गेट मीटिंग का हुआ आयोजन

**मुरी।** मुरी रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर लॉबी के समीप ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ के केंद्रीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार सोमवार के दिन रेलवे बोर्ड के द्वारा निर्गत पत्र फ्हए-120&143/2016 के मौलिक तथ्यों को गलत तरीके से निर्गत कर लागू करने के आदेश के विरोध में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक तरीके से एवं रेल परिचालन को बिना बाधित किए हुए एआईएलआरएसए के सदस्यों द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान रनिंग कर्मचारियों ने बताया कि आरबीआई के पत्र में सीभीभीआरएस भी लागू करने का आदेश है जो रनिंग कर्मचारियों के निजता का हनन है। कर्मचारियों ने बताया कि 104 घंटे प्रति एसपेल में ड्यूटी कराया जाता था जो नए नियम के तहत 125 घंटा कर दिया गया है, 36 घंटा में मुख्यालय लौटते थे जो अब 72 घंटा का कर दिया गया है।

### काली पूजा को लेकर छोटामुरी में बैठक संपन्न

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा मुरी में रविवार के दिन तरुण संघ काली पूजा कमेटी की ओर से क्लब नंबर 17 के प्रांगण में काली पूजा संपन्न कराने हेतु अरविंद पाल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसका संचालन आनंद महतो ने किया। कमेटी के लोगों ने पूजा धूमधाम तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए अपने-अपने विचार को रखें। वर्ष 2022 का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सर्व सहमति से पुनः कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक हेमंत पाल, अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव सोनू सिंह, उपसचिव सोनू प्रसाद, कोषाध्यक्ष जितेंद्र महतो, उपकोषाध्यक्ष लखन प्रसाद, संगठन सचिव सुनील प्रसाद को चुना गया। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

#### सात जिलों से 20 बच्चों का राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयन

## झारखंड के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं : डॉ. महुआ माजी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का समापन सोमवार को झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद जेसीआरटी रातू में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। आज के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महुआ मांझी राज्यसभा सांसद, शिल्पी नेहा तिर्की, मांडर विधायक एवं पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख के द्वारा सभी 10 विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के बीच मेडल और प्रमाण पत्र वितरण किए गए। राज्य के सभी जिलों से 10 विधाओं में बालक और बालिका वर्ग के कुल 480 प्रतिभागी भाग लिए थे। कला उत्सव में भाग लेने वाले यह प्रतिभागी अपने-अपने जिले में विभिन्न 10 विधाओं के प्रथम आए हुए प्रतिभागी राज स्तरीय कला उत्सव में भाग लिए थे। जिन 10 विधाएं मे प्रतियोगिता कराई गई थे उनमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक और बालिका इस प्रकार है वे है संगीत (गायन) - शास्त्रीय संगीत बालक वर्ग में कुशल दिवियम, पूर्वी सिंहभूम, बालिका वर्ग में अनुरूपा मंडल देवघर, संगीत (गायन) - पारंपरिक लोक संगीत बालक वर्ग संजीवन भगवन, सिमडेगा, बालिका वर्ग श्रुति कुमारी, हजारीबाग, संगीत (वादन)-अवनद्ध वाद् बालक वर्ग ओमकार प्रभाकरण, हजारीबाग बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी, रांची संगीत (वादन) - स्वर वाद्य बालक वर्ग रामामुंडा सिमडेगा बालिका वर्ग में नेहा कुमारी बोकारो नृत्य, नृत्य-शास्त्रीय नृत्य बालक वर्ग आयुष कुमार, रांची, बालिका वर्ग नूपुर गोराई,जामताड़ा, नृत्य-लोक नृत्य बालक वर्ग विकास महली, पूर्वी सिंहभूम, बालिका वर्ग पूजा मुर्मू, हजारीबाग, दृश्य कला (द्वि-आयामी) बालक वर्ग में ऋतुराज रांची बालिका वर्ग में सपना माडी,पूर्वी सिंहभूम, दृश्य कला (त्रि-आयामी) बालक वर्ग में गोकुलदास रामगढ़, प्रतिभा कुमारी, रांची। स्थानीय खिलौने एवं खेल बालक वर्ग में अचिन सभा बालिका वर्ग में मीरा पाण्डे,रांची, नाटक एकल अभिनय में बालक वर्ग में धनराज विश्वकर्मा पूर्वी सिंहभूम, बालिका वर्ग में तान्या कुमारी कोडरमा रहा। मुख्य अतिथि के रुप उपस्थित डॉ. महुआ मांझी ने अपने संबोधन में कहे कि हमारे झारखंड के बच्चों में काफी प्रतिभा है और स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग का यह प्रयास हमें देश में गमन्वित करेगा।

### कस्तूरबा सिल्ली की छात्रा का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

**सिल्ली।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिल्ली कक्षा 11 की छात्रा लक्ष्मी कुमारी का एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल वादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई साथ ही साथ सिल्ली का नाम को रोशन भी किया। उनके इस सफलता पर वार्डन मेरी अलमा रुंडा, शिक्षिका चंद्रिका कुमारी, नीलम बाटी, अनामिका लकड़ा, एवं पूरे स्कूल परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### झामुमो नेता आफताब आलम के आवास पर लंगर ए गौस ए आजम का आयोजन



**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी में लंगर ए गौस ए आजम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गौस पाक की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने गौस पाक के कारामातों का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम की सरपरस्ती अरमई शरीफ के पीर तरीकत सैयद शाह अतहरउद्दीन असदकी, लाइक उर रहमान असदकी, हाजी सलीम कादरी ने की। इस अवसर पर इस्लामी मरकज, अकबरिया मस्जिद के कई छात्रों ने कुरान पढ़ी। वहीं लंगर ए गौस ए आजम को लेकर हिंदपीढ़ी में काफी उत्साह देखा गया। लंगर गौस ए आजम में 1500 लोगों ने भोजन किया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत झामुमो नेता सह झारखंड इदरिस्या दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन के आफताब आलम ने किया। आफताब आलम ने कहा की गौसे आजम की जीवनी को पढ़कर उस पर अमल करने की जरूरत है। यह तभी होगा जब हम हमारे बच्चे पढ़ेंगे। इसलिए शिक्षा को जन जन तक पहुंचाना है। हमारे नेता झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है ताकि सभी को शिक्षा मिल सके।


### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**-ःआम सूचनाः-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द उउउव्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 प्रितम सिंह
↓
स्वर्णजीत कौर (पत्नी) | सतविन्दर सिंह (पुत्र) | तनवीर सिंह (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 310172 District(23-24)#D


## दो दिवसीय मुड़मा जतरा का बाबूलाल ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, नेपाल के सांसद सूर्यदेव दास उरांव उपस्थित रहे। इस दौरान मंच में पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी सहित सभी अतिथियों को सरना प्रार्थना सभा भारत के धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान बाबुलाल मरांडी ने जतरा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला बहुत ही मीठा व प्रिय शब्द है। मेले में मिठास होती है, यह मिलने-जुलने, मनोरंजन व सामान की खरीद फरोख्त का माध्यम होता है। मेला में नृत्य-संगीत क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति की पहचान होती है। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद है। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वहीं लोहे के पारंपरिक हथियार वाले दुकानों की भी भीड़ काफी है। कंबल के बड़े बड़े दुकान भी मौजूद हैं। खेल तमाशा, मौत का कुआं, डांसिंग झूला समेत मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध है। वहीं जगह-जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर अनिल उरांव, रंथु उरांव, कमले किस्पोट्टा, सुका उरांव, बिहारी उरांव, मनोज उरांव, मंच संचालक विरेंद्र उरांव व झारखंड सहित बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए धर्म अगुवा,पाहन, पुजार, महतो पाहन,सहित हजारों सरना एवं धर्म के अगुवा लोग उपस्थित थे।

#### झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधि सभा आयोजित

## सरकारी संस्थानों में बढ़ई और लोहार की भी बहाली करे सरकार : विकास राणा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा सोमवार को स्थानीय विधानसभा सभागार, रांची में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में झारखण्ड के सभी 24 जिलों से विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामिल हुए। प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन नीतू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया जिसमें मुख्य रूप से झारखण्ड में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन करने, विश्वकर्मा पूजा के दिन सरकारी अवकाश करने, झारखण्ड में जातीय जनगणना कराने, सभी शिक्षण संस्थानों और सरकारी संस्थानों में बढ़ई मिस्त्री और लोहार की बहाली हो आदि शामिल है। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि रांची के मोरहाबादी मैदान में विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन फरवरी माह में किया जायेगा जिसमें पूरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए। इसके साथ साथ विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा की गई। प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सभा की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान में होगी विश्वकर्मा अधिकार रैली जिसमें पुरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे। मध्यप्रदेश की तर्ज पर झारखण्ड में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन करे झारखण्ड सरकार। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवम सदस्य शामिल हुए।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –18/2023–24**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 6.11..2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 7. 11. 2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 7. 11. 2023 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No LIG - R/383-84,R/379-80 and others High court pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1141479.00 | 22900.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr No LIG - R/335-36,R/341-42 and others High court pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 990981.00 | 19900.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Installation of 25Ltr. Geyser,Improvement of water supply and replacemet of old and damage sanitary fittings at New Judges Bungalow No.1-2,Judges Bungalow 1 staff Quarter No. 14 and other Government pool quarter under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi. | 1417749.00 | 28400.00 | 2500.00 | 7 Days |
| 4. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr. No B-1 and B-14 Behind Indra Palace, B-6 & C-5, 30 Set Pool near Nepal House and others High Court pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi | 1579732.00 | 31600.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 5. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work at Quarter Nos. B-1476, B-2166, B-2188, B-2318 of Sector-II and B-2548/Side-V and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1119462.00 | 22400.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 6. | Improvement of water supply and replacement of damaged sanitary fittings and other misc. works at Qtr.No. E-347 of Sector-2 and others of Jharkhand Vidhan Sabha Pool quarters under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 658230.00 | 13200.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 7. | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 3.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarter no. -B-2528, B-2548 & B-2592 , Sector -02, Side - 05, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 968732.00 | 19400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at IRB -I Near Training area -1 Jamtara,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 1949499.00 | 39000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 9. | Renovation& Re-Construction of Sewerage and drainage Pared Ground Govt. school Side Jangle Warfare School Netarhat, Government of Jharkhand Government of Jharkhand RanchiUnder D.W.&S. Division Ranchi East Ranchi. (Part-A) | 1812682.00 | 36300.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 10. | Construction of 6Nos. Toilets With Septic Tank & Soak Pit & 4 nos. Bathroom and water supply arrangement at Premises Area of Police Academy Hazaribagh for Barrack no. 5 & 6 and mess no. 4, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1994190.00 | 39900.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 11. | Repair and maintenance of Commercial type RO Water Purifier and water Cooler of different models installed at Jharkhand Vidhan sabha Campus Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 433031.00 | 8700.00 | 750.00 | 15 Days |
| 12. | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYGPT 400 mm dia x 200mm dia x 180.00 m deep with installation of 2 HP sumbersible motor pump improvement of water supply and allied work at Premises area Jungle Warfare School Netarhar under D.W.&S. Division Ranchi East, Ranchi.(2023-24) Part-B | 798688.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 13. | Provision of water supply by construction of 1No. HYDT with Installation of 3.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Vidhan Sabha Pool Quarter No. CD/665 Sector-02, Side-05, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi | 968732.00 | 19400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 14. | Repairing of damaged sewer line water supply pipe line and replacement of old and damaged sanitary fittings at minister bunglow MLA Flat, and vidhan sabha H.E.C. campus Pool Quarters under D. W. & S. Division, Ranchi East | 896236.00 | 18000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 15. | Improvement of water supply and replacement of damaged sanitary fittings, and sewer line at vidhan sabha pool quarter and old vidhan sabha campus under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1064574.00 | 21300.00 | 2500.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 310152 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D


#### मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में समीक्षा बैठक

## इस अभियान में सभी बीएलओ की होगी अहम भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में सोमवार को समाहरणालय भवन रांची (ब्लॉक इ) में 63- रांची विधान सभा क्षेत्र के सभी बी०एल०ओ के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारी सदर रांची, शशि नीलिमा डुंग डुंग, साधना जयपुरिया, खंडाधिकारी सदर रांची, मुंशी राम अंचल अधिकारी शहर, रांची सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं 63- रांची विधान सभा क्षेत्र के सभी बीएलओ शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची के विशेष संछिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, नागरिकों को विशेष अभियान के तहत निर्धारित तिथियों 28-10-2023 से 05-11-2023 तक उनके क्षेत्र के मतदाताओं, नागरिकों को जागरूक करने, उन्हें निर्वाचन संबंधी सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने को कहा गया। विशेष अभियान दिवस के दौरान सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान केन्द्रों में समुचित संख्या में सभी प्रपत्रों यथा- प्रपत्र-6, 7 एवं 8 उपलब्ध रखने, साथ ही बी/डब्ल्यू पुअर फोटो रजिस्टर भी अपने साथ रखने को कहा गया। इसके साथ ही सभी को बीएलओ एप के उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धीकरण किया जाना आवश्यक है। उक्त उद्देश्यों के पूर्ति के लिए विशेषकर आयु वर्ग, दिव्यांगजन ट्रांसजेंडर पार्टिकुलरली वैनरेबल ट्राईबल ग्रुप्स (पीवीटीजेएस) सेक्स वर्कर 80 आयु वर्ग दिव्यांग आश्रय गृह में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशप निबंधन सुनिश्चित करने हेतु दिनांक- 28.11.2023 से दिनांक-03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। 8.11.2023 को पार्टिकुलरली वैनरेबल ट्राईबल ग्रुप्स (पीवीटीजेएस) एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश प्राप्त है। 29.11.2023 को विशेष अभियान चलाकर सभी रेन बसेरों / आश्रय गृहों का भ्रमण कर आवासित पात्र नागरिकों तथा सभी पात्र होमलेस पीपुल का निबंधन किया जाएगा। 30.11.2023 एवं 01.12.2023 को 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंगका कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। 4. विशेष अभियान के तहत घर-घर जाकर मतदाता सूची में पूर्व से पंजीकृत उक्त श्रेणी के मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन करते हुए छुटे हुए पात्र नागरिकों का निबंधन करना सुनिश्चित करेंगे। 02.12.2023 को सभी पात्र ट्रांसजेंडर/ सेक्स वर्कर, वुमन इन डिफिकल्ट सर्कुमसटांस का निबंधन अभियान चलाकर कराना सुनिश्चित करेंगे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 266 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

पुराने गानों के रीमेक में 'रैप' जोड़ने से ... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### नक्सली प्रमोद मिश्रा को झारखंड एनआइए ने पटना के बेउर जेल भेजा

**रांची।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा को झारखंड एनआइए ने पूछताछ के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया है। सूत्रों से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड एनआइए ने मिश्रा को पूछताछ के लिए रिमांड पर रांची लाया था। पूछताछ के दौरान उसे रांची के सेंट्रल जेल, होटवार में रखा गया था। रिमांड पर पूछताछ करने के बाद प्रमोद मिश्रा को एनआइए ने पटना के सेंट्रल जेल बेउर जेल भेज दिया। पूछताछ में उसने बताया है कि झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ में पहले की तरह लेवी की पैसे की उगाही नहीं हो रही है, जिसके कारण गोली, बम और अन्य सामान खरीदने में संगठन को परेशानी हो रही है। इससे संगठन कमजोर हुआ है। उसने एनआइए को बताया है कि इसलिए माओवादी पोलित ब्यूरो एवं सेंट्रल कमेटी के सदस्य संगठन को मजबूत करने में लगे हुए है। इस काम में शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा, विवेक, अनल, रवि, बालाकृष्णा आदि जुटे है। उल्लेखनीय है कि 10 अगस्त 2023 को गया पुलिस ने प्रमोद मिश्रा (71) को उसके सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। उस पर रांची में भी केस दर्ज है, जिसके कारण उसे झारखंड एनआइए ने रिमांड पर लेकर रांची में पूछताछ किया था।

### ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**रांची।** डोरंडा थाना पुलिस ने फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के पास से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मनोज कुमार, राज नारायण गोस्वामी, अभिषेक कुमार शामिल है। इनके पास से भूरे रंग के छोटा पर्स में 42 पुडिया ब्राउन शुगर, नगद 4120 रुपया बरामद किया गया है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 2.85 लाख का फर्जी चेक देकर ट्रैक्टर लेकर ठग हुआ फरार, प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** रांची के लापुंग में एक युवक को फर्जी चेक देकर उसका ट्रैक्टर लेकर अपराधी फरार हो गया है। इस घटना को हजारीबाग के रहने वाले ललित कुमार सिंह ने अंजाम दिया है। 2.85 लाख का फर्जी चेक का खुलासा तब हुआ जब ट्रैक्टर मालिक उसे कैश कराने के लिए बैंक गया। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक अनूप कुमार नाग ने लापुंग थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस की टीम हजारीबाग के ओखनी इलाके में आरोपी ललित की तलाश की तो पता चला कि उस नाम का कोई व्यक्ति इलाके में रहता ही नहीं है। हालांकि पुलिस आरोपी का कॉल डिटेल निकाल रही है।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

अफगानिस्तान vs श्रीलंका

अफगानिस्तान - 242/3 (45.2 ओवर)

श्रीलंका - 241/10 (49.3 ओवर)

**आज का मैच**

पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, कोलकाता में (2 बजे से)

# भारत-जापान की विजयी हैट्रिक, मलेशिया ने कोरिया को ड्रॉ पर रोका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत और जापान की महिला हॉकी टीम ने यहां मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में सोमवार को अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज कर ली। भारत ने चीन को 2-1 से जबकि जापान ने थाईलैंड को 4-0 से शिकस्त दी। वहीं, एक अन्य मुकाबले में मलेशिया ने कोरिया को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया।

वर्ल्ड नंबर-7 भारतीय टीम ने एशियाई खेलों 2023 की स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाफ आक्रामक शुरूआत की और पहले क्वार्टर के अंदर ही अपना खाता खोल लिया। मेजबान टीम के लिए यह गोल दीपिका ने 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया।

चार बार के एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिए दूसरा गोल मिडफील्डर सलीमा टेटे के स्टिक से 26वें मिनट में मैदानी गोल के रूप में आया। हालांकि चीन ने भी तीसरे क्वार्टर में गोल करके अपना खाता खोल लिया। टीम के लिए यह गोल जियाकी झोंग ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।

चौथे और अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन भारतीय टीम ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत रखते हुए एक गोल की बढ़त के साथ मैच को 2-1 से जीत लिया और अपनी विजयी हैट्रिक पूरी कर ली।

भारत की तीन मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है। मेजबान टीम के अब नौ अंक हो गए हैं और वो छह टीमों की अंकतालिका में मजबूती के साथ टॉप पर कायम है। जापान भी लगातार तीन जीत के बाद नौ अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। वहीं, कोरिया तीसरे और चीन चौथे नंबर पर है। मलेशिया पांचवें और थाईलैंड छठे नंबर पर है।

इससे पहले, जापान ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड को 4-0 से रौंदकर अपनी विजयी हैट्रिक पूरी कर ली। वर्ल्ड रैंकिंग में 11वें नंबर पर काबिज जापान के लिए मेइ तोरियामा ने 29वें, कप्तान यूरी नागाई ने 34वें, काना उराता ने 35वें और फिर चिको फुजिबायाशी ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने दुमका में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का किया उद्घाटन, बोले

# झारखंड को संवारेंगे

### 23 सड़क परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/दुमका**

सड़क और पुल विकास की अहम कड़ी होती है। इससे बहुआयामी विकास का रास्ता खुलता है। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, उतना ही फायदा उसे इलाके के रहने वालों को होता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को दुमका जिले के कुमड़ाबाद में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित राज्य के सबसे लंबे पुल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 3 अरब 91 करोड़ 41 लाख 83 हजार 896 रुपए की लागत से 11 सड़कों का उद्घाटन और 1 अरब 43 करोड़ 26 लाख 5 हजार 500 रुपए की लागत से 12 सड़कों का शिलान्यास किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मयूराक्षी नदी पर बने इस पुल से विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इससे आवागमन सुलभ और आसान हो जाएगा। कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क होगा। लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इलाके का सामाजिक- आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे मान-सम्मान के साथ देने के लिए सरकार संकल्पित है। इस कड़ी में एक बार फिर आपकी योजना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने बंदरजोरी जैव-विविधता पार्क का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सोमवार को दुमका वासियों को दुमका- बंदरजोरी जैव-विविधता पार्क की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि यह पार्क आपका है। आप सपरिवार यहां नियमित रूप से आते रहें और पूरा मनोरंजन और आनंद लें। लेकिन, स्वच्छता के साथ इसकी खूबसूरती बनी रहे, इसमें पूरा सहयोग करें। आपके सहयोग से ही पार्क का रख-रखाव बेहतर तरीके से संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इस पार्क में जल्द कई और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पार्क में बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

## सीएम आज पलामू में 5 हजार युवाओं को देंगे ऑफर लेटर

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर मेदिनीनगर शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में तैयारी जोर शोर से चल रही है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, एसडीएम अनुराग तिवारी ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को पलामू आयेंगे। मेदिनीनगर में बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑफर लेटर देंगे। पलामू प्रमंडल अंतर्गत कौशल विकास के तहत चार हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौपेंगे। वहीं नियोजन विभाग के तहत 600 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। आयोजन स्थल पर तैयारी तेजी से चल रही है। भवन निर्माण के अभियंता जहां स्टेज को फाइनल टच दे रहे हैं। वहीं नगर निगम की ओर से साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरक्षा की कमान जिले की एसपी रीष्मा रमेशन संभाल रखी हैं। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने तैयारी के मद्देनजर कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा चियांकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतू निर्देशित किया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने रूट लाइटिंग, सेफ हाउस, टैजफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, वाहन पार्किंग, विधि व्यवस्था सहित अन्य विन्दुओं पर कई निर्देश दिए। इधर, आयोजन स्थल की सुरक्षा के लिए 3100 जवानों को लगाया गया है, जबकि चार डीएसपी और 150 सब इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। इस आयोजन में लगभग 8 हजार लोग भाग लेंगे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नक्सलवाद से लड़ाई में कर्जदार हुआ झारखंड

## सीआरपीएफ का राज्य पर 11,348 करोड़ बकाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती के एवज में बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) ने राज्य सरकार पर 11 हजार 348 करोड़ 58 लाख रुपए की दावेदारी की है। पिछले साल राज्य सरकार ने सीआरपीएफ को बकाया मद में 1,700 करोड़ का भुगतान किया था। राज्य सरकार के गृहकारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस संबंध में पत्र लिखकर केंद्रीय बलों की तैनाती, अब तक किए गए भुगतान और बकाया आदि का पूरा ब्योरा मांगा है, ताकि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## देवघर, गोड्डा के बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आईटी का छापा, योगेंद्र तिवारी से जुड़े हैं तार

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

देवघर और गोड्डा जिले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सोमवार सुबह से दो दर्जन ठिकानों पर रेड शुरू की है। जिन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वे जमीन, रियल इस्टेट, हॉस्पिटल, होटल आदि के कारोबार से जुड़े हैं। इनमें से कुछ ने शराब के धंधे में भी निवेश किया है।

देवघर के पूर्व मेयर राजनारायण उर्फ बबलू खवाड़े, झामुमो नेता नंदकिशोर दास, कॉन्ट्रेक्टर मुकेश बजाज, जमीन कारोबारी बृजेश राय, रियल एस्टेट कारोबारी संजय मालवीय सहित कई अन्य लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर पटना और धनबाद से पहुंचीं आईटी की टीमें एक साथ छापेमारी में जुटी हैं। बताया जा रहा है कि शराब घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए योगेंद्र तिवारी से पिछले दस दिनों से चल रही पूछताछ में अवैध और अघोषित निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं और इसके इनपुट आईटी डिपार्टमेंट को भी हासिल हुए हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## सड़क दुर्घटना में डीसी के बॉडीगार्ड की हुई मौत

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के पावरगंज चौक के समीप हुई सड़क दुर्घटना में डीसी के बॉडीगार्ड की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार सुबज करीब सात बजे डीसी का बॉडीगार्ड हवलदार मरियानुश किंडो ड्यूटी पर जा रहा था। इसी क्रम में अनियंत्रित स्कूली बस की चपेट में आने से हवलदार की मौके पर ही मौत हो गई। हवलदार अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार था। हवलदार मरियानुश किंडो गुमला जिले के घाघरा के लुदको गांव निवासी डोमनिक किंडो का पुत्र था।

### अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के पहले बनेगा विश्व रिकार्ड

# 75 करोड़ हिन्दुओं को मिलेगा निमंत्रण पत्र

### चार नवम्बर को देशभर से 200 कार्यकर्ता पहुंचेंगे अयोध्या

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन पांच करोड़ घरों में मनेंगे दीवाली

**एजेंसी। वाराणसी**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य व दिव्य मंदिर में श्रीराम लला की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा के पहले ही विश्व रिकार्ड बनेगा। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी, 2024 के पहले विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में 01 से 15 जनवरी, 2024 तक व्यापक गृह सम्पर्क एवं जन सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। जो अब-तक सबसे बड़ा जन सम्पर्क अभियान होगा।



इस अभियान के जरिये पूजित अक्षत लेकर कार्यकर्ता हर गांव मोहल्ले एवं बस्तियों में संपर्क कर सभी को अयोध्या पहुंचने का औपचारिक निमंत्रण देंगे। सूत्र बताते हैं कि इस अभियान के जरिये पांच लाख गांवों तक करीब 75 करोड़ हिन्दुओं एवं विभिन्न पंथ एवं सम्प्रदायों तक संघ परिवार एवं समाज के लोग अयोध्या आने का निमंत्रण देंगे।

अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मंदिर में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संघ विचार परिवार ने तैयार शुरू कर दी है। 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न होने वाले ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में विस्तृत कार्य योजना भी तैयारी की गई है। विचार परिवार के 40 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों को तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री एवं विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने कोईराजपुर शिवपुर स्थित एक विद्यालय परिसर में बीते रविवार को मैराथन बैठक कर चार अलग-अलग सत्रों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए रणनीति तैयार की। पदाधिकारियों को चंपत राय ने पूरे 45 दिन तक चलने वाले महाअभियान की चरण बद्ध ढंग से विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में तय योजना के अनुसार 4 नवंबर, 2023 को देशभर से सभी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी,आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत एवं मुख्यमंत्री योगी रहेंगे मौजूद

उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में कश्मीर से कन्याकुमारी तक के 140 संप्रदायों के साधु संत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,आरएसएस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अयोध्या आंदोलन में प्राण गवाने वालों के परिजन,विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां अर्जित करने वाले समाज के विशिष्ट नागरिक उपस्थित होंगे।

### अबुआ आवास योजना

## 8 लाख जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध करवाएगी राज्य सरकार, पोर्टल तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के करीब आठ लाख गरीब लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए ग्रामीण विकास विभाग एक पोर्टल तैयार हो चुका है। इसे जैप आइटी के सहयोग से विकसित किया गया है। अगले तीन वर्ष में लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवाएगी। अबुआ आवास योजना के पात्र राज्य के वैसे सभी लोग होंगे, जो कच्चे मकान में रह रहे हैं।

योजना के लाभुकों के चयन की प्रक्रिया राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर से शुरू की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में नये आवासों की स्वीकृति नहीं मिली। इसको लेकर राज्य और केंद्र सरकार के बीच कई बार बातचीत भी हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की वित्तीय भागीदारी 40 प्रतिशत होती थी। इसके बाद राज्य सरकार ने अपने वित्तीय स्रोत से अबुआ आवास योजना के तहत 2023-24 में दो लाख परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया है। अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरे के मकान के लिए प्रति आवास राज्य सरकार दो लाख रुपये लाभुकों को देगी। इस वित्तीय वर्ष में भी दो लाख आवास 31 मार्च 2024 तक स्वीकृत कर दिए जाएंगे। इसमें करीब 4106.67 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,50,000 इकाई आवास निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी, जिसमें 7106.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, 2025-26 में 2,50,000 इकाई आवास स्वीकृत होंगे, जिसमें 5106.96 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यानी अगामी तीन वर्षो में 16 हजार करोड़ से अधिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## गागर में सागर

### दीनानाथ पांडे की जयंती पर विधायक सरयू राय ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के दो बार विधायक रहे दीनानाथ पांडे की आज जयंती है. इसको लेकर वर्तमान विधायक सरयू राय ने टेल्को लक्ष्मी नगर स्थित दीनदयाल भवन के बाहर स्थापित दीनानाथ पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. सरयू राय ने दीनानाथ पांडे के जीवनी को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की सीख लेने की अपील की. बता दें कि दीनानाथ पांडे ने ही पहली बार जमशेदपुर में बीजेपी का झंडा बुलंद किया था और ताउम्र भाजपा के लिए काम करते रहे.

### बोकारोः नशे में धुत युवकों ने की छेड़खानी, जमकर पिटाई

**बोकारो।** जिले के गोमियां स्थित प्लस टू हाई स्कूल की लड़कियों से नशे में धुत दो मनचले युवक छेड़खानी करने लगे. बात बढ़ता देख कुछ अन्य लड़कियों ने दौड़कर इस बात की सूचना स्कूल प्रबंधन को दी. स्कूल प्रबंधन तुरंत स्कूल के बाहर आकर दोनों युवकों को पकड लिया, इस दौरान अगल-बगल के कुछ ग्रामीण भी इकट्ठे हो गए और उन दोनों की जमकर पिटाई कर दी. बताया जा रहा कि दोनों युवक गोमिया के ही रहने वाले हैं. सूचना मिलते ही गोमियां थाना पुलिस सदल-बल मौके पर पहुंचकर दोनों को अपने साथ पकड़ कर थाने ले आई. वहीं लड़कियों ने बताया कि स्कूल आते वक्त दोनों युवक बदतमीजी पर उतर आए और तरह-तरह की बातें करने लगे. वहीं स्कूल प्रबंधन ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की हरकतों से कैसे यहां बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आएंगे. उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस संबंध में संज्ञान लेने का आग्रह किया है.

### बोकारो : ट्रेन की चपेट में आकर बीसीसीएल कर्मी की मौत

**बोकारो।** जिले के सियालजोरी थाना क्षेत्र स्थित बूढ़ी बिनोर गांव निवासी व बीसीसीएल कर्मी सुकर महतो (39 वर्षीय) की आज सोमवार सुबह ट्रेन की चपेट आकर मौत हो गयी. यह घटना आद्रा रेल मंडल के टीटी लाइन में पोल संख्या 329 टीटी7 और 329 टीटी9 के बीच घटी है. जानकारी के अनुसार, सुकर महतो तलगड़िया से बांधडीह रेलवे लाइन के बीच मवेशी चरा रहे थे. इसी बीच वो ट्रेन की चपेट आ गये और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी. सूचना के बाद सुकर महतो के परिजन व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे. सुकर महतो के बेटे रवींद्रनाथ महतो ने सियालजोरी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार को लिखित आवेदन दिया. इसके बाद आद्रा रेल मंडल के बोकारो आरपीएफ की पुलिस बल सहित स्थानीय सियालजोरी थाना प्रशासन पहुंची और पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.

### बीडीओ युनिका शर्मा को मिला सीओ का अतरिक्त प्रभार



**घाटशिला।** प्रखंड विकास पदाधिकारी घाटशिला युनिका शर्मा को अंचल अधिकारी घाटशिला का अतिरिक्त प्रभार मिला है. रविवार को ही अंचलाधिकारी राजीव कुमार ने पदभार सौंप दिया था. राजीव कुमार को डीसीएलआर के रूप पदोन्नति करते हुए स्थानांतरण किया गया है. प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी का प्रभार मिला है. प्राथमिकता के आधार पर लोगों के कार्यों का निष्पादन करने का प्रयास करेंगे. इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है. ज्ञात हो कि बीडीओ के पास पूर्व से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार है. उन्होंने इसी माह प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण की है.

### स्नान करने के दौरान युवक बाथरूम में गिरा, अस्पताल में मौत

**घाटशिला।** मऊभंडार ओपी क्षेत्र अंतर्गत ए ब्लॉक निवासी 43 साल के लिंगेश्वरन मुदलियार सोमवार को बाथरूम में स्नान करने के दौरान अचानक गिर गया. परिवार वाले उसे लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के संबंध में चचेरे भाई भास्करन मुदलियार ने बताया कि घर के बाथरूम में स्नान करने गया था. अचानक क्या हुआ किसी को कुछ जानकारी नहीं है. बाथरूम में गिरने की आवाज सुनकर पत्नी तथा दो बच्चे दौड़कर पहुंचे, देखा वह गिरा पड़ा था. उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी थी. काफी खून बह रहा था. सूचना पर ओपी प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया.

## धनबाद प्री पब्लिसिटी में रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, प्राचार्य बोले

# प्रतियोगिता में भाग लेकर अभियान से प्रेरणा लें छात्र




**नवीन मेल संवाददाता**

धनबाद। भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को जिले के झरिया प्रखंड के गुजराती उच्च/ मध्य विद्यालय में किया जा रहा है। विधायक, झरिया पूर्णिमा नीरज सिंह का इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित है। एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता के लिए आज केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया, जिसमें गुजराती उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय, झरिया, धनबाद के छात्र छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान गुजराती उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अहम भूमिका निभाई। मैं विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर इस अभियान से प्रेरणा लें। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पांडेय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व और राष्ट्र को एकीकृत करने में लौह पुरुष सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान से सभी का परिचय कराया। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में गुजराती उच्च विद्यालय से पेंटिंग के विजेता दसवीं कक्षा के पीयूष कुमार रहे, वहीं रंगोली प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की मुस्कान कुमारी सिंह ने प्रथम स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की शांभवी झा ने प्रथम स्थान पाया। मध्य विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा कल मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विभाग से जुड़े आरोही कला दल के कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आज




## कथारा महाप्रबंधक ने सतर्कता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में आज सोमवार को सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया. महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने सतर्कता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर उपस्थित अधिकारियों व सीसीएल कर्मियों ने संयुक्त रूप से भष्ट्राचार मुक्त भारत निर्माण की शपथ ली. भ्रष्टाचार को ना कहें और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे की बात कही. जीएम डीके गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने की जरुरत है. अपने आस-पास भी हो रहे भ्रष्टाचार का विरोध करें. मौके पर एसओपी भरत जी ठाकुर, सीएसआर उपप्रबंधक चन्दन कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे. बताते चले कि सीसीएल के तमाम क्षेत्रों में 16 अगस्त से 15 नवंबर तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है. इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी क्रम में कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में आज सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन कर जागरुकता रथ को रवाना किया गया.

### ड्यूटी का घंटा बढ़ाए जाने पर लोको पायलटों ने स्टेशन पर किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** रेलवे सेफ्टी नियम के खिलाफ ड्यूटी का घंटा बढ़ाने से आक्रोशित लोको पायलटों ने सोमवार को टाटानगर स्टेशन परिसर स्थित गार्ड एवं क्रू लॉबी के बाहर जमकर प्रदर्शन किया. लोको पायलट ड्यूटी का घंटा बढ़ाने का विरोध कर रहे थे. ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने बताया कि रेलवे दिनों दिन मनमानी कर रही है. ड्यूटी समय में बदलाव से मालगाड़ियों और एक्सप्रेस ट्रेनों में ड्यूटी करने वाले लोको पायलटों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. ओवरटाइम व नाइट ड्यूटी सभी तरह के आदेश में विरोधाभास है. रेलवे को तत्काल व्यवस्था में सुधार करनी चाहिए. मालूम हो की रेल चक्रधरपुर मंडल रेल मुख्यालय से कुछ दिनों पूर्व रनिंग कर्मचारियों के लिए नया गाइडलाइन जारी हुआ था, जिसको लेकर लोको पायलटों में आक्रोश है.

## बिश्रा स्टेशन में रेल चक्का जाम, यात्री परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चक्रधरपुर डिवीजन के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर बिश्रा स्टेशन में सोमवार सुबह 6:45 बजे से ग्रामीणों द्वारा रेल चक्का जाम कर दिया गया. रेल चक्का जाम अप और डाउन दोनों ही रेल पटरियों पर ग्रामीण धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं. गुड्स ट्रेनों एवं इस रूट पर यात्री ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है. इससे रेल यात्रियों के अलावा रेल प्रशासन को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है. उल्लेखनीय है कि बिश्रा स्टेशन में कोरोना काल से यात्री पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया है. इससे स्थानीय लोगों समेत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का अन्य शहरों से संपर्क टूट गया है. विदित हो कि बिश्रा स्टेशन पर यात्री पैसेंजर ट्रेनों का कोरोना काल के पहले से ही जो एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन का ठहराव है. उसी ट्रेनों की मांग ग्रामीण कर रहे हैं. ग्रामीणों द्वारा बिश्रा स्टेशन पर कोई अन्य नई ट्रेनों की मांग नहीं की जा रही है. लिहाजा कोरोना काल से बंद पड़े पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से रेल प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. वहीं रेल चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों ने रेल प्रशासन के इस रवैये से विरोध में जमकर नारेबाजी की. बिश्रा स्टेशन में पूर्व की तरह एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का पुनः ठहराव की जोरदार मांग की जा रही है. वहीं रेल चक्का जाम से हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर यात्री ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है. इस दौरान चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत चक्रधरपुर, मनोहरपुर व राउरकेला स्टेशनों में विभिन्न कोचिंग ट्रेनों को रोक दिया गया है. इससे रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं रेल चक्का जाम को लेकर रेल प्रशासन ने रेलवे सुरक्षा बलों को तैनात किया है.

### बेरमो : भाजपा नेता ने तीन गरीब बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया

**बोकारो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारीदह में पढ़ने वाले तीन गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का जिम्मा लिया. तीनों विद्यार्थी बेरमो विधान सभा क्षेत्र के चंद्रपुरा, टुपकाडीह और कुरपनिया इलाके के रहने वाले हैं. इनमें से एक बच्चे के पिता का निधन कुछ माह पूर्व सडक हादसे मे हो गया था. जबकि दो बच्चे अत्यंत गरीब परिवार से हैं. इस बात की जानकारी मिलने के बाद प्रकाश कुमार सिंह ने डीएवी भंडारीदह, बेरमो के प्रिंसिपल राजेश कुमार सिह से मुलाकात की और अपने निजी मद से एक लाख का चेक सौपा. इस अवसर पर प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो के गरीब बच्चों की शिक्षा पैसे के आभाव में बाधित नहीं होगी. बता दें कि भाजपा नेता ने निजी मद से अब तक बेरमो के कई बच्चों को सहयोग किया है. हाल हीं में बेरमो में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया था. जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए थे. इस अवसर पर भाजपा फुसरो मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी, जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय, नंदलाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे.

## जमशेदपुर : गोलमुरी जॉगर्स पार्क काली पूजा पंडाल का हुआ भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी के आकाशदीप प्लाजा से सटे जॉगर्स पार्क में नवयुवक चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाली काली पूजा पंडाल के लिए सोमवार को भूमि पूजन किया गया. इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन के साथ पंडाल अधिष्ठापना का कायारंभ हुआ. बतौर यजमान रामेश्वर कुमार, मनीष मिश्रा एवं कमेटी के अन्य सदस्यों ने पूजन किया. पुरोहित राकेश कुमार पांडे ने भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया. मालूम हो कि गोलमुरी जॉगर्स पार्क में वर्ष 1986 से लगातार भव्य काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है. मौके पर नवयुवक चेतना मंच के संयोजक अप्पू तिवारी ने बताया कि इस साल 11 नवंबर को पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा. मातृशक्ति द्वारा उद्घाटन संपन्न होगा और कमेटी के सदस्यों की माताएं उक्त पंडाल का उद्घाटन करेंगी. 12 नवंबर की मध्य रात्रि मां श्यामा काली की पूजा होगी. 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित शहर के गणमान्य और राजनीतिक दलों से संबद्ध नेताओं का जुटान होगा. तिवारी ने बताया कि लगभग तीन लाख की लागत से आकर्षक काल्पनिक पंडाल का निर्माण शहर के ही कारीगरों द्वारा की जायेगी. वहीं जॉगर्स पार्क एवं आसपास आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी. बच्चों के लिए विशेषकर मेला का आयोजन किया जाएगा. जिसमें मनोरंजक झूले सहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे. इस वर्ष पंडाल के समक्ष अस्थायी कृत्रिम घाट बनाकर छठ महापर्व के आयोजन पर विमर्श किया जा रहा है, जल्द ही निर्णय लेकर जरूरी तैयारियां शुरू कर दी जायेगी. अप्पू तिवारी ने कहा कि शहर के बड़े छठ घाटों पर अव्यवस्था और बदइंतजामी से छठ व्रतियों को अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. इस अवसर विशेष रूप से सत्येंद्र सिंह, उमेश प्रसाद, विजय सिंह, अप्पू तिवारी, पप्पू उपाध्याय, रामेश्वर कुमार, बिरेंद्र चौधरी, विशु सिंह, बिनोद सिंह, विद्या मिश्रा, रिषभ सिंह, कुमार अभिषेक, उमाशंकर सिंह, देवाशीष चौधरी, अशोक शर्मा, रिंकू सिंह, रंजीत सिंह, दीपक सिंह, सूरज ओझा, विवेक पांडेय, नरेंद्र सिंह पिंटू, जेपी सिंह, प्रवीण सिंह, एकलव्य सिंह, रौशन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

### कुसुंडा रेलवे साइडिंग : वर्चस्व को लेकर धनबाद में फिर बमबाजी, कर्मियों में दहशत का माहौल

**धनबाद।** केंदुआ थाना क्षेत्र के कुसुंडा रेलवे साइडिंग मे सोमवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने बमबाजी कर दहशत फैलाने प्रयास किया है. बम कुसुंडा रेलवे साइडिंग मे लगी हाइवा वाहन पर लगा जिससे हाइवा का शीशा फूट गया. हालांकि बमबाजी से कोई हताहत नही हुआ. वहीं इस हादसे से साइडिंग मे कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल है. मौके पर मौजूद लोडिंग बाबू बिपिन कुमार ने बताया कि कुछ अज्ञात लोग आए और दहशत फैलने की नीयत से बमबाजी किया. घटना के संबंध में सीआईएसएफ और पुलिस कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है. बताया जा रहा कि साइडिंग में वर्चस्व कायम करने को लेकर बमबाजी की गई है.

### अवैध लोहा लदा पिकअप वैन जब्त

**बोकारो।** कथारा ओपी थाना क्षेत्र के असनापानी गांव के समीप रेलवे ट्रैक के पास से एक अवैध लोहा लदा पिकअप वैन को कथारा ओपी पुलिस ने जब्त किया है. मामले को लेकर कथारा ओपी थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई. छापामारी के दौरान अवैध लोहा लदा पिकअप वैन वाहन को जब्त किया गया. लेकिन पुलिस को आते देख चोर भागने में सफल रहे. वाहन के मालिक पर मामला दर्ज किया जा रहा है और संलिप्त धंधेबाजों की तलाश की जा रही है. ज्ञात हो कि जिला के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध लोहा, अवैध कोयला एवं अवैध बालू की चोरी जारी है.

# संजीव सिंह ने मांगी अंतरिम जमानत कोर्ट ने तलब की स्वास्थ्य रिपोर्ट

### नीरज हत्याकांड



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई की हत्या के षड्यंत्र में छह वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने एक बार फिर अदालत से जमानत की गुहार लगाई है. इस मामले में कोर्ट ने स्वास्थ्य रिपोर्ट तलब की है. इसके पूर्व संजीव की जमानत अर्जी तीन बार निचली अदालत से व दो बार उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी है. सोमवार को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में जमानत अर्जी पर दलील देते हुए अधिवक्ता मो. जावेद ने कहा कि संजीव सिंह सात विभिन्न प्रकार की बीमारियों, मानसिक अस्वस्थता, हृदय रोग व शरीर के बाएं हिस्से में दर्द जिसे एक प्रकार का लकवा का लक्षण कहा जाता है के अलावा भूल जाने, डिमेंशिया व अन्य प्रकार के रोग से ग्रसित हैं. जिनका इलाज धनबाद और रांची के रिम्स में नहीं हो पा रहा है. तबीयत काफी खराब होने के कारण 11 जुलाई 2023 को संजीव सिंह को जेल प्रशासन ने एसएनएमसीएच अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया था. जिसके बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 11 अगस्त 23 को रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया. रांची रिम्स की आठ सदस्यीय बोर्ड ने 14 अगस्त 2023 को संजीव को बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की थी. जिसके आलोक में अदालत में जेल प्रशासन को उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया गया था. बावजूद इसके अब तक संजीव सिंह को एम्स दिल्ली इलाज के लिए नहीं भेजा गया है. जिस कारण संजीव की स्थिति लगातार बिगड़ते जा रही है. वह बेड से भी नहीं उठ पा रहे हैं. लिहाजा उन्हें अपने खर्चे पर भारत के किसी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में इलाज कराने के लिए अंतरिम जमानत दी जाए. अधिवक्ता जावेद ने इस बाबत सत्येंद्र जैन के मामले में पारित सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का भी हवाला दिया और कहा कि उचित इलाज हर व्यक्ति का अधिकार है. जमानत अर्जी का विरोध सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश ने किया.

### मचा हड़कंप | टाटा मोटर्स ने कर्मचारियों को क्वार्टर खाली करने का दिया नोटिस

# ‘30 दिनों के अंदर क्वार्टर खाली करें’




**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स प्रबंधन ने टेल्को कॉलोनी स्थित आजाद मार्केट के आसपास के 150 कंपनी क्वार्टरों को तोड़ने को लेकर कर्मचारियों को क्वार्टर को खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है. नोटिस में कहा गया कि पुराना क्वार्टर होने की वजह से प्लास्टर,कंक्रीट अचानक गिरने की आशंका को देखते हुए इन आवास को असुरक्षित घोषित किया गया है. वहीं दीवाली व छठ पूजा के बीच टाउन प्रशासन द्वारा जारी किए गए नोटिस से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है. हाल ही में दूसरी जगह से यहां शिफ्ट करने वाले कर्मचारी ज्यादा परेशान दिख रहे हैं. छठ पूजा को लेकर जिन कर्मचारियों ने अपने घर की रंगाई-पुताई कराई है, अब वे क्वार्टर छोड़ने में परेशानी महसूस कर रहे हैं. प्रबंधन द्वारा इन क्वार्टरों को रहने के लिए खतरनाक बताया है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से कर्मचारियों को क्वार्टर खाली करने को कहा गया है. इन क्वार्टरों को प्रबंधन ने चिह्नित कर तोड़ने की योजना बनाई है. नोटिस में कर्मचारियों को सात दिन में दूसरी जगह वैकल्पिक आवास का चयन करने के लिए नगर प्रशासन विभाग से संपर्क करने के लिए कहा गया है. प्रबंधन ने कर्मचारियों को 30 दिन के अंदर आवास खाली करने को कहा है. इस संबंध में कंपनी प्रबंधन ने बताया कि ये क्वार्टर काफी पुराने है एवं रहने के लिए असुरक्षित है. वहीं टाटा मोटर्स में कर्मचारियों के कम होने के कारण इस क्षेत्र में कई क्वार्टर खाली पड़े हुए हैं. जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. इसलिए इन क्वार्टरों को सुरक्षा के दृष्टि से खतरनाक घोषित करते हुए तोड़ने का निर्णय लिया गया है. वहीं इन क्वार्टरों में रहने वालों कर्मचारियों को इससे बड़े क्वार्टर दिया जा रहा है. यह कंपनी का रुटीन कार्य है. इसमें कुछ भी नया नहीं है.

## गागर में सागर

### बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए पुलिस ने ली शपथ



**रांची।** जगन्नाथपुर और पुंदाग ओपी परिसर में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने शपथ लिया कि वो अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही मंदिर,मस्जिद,गिरजाघर में बाल विवाह मुक्त रखने में सहयोग करेंगे । इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर बैद्यनाथ कुमार, अंशु कुमारी, चंदन कुमार, अनुज शर्मा, रेखा कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक आज से

**रांची।** माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को होगी। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में झारखंड के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में बढ़ती महंगाई और रोजगार सृजन की मांग को लेकर पार्टी की ओर से चलाए गए राज्यव्यापी आंदोलन की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही किसान और मजदूर संगठनों की ओर से आगामी 26 से 28 नवम्बर तक राजभवन के बाहर आयोजित तीन दिवसीय महापड़ाव के समर्थन का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात भी उपस्थित रहेंगी।

### सरकार को भ्रष्ट बता रहे हैं खुद झामुमो के विधायक : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को कहा कि विपक्ष के बाद अब तो सत्ताधारी दल के विधायक भी उनकी सरकार को भ्रष्ट और दलालों से घिरा हुआ बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर युवाओं के सपनों को तोड़ने का आरोप लगाया, कहा कि स्थानीयता के नाम पर उन्होंने अर्जुन मुंडा की सरकार से समर्थन वापस लिया था, लेकिन 4 वर्ष तक झुनझुना बजाते रहे। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि लोबिन हेंब्रम का यह कहना बिल्कुल जायज है कि यह सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है।इससे पहले भी झामुमो की वरिष्ठ विधायक सीता सोरेन अपनी सरकार के कार्यकाल में ही संथाल परगना में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन के रैकेट चलाने का आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, जनता के साथ-साथ अब सत्ताधारी दल के विधायकों को भी पता चल रहा है कि इस भ्रष्ट सरकार का जाना तय है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री और पूरी झारखंड मुक्ति मोर्चा का लोबिन हेंब्रम के आरोपों पर मौन धारण कर लेना सारी सच्चाई बयां कर रहा है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस व स्वच्छता के तहत चित्रांकण प्रतियोगिता सराहनीय : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा जिले के पिस्का नगडी प्रखंड स्थित सीक्रेट मिशन उच्च विद्यालय में स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस ह अभियान के तहत चित्रांकन निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम हुआ। इस मौके उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य बबीता कुमारी ने कहा कि आज हमलोग भाई पटेल की जयंती के अवसर पर स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम किया, जिससे हम सभी को स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के प्रति जानकारी छात्र/छात्राओं को इस विभाग की ओर से मिला। जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हुई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करनी चाहिए ताकि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छ एवं कचरा मुक्त भारत का सपना पूरा होगा और हमारा देश स्वच्छ और सुन्दर बनेगा। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ शिक्षिका रेनू सुमन देवी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा भारत सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी और लोग स्वच्छता के महत्व को समझेंगे। साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में महत्व को समझेंगे। वहीं दूसरी ओर राजकीय कृत मध्य विद्यालय पिस्का नगड़ी रांची में राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंसारी ने कहा की राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिए तथा लोगों को इस दिवस को पर्व की तरह मनाना चाहिए। दुमका इकाई के तकनीकी सहायक अधिकारी एम के आलम ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2023 मंच पर मुख्य अतिथि/स्थानीय अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किए जाएंगे।

**तीन दिवसीय कार्यक्रम में लोकगीत एंड नाटक का भी आयोजन :** है जिससे लोगो में जागरूकता फैलाया जाए।कार्यक्रम में तरह तरह के स्टॉल की भी पर्देशनी लगाई जायेगी जैसै केंद्रीय विद्यालय संगठन, इग्नू स्टॉल, एड्स सोसायटी इंडिया , ट्राई फेयर आदि जो लोगो को जानकारीया प्रदान करेंगे। मुख अतिथि में विधायक नवीन जैशवाल, सीपी सिंह, राजसभा सांसद महुआ माझी, सांसद संजय सेठ आयेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय संसार ब्यूरो तथा पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवम प्रसरण मंत्रयाल भारत सरकार झारखंड के अपर महानिदेशक निखिल कुमार मिश्रा भी रहेंगे।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं, दिए निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों का जन-सुनवाई कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन, रांची में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनके निराकरण के लिए अधिनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई निर्देश दिये। फरियादियों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। इस जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, हजारीबाग, लातेहार, गुमला, गिरिडीह गोड्डा, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, भूमि मामले, हैण्ड पम्प, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, व्हील चेयर, प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांसफार्मर लगाने, नाली निर्माण, विधवा महिलाओं को भीम राव अंबेड़कर आवास आवंटन करने, पारिवारिक मामले, छात्रावास निर्माण, जल मिनार मरम्मत के संदर्भ में मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

### अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनें कल करेंगी करवा चौथ का व्रत



**रांची।** करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिला अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। महिलाएं करवा चौथ के दिन कठिन उपवास रखती है और चांद के निकलने तक पानी की एक बूंद भी ग्रहण नहीं करती हैं। दिनभर व्रत पर रहने के बाद रात में चौथ का चांद देखने के बाद चलनी में पति का चेहरा कर ही महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। पंडित राजेंद्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि पंचांग के अनुसार एक नवम्बर को करवा चौथ मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि करवाचौथ एक सांध्य ब्यापनी व्रत है। जिस दिन सांध्य को चौथ पड़ेगा, उसी भी दिन यह व्रत होगा। ऋषिकेश पंचांग के चंद्रदर्शन रात 8 बजे है। इसलिए 9.30 बजे रात तक चंद्रमा का पूजन और अर्घ्य कार्यक्रम किया जाएगा। कुछ जगहों पर पति-पत्नी एक साथ मिलकर व्रत करते हैं और साथ मिलकर व्रत तोड़ते हैं।

## डीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी बीडीओ के साथ की बैठक

# सड़क को दुरुस्त करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' से सम्बंधित बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, प्रवीण प्रकाश भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गों का चयन को लेकर सभी सम्बंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा की राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है। ताकि, दूर दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। इसके लिए अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन, ग्रामीण क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों को ध्यान में रखकर रूट बनाने का को कहा गया।

**सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का चयन करने के निर्देश :** उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निर्देश देते हुए कहा की मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें। ताकि इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सम्बंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना उपयोगिता बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस योजना के तहत संचालित बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि कोई भी वाहन संचालक इसका नाजायज लाभ नहीं ले सके । उपायुक्त ने कहा की इस योजना के शुरू हो जाने से राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन में ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी वे एक जगह से दूसरी जगह आसानी से आवागमन काफी कम शुल्क में कर पाएंगे एवं इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र 1 रुपए के शुल्क में मार्ग कर, परमिट शुल्क, वाहन निबंधन शुल्क देना होगा। जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, प्रवीण प्रकाश द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इस योजना सम्बंधित कई जानकारी देते हुए कहा की सभी इसके लिए जल्द से जल्द रूट निर्धारित करें ताकि 15 नवम्बर 2023 को यह योजना शुरू हो सकें। आपको जानकारी हो की मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना में नई गाड़ियों का परिचालन होना हैं, जिसमें 07- सीटर एवं 42 सीटर वाहन हो सकते है।

## माहेश्वरी भवन में सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# 'मैं भारत हूं' फाउंडेशन का झारखंड में शीघ्र होगा गठन : बिजय जैन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माहेश्वरी भवन के कार्यालय मे एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में श्री माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला सभा एवं माहेश्वरी युवा संगठन के पदाधिकारियों ने मैं भारत हूँ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार जैन, राष्ट्रीय महामंत्री शोभा सादानी एवं कोषाध्यक्ष निशा लढ्ढा को पुष्प गुच्छ, श्रीफल देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार जैन ने श्री माहेश्वरी सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों से मैं भारत हूं फाउंडेशन का लगातार प्रयास रहा है कि हमारे देश का नाम एक ही रहे भारत, तथा भारत को केवल भारत ही बोला जाना चाहिए। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश के सभी राज्यों में लोगों से संपर्क कर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कई राज्यों में मैं भारत हूं फाउंडेशन का गठन भी कर लिया गया है तथा झारखंड में भी फाउंडेशन का शीघ्र ही गठन किया जाएगा। संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के हर गलियों में रथ यात्रा निकाली गई एवं भारत की राजधानी दिल्ली में जन-जन तक अभियान को पहुंचाने के लिए भारत मां के रथ के साथ लोगों से संपर्क किया गया। कार्यक्रम मे-श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, किशोर मंत्री, शिव शंकर साबू, मुकेश काबरा, महावीर सोमानी, गोवर्धन भाला, सुमन चितलांगिया, विनय साबू के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यों ने ली सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल में 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को अंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह द्वारा अंचलिक कार्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। आंचलिक प्रबंधक ने बताया कि अंचल के अंतर्गत आने वाली सभी 111 शाखाओं में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शाखाओं के साथ-साथ विभिन्न स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों में भी आमजन में सतर्कता के प्रति जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, मानव श्रृंखला का निर्माण, जागरूकता रैली, ग्राम सभा इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के हर तबके को जागरूक किया जायेगा। इस खास अवसर पर संजीव कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रपति का, सुनीत कुमार, उप अंचलिक प्रबंधक (व) द्वारा उपराष्ट्रपति का और दिनेश कुमार यादव, सतर्कता अधिकारी द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी संदेशों का वाचन किया गया।आम जन को सतर्कता एवं भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनायी गयी।

## रांची विवि के आर्य भट्ट सभागार में इंटर कॉलेज योगासन कार्यक्रम संपन्न

# इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में आता है निखार : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय महिला एवं पुरुष के इंटर कॉलेज योगासन प्रतियोगिता 2023 संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अजीत कुमार तथा डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर डॉक्टर सुदेश कुमार साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति महोदय विद्यार्थी व प्रतिभागियों को आशीर्वचन देकर शुभकामनाएं दी। डीएसडब्ल्यू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बच्चों को ईमानदारी से योग युक्त जीवन की प्रेरणा प्रदान किया। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर मधुलिका वर्मा ने सभी अतिथियों को व प्रतिभागियों को स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रतिभागियों को अपनी शुभकामना प्रदान की। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची विश्वविद्यालय के नियुक्त निर्णायक मंडली ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया विजेता प्रतिभागी के नाम इस प्रकार हैं : पुरुष वर्ग-रोहित कुमार, अभिषेक राम, आशीष रंजन, ऋतिक कुमार सोनी, अंशु कुमार, तुषार पंडित, एमडी दानिश।

महिला वर्ग- नीलांजना कुमारी, आकांक्षा कुमारी पम्मी कुमारी, कोमल रे, अंबिका कुमारी, निधि कुमारी, मौसम अरमान। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के समन्वयक डॉक्टर गुरु चरण साहू जी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान किए।

## सम्मानित | वेटनरी कॉलेज में तीन दिवसीय वेट उत्सव 2023 का हुआ समापन

# प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 'वेट उत्सव 2023' सोमवार को संपन्न हो गया। बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। बीएयू के कुलसचिव डॉ. एमएस मलिक तथा निदेशक छात्र कल्याण डॉ. बीके अग्रवाल ने विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। अध्यक्षता पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ. सुशील प्रसाद ने की। कार्यक्रम का समन्वयन कॉलेज के वार्डन डॉ. प्रवीण कुमार ने किया।

क्विज प्रतियोगिता में विंकल, अंजना कुमारी (दोनों चतुर्थ वर्ष), अंशिका सिसोदिया (तृतीय वर्ष) तथा सरफराज उस्मानी (द्वितीय वर्ष) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंशु कुणाल, मो. जाहिद उल हक, शशांक कुमार शिवम तथा सचिन कुमार की टीम द्वितीय स्थान पर रही जबकि गौरव रंजन, प्रियांशु कुमार, जय किशन और सुखदेव कुमार की टीम तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कॉलेज में इसी वर्ष प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों- सिद्धार्थ, निशा रवानी और पंकज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया क अन्य प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहेः पोस्टर मेकिंग एंड फोटोग्राफीः निशा रवानी- प्रथम, अदिति वर्मा- द्वितीय, अनन्या कुमारी झतृतीय तथा सत्यजीत प्रसाद और हर्ष दर्शन सांत्वना पुरस्कार।

रंगोलीः रिमिल एंड ग्रुप प्रथम, दीप्ति गाड़ी एंड ग्रुप द्वितीय तथा नम्रता एंड ग्रुप तृतीय।

**ऑन द स्पॉट पेंटिंगः** रिमिल बोदरा प्रथम, अलीशा खलखो द्वितीय, प्रतिभा आर टोप्पो तृतीय तथा साईका सोनल सांत्वना।

**एकल गायनः** अंकिता गुप्ता प्रथम, आकांक्षा कुमारी द्वितीय तथा गौरव तृतीय।

**एकल नृत्यः** ममता प्रथम, सोनल द्वितीय तथा एवेंजेलिन तृतीय।


**बैडमिंटनः** पुरुष युगल- मो आरिफ अली और बिश्वास बिरुली विजेता तथा विवेक कुमार मेहता एवं शीतल उरांव रनर।

**बैडमिंटनः** मिश्रित युगल- आकांक्षा श्रीवास्तव एवं अमर चंद विजेता तथा विवेक कुमार मेहता और श्रुति मिश्र रनर। टग ऑफ वार में बैच 2021 के विद्यार्थी प्रथम 2022 के द्वितीय तथा 2023 के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। मिनी मैराथन (5 किमी रेस) में लड़कों के वर्ग में रिंकू कुमार पंडित प्रथम, अचिन्त्य सुमन सिंकू द्वितीय और विकास कुमार पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे जबकि लड़कियों के वर्ग में खुशबु सोरेंग प्रथम, नूतन द्वितीय तथा अदिति मुर्मू तृतीय स्थान पर रहीं। आयोजन की सफलता में विभिन्न समितियों से जुड़े शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक नवीन जैन ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चुना गया विषय ह्भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्रीय की प्रति समरप्रीत रहेंह्व है। कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया और केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 30 अक्टूबर से पांच नवंबर 2023 तक मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के लिए समूह चर्चा, स्कूली बच्चों के लिए भाषण और निवारक सतर्कता कार्यशाला जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिस बच्चों में जागरूकता पैदा होगी और शिक्षा का विकास होगा।

# 22 नवंबर को होने वाली जलसा की कामयाबी को लेकर बुलाई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची इलाही नगर जाकिर कालोनी के मदरसा अनवार ए सहाबा में आगामी 22 नवंबर रात्रि 8 बजे जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन किया जायेगा। इसके तैयारी के लिए आज मदरसा अनवारे सहाबा में इलाही नगर जाकिर कालोनी के मुस्लिम बुद्धिजीवियों की एक बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। जलसा में मदरसा में शिक्षा हासिल कर रहे 11 छात्रों को हाफिज की डिग्री दी जायेगी। इसके लिए दस्तारबंदी किया जाएगा। जलसा में देश के कई बड़े आलिम की तकरीर होगी। मुस्लिमों में शिक्षा का विस्तार कैसे हो इस पर बल दिया जायेगा। जलसा में हजरत मौलाना कारी अहमद अली सूरत गुजरात, हजरत मौलाना मुफ्ती अनवर कासमी काजी इमारत शरिया रांची, हजरत मौलाना एकरामुल हक लोहरदगा, मुफ्ती मोहम्मद राशिद, और जलसे की शुरूआत झारखंड के मकबूल कारी कुरान जनाब कारी सोहेब अहमद करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्जनों मदरसा के सरपरस्त सह मस्जिद तैयब के खतीब हजरत मुफ्ती मोहम्मद सलमान कासमी करेंगे। मदरसा के प्रिंसिपल कारी खुर्शीद आलम ने बताया कि इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय शायर शाबान दिल खैराबादी भी जलसा में आने की अनुमति दे दी है।

### कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में ऐतिहासिक परंपरागत इंद मेला का आयोजन

# 'संस्कृति को बचाना हमारी जिम्मेदारी'



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में ऐतेहासिक परंपरागत इंद मेला का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशोर सुरीन प्रोफेसर रांची कॉलेज रांची व पूर्व मंत्री एनोस एक्का, वहीं विशिष्ट अतिथि सुजान मुंडा, फुलकेरिया डांग, अजीत टोपनो व बिरजो कंडुलना शामिल हुए। मेले का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया । साथ ही उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर किशोर सुरीन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन से एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। वही अपने परंपरा रीति रिवाज व संस्कृति को देखने व जिंदा रखने की भी प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन से लोगों का मनोरंजन भी होता है। समाज को एकजुट करना है, समाज की एकता जाति हित में बहुत जरूरी है। इंद्र भगवान की पूजा अर्चना और क्षेत्र में अच्छी फसल के लिए धन्यवाद अर्पित किया गया पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा इस कार्यक्रम का आयोजित करने वाले समिति के बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं। इनके कारण हमारे संस्कृति और परंपरा अभी भी जीवित हैं। इस इंद मेला में हम इंद्र देव की पूजा करते हैं। भगवान सबके हैं हम इंद्रदेव का नमन करते हैं उनकी कृपा से हमारे धरती में अच्छी वर्षा होती है जिससे किसानों की फसलों की अच्छी उपज होती है। हम जाति धर्म की राजनीति नहीं करते हमारे लिए सभी धर्म एक समान है। सभी देवी देवता पूजनीय है। ईंद मेला का आयोजन बहुत ही सुखद है यह न सिर्फ लोगों के आपस में जोड़ती है बल्कि हमारी परंपरा को जीवित रखती है आपसी एकता और भाईचारगी को बढ़ाती हैं नाच गान हमारी संस्कृति रही है संस्कृति को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी को इस बारे में अवगत कराना भी हमारा कर्तव्य है। यहां हजारों लोग सुदूरवर्ती क्षेत्र से शिरकत करते हैं। हम सभी का सौभाग्य है कि हम एक जगह एक दूसरे से मिलते हैं। जिससे लोगों ने अपनापन का रिश्ता बनता है। उन्होंने कहा कि आज धर्म एवं समाज पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है इसलिए हम सब को जागरूक रहना होगा संस्कृत के साथ-साथ अपने धर्म को ही बचाना हम सभा का कर्तव्य है। मौके पर भाजपा नेता सूजन मुंडा ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। साथ ही आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत रूपेश बड़ाइक ने मां के वंदन से किया गायिका सुहाना ने नहीं नहीं करबे रे प्यार, लोकगायक जगदीश बड़ाईक के द्वारा पुरखा कर रीति रीति भुलाथी हामे तो कने जाथी। आदि गीतों के साथ उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया इसके अलावा नीतेश कच्छप हुलास महतो, प्रीतम, रुबी, सरिता बड़ाईक, अनीश महली वहीं बंगाल के डांसर रितु, सीमा, दिव्या, संगम के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति की गई। ईंद मेला को सफल बनाने में ईंद मेला समिति लचरागढ़ के अध्यक्ष अमित साहू, उपाध्यक्ष आशीष साहू, टोनी अग्रवाल, सचिव-कुलेश सिंह,पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनीत पंडा, संरक्षक-तारकेश्वर सिंह, डॉक्टर प्रभात कुमार जायसवाल, संयोजक प्रवीण साहू, राजेश अग्रवाल, सहसचिव नीतीश अग्रवाल, सुरेश द्विवेदी, आनंद पंडा, विनीत गोयल,धर्मवीर सिंह,अनुज साहू के साथ साथ समिति के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं इधर विधि व्यवस्था को लेकर कोलेबिरा पुलिस एवं प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आईटीडीए और कल्याण विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आईटीडीए एवं जिला कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना, पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना /मसना स्थल घेराबंदी, आदिवासी संस्कृति कला केन्द्र / माँझी हाउस / घुमकुड़िया भवन निर्माण, बिरसा आवास निर्माण योजना, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय निर्माण, सामुदायिक वनपट्टा सहित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना की समीक्षा कर जिले के छूटे हुए सभी विद्यालयों के बच्चों को छात्रवृत्ति योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया।उन्होंने जिले में पूर्व में बने छात्रावासों के जार्णोद्धार एवं मरम्मति से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर जानकारी ली।उपायुक्त ने जिला के सभी प्रखंडों में निवास करने वाले पीभीटीजी परिवारों का निरीक्षण करते हुए यथाशीघ्र शत-प्रतिशत परिवारों के आवास योजना को स्वीकृत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित पशुधन विकास योजना की समीक्षा की एवम कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में आई.टी.डी.ए. निदेशक -सह- अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकार सरस्वती कच्छप व अन्य उपस्थित थे।



### रेड क्रॉस के माध्यम से जिले के गांवों में स्वास्थ्य शिविर का हो आयोजन :उपायुक्त

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी , सिमडेगा इकाई की बैठक की हुई।बैठक में सोसायटी के सचिव मोहन सिंह ने सोसायटी के नवगठित समिति के संबंध में जानकारी देते हुए सदस्यों का परिचय कराया। बैठक में सोसायटी के आय व्यय का अंकेक्षण कराने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सोसायटी के माध्यम से जिले के विभिन्न गांवो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने और ग्रामीणों को जागरुक करने की बात कही। इसके अलावे सोसायटी के माध्यम से मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने रेडक्रॉस सोसायटी को पूरी तरह से सक्रिय हो कर कार्य करने की बात कहीं। बैठक में स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

## गागर में सागर

### कोडरमा : अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**कोडरमा।** नवलशाही पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है. इस सबंध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मसमोहना नदी से अवैध उत्खनन कर बच्छेडीह गांव की ओर बालू लदा दोनों ट्रैक्टर आ रहा था. इस दौरान वह स्वयं एएसआई प्रियांशु कुमार के साथ गश्ती पर निकले थे. इस बीच पुलिस की गाड़ी देख दोनों चालक ठंडियापर के समीप ट्रैक्टरों को छोड़कर फरार हो गया. थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दे दी गई है. वहीं, आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा.

### जांच अभियान में अवैध परिवहन के आरोप में पांच ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध परिवहन कर रहे पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक, चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में मदनगुंडी टोल प्लाजा के समीप जांच अभियान चलाया जा रहा था. इस क्रम में ट्रैक्टरों को रोक वाहन से संबंधित कागजात की मांग की गई, जिसमें पांच ट्रैक्टरों के चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तूत नहीं किया जा सका. पांच ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना में रखा गया है. वहीं, आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी गई है. खनन टीम द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है.

### कोडरमा : हैलोवीन डे पर भूत बनकर स्कूल पहुंचे बच्चे




**कोडरमा।** कोडरमा गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल, अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में हैलोवीन डे मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षिका साक्षी कुमारी ने हैलोवीन डे की महत्ता बता कर की. उन्होंने बच्चों को बताया कि उन्हें किसी भी डरावनी चीज से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसका सामना करना चाहिए. इस दौरान बच्चों ने भूत, चुडैल, जादूगर के डरावने चेहरों के साथ अपनी प्रस्तुति दी. भाग लेने वाले बच्चों में शिवेश, अनंत, अर्पित भदानी, अर्थव आनंद, इशांक अर्थव, मिर्फा, तृषि प्रकाश साहा, अनाया, अक्षज, शिवांश वर्मा, अद्वय स्वास्तिक, वैदिक चौधरी, भव्यांश जैन, कीर्ति राज की प्रस्तुति कमाल की थी. इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने ह्यपार्टी विद द भूतनाथह्न पर अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया. इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य नीरजा ने कहा कि दुनिया की हर संस्कृति से अवगत कराने के लिए हमारे विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम किये जाते हैं.

## जलडेगा के रामजड़ी में सामुदायिक वन अधिकार के तहत गांव के सीमा पर लगा बोर्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के रामजाड़ी कुटुगिया राजस्व ग्राम में सामुदायिक वन अधिकार के तहत गाँव के परंपरागत सीमा के अंतर्गत ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्ड गड़ी ग्राम सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में गांव के पहान द्वारा विधिवत पूजन करते हुए किया गया मौके पर झारखण्ड जंगल बचाओ आंदोलन के सुधीर कन्डुलना, समर्पण सूरीन अमृत डांग विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही पड़ोसी गांव पैतानो, कुटुगिया, अनाई, फरसा, डुमरमुण्डा, मईलदा,ओड़गा के ग्राम सभा अध्यक्ष सचिव एवं वनाधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे।इस अवसर पर समर्पन सुरिन ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है ।जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।अब हमारे लोगों को कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है, इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा ।चूँकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ संस्कृति भी है।पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है इसलिए पेडों की कटाई को रोकना होगा।इस अवसर पर सुधीर कंडुलना ने कहा कि ग्राम सभा की अधिसूचना बोर्ड गड़ी हमारे अधिकार के क्षेत्रों को उपयोग, सरंक्षण एवं प्रबंधन करने का अधिकार प्राप्त है। इसलिए अपने क्षेत्रों में बोर्ड गड़ी कार्यक्रम किया जाता है।

### कोडरमा के सुजीत का 37 वें नेशनल गेम्स चैंपियनशिप में चयन

**कोडरमा।** जिले के होनहार खिलाड़ी की वजह से कोडरमा एक बार फिर खेल जगत में सुर्खियों में आया है. कोडरमा के करमा पंचायत के डालो पासवान के पुत्र सुजीत पासवान का चयन गोवा में आयोजित 37 वें नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है. बता दें की 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक गोवा में 37 वीं नेशनल गेम्स चैंपियनशिप आयोजित होने वाली है. पहली बार इस चैंपियनशिप में पिट्टो (लगोरी) को शामिल किया गया है. लगोरी खेल को पिट्टो भी कहा जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रो में आम खेल है. नेशनल गेम्स चैंपियनशिप में 5 से 6 नवंबर को कैंपल स्पोर्ट्स विलेज के कैंपल ओपन ग्राउंड में लगोरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सुजीत सोमवार की रात ट्रेन से गोवा के लिए रवाना होगा. सुजीत पासवान के टीम में चयन होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत खेल प्रेमियों में उत्साह है.

## कोडरमा : बेकाबू होकर कार दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

### दो बच्चे समेत 3 जख्मी, अस्पताल में इलाजरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह-तिलैया डैम मार्ग स्थित चुटयारो गैस गोदाम के समीप सड़क दुघर्टना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई. जबकि दो बच्चे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं. सभी घायलों का सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार बिहार शरीफ निवासी नीतीश कुमार सिंह (32) अर्टिगा कार से पटना के खुसरूपुर निवासी तनिक सिंह के पुत्र चिंटू कुमार (31) के साथ दो बच्चों आरव कुमार (8) व संस्कर कुमार (10) पिता-सुधीर कुमार पटेल को हॉस्टल छोड़ने के लिए तिलैया डैम जा रहे थे. इसी क्रम में बांझेडीह से तिलैया डैम जाने वाली निणार्धीन सड़क पर गैस गोदाम के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में पलटी मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में दोनों बच्चों समेत चारों लोग घायल हो गए. आसपास के लोगों ने चारों को सदर अस्पताल पहुंचाया. वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीतीश कुमार सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया. लेकिन, रिम्स ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

### विधायक ने समाहरणालय में किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा समाहरणालय परिसर के ₹सी₹ ब्लॉक में बनाए गये 20 सूत्री कार्यालय व 20 सूत्री के उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल के ऑफिस का उद्घाटन सोमवार को विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा के द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसीमा खाखा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, जॉन्सन मिंज, विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी, अख्तर खान, शिशिर मिंज शीतल तिर्की, बिपिन पंकज मिंज सहित अन्य लोग शामिल थे।

## हेठमा धूमकुडिया भवन निर्माण में मजदूरों को मिल रहा है कम दर, मजदूर नेता ने जाना हाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड के हेठमा में आईटीडीए विभाग के द्वारा बन रही धूमकुडिया भवन निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए सोमवार को झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया । जहां पर उन्होंने मजदूरों से मुलाकात करते हुए बातचीत की। जहां पर उन्हें सरकारी दर नहीं मिलने की जानकारी मजदूरों के द्वारा बताया गया। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।मजदूर नेता राजेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए कहा मजदूरों को कम दर के साथ-साथ कार्य में घटिया सामग्री ईट का प्रयोग किया जा रहा है ।श्री सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर उपायुक्त से मिलकर लिखित शिकायत जांच करने की मांग करेंगे।उन्होंने कहा कि कुरडेग प्रखंड में सरकारी काम पर मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है प्रखंड में बिचौलिया एवं दलालों का जमघट भरा हुआ है ।मौके पर मजदूर जगदीश प्रधान, चौरण भोय धनेश्वर भोय, रघुनाथ प्रधान, ज्योति देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी, बिरासमूनी देवी, कौशेलिया देवी आदि लोग मौजूद थे।

## सामुदायिक संगठन के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में लीड्स संस्था द्वारा सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद ने उपस्थित लोगों को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीण इलाकों के नए मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने तथा वोटर कार्ड में नाम, पता, फोटो आदि गलती को सुधार करने से संबंधित जानकारी दी गई और पोस्टर भी वितरण किया गया। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने सामुदायिक संगठनों के सदस्यों को ग्राम सभा सशक्तिकरण की जानकारी दिया और ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों को प्रोन्नत करने की बात कही। वही जलडेगा एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू सिंह ने ग्राम स्तर पर किसान संगठन बनाने और उसके लाभ को बताया। इस दौरान संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कुलदीप सुरीन, कलिंद्र प्रधान सहित ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खास बातें**

### फसल राहत योजना के संबंध में कार्यशाला आयोजित

# 'योजना का लाभ प्राकृतिक आपदा में ही मिलेगा'



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कृषि पशुपालन, एवम सहकारिता विभाग अंतर्गत झारखंड फसल राहत योजना के संबंध में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रचलित करते हुए किया गया।मौके पर उपस्थित कृषकों को जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत लाभ केवल प्राकृतिक आपदा से होने वाले क्षति के मामले में लागू होगा। न्यूनतम 10 डिसमिल और अधिकतम 5 एकड़ हेतु निबंधन किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक फसल, खरीफ एवम रबी में अलग अलग निबंधन एवम आवेदन करना होगा। योजना हेतु किसी प्रकार का प्रीमियम देय नही है। इस योजना में 30 से 50% तक क्षति में प्रति एकड़ 3000 एवम 50% से अधिक क्षति पर प्रति एकड़ 4000 की सहायता दी जाएगी तथा अधिकतम 5 एकड़ तक फसल क्षति सहायता राशि दी जाएगी। झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023 है जिसे स्वयं या प्रज्ञा केंद्र पर निबंधन किया जा सकता है।जो झारखंड राज्य के निवासी है, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो , जिनका वैध आधार संख्या हो एवम कृषि कार्य करने से संबंधित वैध भूमि दस्तावेज हो। कार्यशाला में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी,सहायक निबंधक सहयोग समितियां, सिमडेगा, लैंप्स का अध्यक्ष, सचिव एवम कृषक उपस्थित थे।

### रांची में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कला महोत्सव आयोजित

## मूर्ति कला में रामगढ के गोकुल दास ने प्रथम स्थान किया हासिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कला महोत्सव में रामगढ़ जिला से मूर्ति कला में गोकुलदास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रामगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। जबकि रितिका वशिष्ठ ने क्लासिकल वोकल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। महोत्सव में राज्य के 440 प्रतिभागियों ने 10 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बताया गया की विभिन्न श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागी अब नेशनल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तीन दिवसीय दिवसीय कार्यक्रम का देखरेख झारखंड शिक्षा के निदेशक किरण पासी और शिक्षा सचिव के रवि के देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महुआ मांझी, विशिष्ट अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पद्मश्री से सम्मानित मुकुंद नायक के हाथों विजेताओं को सम्मानित किया गया । रामगढ़ जिला से डॉ सुनील कुमार कश्यप, रूम कुमारी,अभिषेक कुमार दुबे, सुवर्णा वासु के देखरेख में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और रामगढ़ का नाम किया । बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर रामगढ़ जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार,झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ से कृष्ण कुमार सिंह,हरि उरांव, कुल्लू आनंद आदि ने बधाई दी है।

## गागर में सागर

### भूमि विवाद में एसपी को आवेदन देकर लगाई जान-माल की सुरक्षा की गुहार

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द गांव निवासी संजय यादव ने एसपी को आवेदन देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए आवेदन में संजय यादव ने कहा कि पिपरा खुर्द में उसके परिवार की 22 डिसमिल जमीन है। उसके बगल में ही रंजन कुमार यादव की 8 डिसमिल जमीन है, लेकिन रंजन कुमार यादव द्वारा जबरन 14 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। उक्त जमीन का मामला एसडीओ के न्यायालय में चल रहा था, जिसमें उसके पक्ष में न्याय भी मिला। उसके बाद रंजन कुमार यादव द्वारा उसकी जमीन पर जबरन घर बनाने का प्रयास किया जाना लगा। इसके बाद एसडीओ के न्यायालय से उक्त जमीन पर 27 अक्टूबर को धारा 144 लगा दी गई। उसके बाद भी हथियार के बल पर रंजन कुमार यादव ने उक्त जमीन पर घर बनाने की कोशिश की, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर काम को रुकवाया। उसके बाद भी 30 अक्टूबर को तीन-चार हथियार बंद लोगों के साथ पहुंचकर रंजन कुमार यादव के साथ जयप्रकाश यादव, अश्वनी कुमार यादव ने जान से मारने की धमकी देकर उक्त जमीन पर जबरन मकान बना दिया। उक्त लोगों ने कहा कि अगर इसकी सूचना पुलिस को दी तो परिवार के लोगों का हत्या कर देंगे। उन्होंने एसपी से अविलंब उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की भी मांग की है।

### नंद किशोर प्रसाद की जयंती मनाई गई

**केतार।** समाजवादी विचार मंच के तत्वधान में लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को समाजवादी स्व. नंद किशोर प्रसाद की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया प्रमोद कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन संयोजक रामविचार साहू ने किया। केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मुंगा साह, बलिगढ़ मुखिया प्रतिनिधि मनोरजन गुप्ता, शिवकुमार सिंह, परसुराम गुप्ता, अनिल जयसवाल ने संयुक्त रूप से स्व. नंद किशोर प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर शैलेष चौबे, परसुराम गुप्ता, जोखू राम, मनोज फौजी, छोटन सिंह, योगेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, गोपाल विश्वकर्मा, जयमाल प्रसाद, मिथलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### पदाधिकारी ने घाटों का किया निरीक्षण

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत लोक आस्था के छठ महापर्व के पावन अवसर पर सभी छठ घाटों का कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण। छठ घाटों के निरीक्षण उपरांत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा कन्या अभियंता संदीप कुमार को सभी छठ घाटों की समुचित साफ सफाई एवं मरम्मती, पेयजल एवं लाइट की व्यवस्था हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रधान सहायक के अनूप तिवारी, राकेश सिन्हा उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर 76 रोगियों का इलाज

**गढ़वा।** मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के 30 तारीख को लगने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सोमवार को 76 रोगियों का इलाज किया गया। जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शमशेर सिंह और डॉ. असजद द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। मौके पर ओटी असिस्टेंट युसूफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल, अंजली आदि मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में महिला व बच्ची घायल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कोल मोड़ के समीप सोमवार को बाइक दुर्घटना में मायर गांव निवासी राम नाथ सिंह की पुत्री रूबी देवी और उसका दो वर्ष का बच्ची घायल हो गया। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिए केतार के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### एनएचएम संघ का किया गया गठन

**गढ़वा।** स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मियों की बैठक रविवार को सदर अस्पताल परिसर में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पदों पर कार्यरत एनएचएम अनुबंध कर्मियों ने भाग लिया। इसमें पूर्व में गठित झारखंड राज्य एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ की गढ़वा जिला इकाई के नाम में परिवर्तन किया गया। साथ ही औपबंधिक कमेटी को भंग करते इसका पुनर्गठन किया गया। बैठक में औपबंधिक कमेटी के अध्यक्ष डा.पुरुषेश्वर मिश्रा के त्यागपत्र को स्वीकृत करते हुए उपस्थित एनएचएम कर्मियों ने संगठन का नया नाम एनएचएम संघ रखने का निर्णय लिया, जबकि नए संगठन का प्रखंड स्तर पर एक सप्ताह के भीतर कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया। वहीं 30 अक्टूबर को सिविल सर्जन गढ़वा को ज्ञापन देने एवं तीन नवंबर को एनएचएम संघ की बैठक कर आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा की। नयी कमेटी में जिला महामारी विशेषज्ञ डा.संतोष कुमार मिश्रा को अध्यक्ष, जिला भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी एवं रंका सीएचसी के बीपीएम सुधीर कुमार को उपाध्यक्ष, सहिया कार्यक्रम के डीपीसी जेवियर एक्का को सचिव, एएनएम शोभा कुमारी एवं संगीता कुमारी को उप सचिव, संतोष कश्यप को कोषाध्यक्ष, चिकित्सा पदाधिकारी डा. पतन कश्मूर एवं सीएचसी भवनाथपुर के बीएएम प्रदीप पाठक को समन्वयक, चिकित्सा पदाधिकारी आरबीएसके डा.नितेश भारती एवं एनएचएम के बीएएम सुधाइक को मीडिया प्रभारी, डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा को तकनीकी प्रमुख, डीइओ, आईडीएसपी प्रेम प्रकाश तिग्गा को तकनीकी सहायक बनाया गया।

## केतार उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, मुखिया ने संवेदक को लगाई फटकार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में भवन निर्माण विभाग मद से 33 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को संवेदक कृपा शंकर जयसवाल पर मनमानी करते हुए जैसे-तैसे कार्य करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया मुंगा साह ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के क्रम में मुखिया ने पाया कि संवेदक द्वारा घटिया किस्म का टाइल्स लगाया गया है, जबकि वायरिंग में भी घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वहीं कमरों के दरवाजे भी पुराने लगाए गए हैं, जो कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। मुखिया ने संवेदक कृपा शंकर जयसवाल को कड़ी फटकार लगाते हुए तीन दिन के भीतर कार्य में सुधार करने और दरवाजा बदलने को कहा है। अन्यथा इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी 2023 को विधायक भानु प्रताप शाही ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का शिलान्यास किया था और संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया था। वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र पंचायत सचिवालय में संचालित हो रहा है। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, एएनएम सुलेखा, विरेंद्र लाल आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में बरती जा रही अनियमितता, विभागीय अधिकारी उदासीन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पदाधिकारी और कर्मियों की मिलीभगत से केंद्र के संचालन में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इसके बाउजूद विभागीय अधिकारी दोषी पर कारवाई के लिए आगे नहीं आ रहें हैं, जिससे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से लाभुक वंचित हैं। घाघरा के करमाही टोला स्थित संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में 30 नामांकित बच्चों में से मात्र दो बच्चे केंद्र में उपस्थित थे। उपस्थित सेविका प्रियंका देवी ने बताया कि सभी बच्चे बगल के स्कूल में चले गए हैं। अभी तक किसी की हाजिरी नहीं लगाई गई है। भोजन के बाद हाजिरी बनाते हैं, जबकि बाद में सहायिका अमरावती देवी घर से आई। उसी तरह से फुलवार केंद्र पर नामांकित 25 में से मात्र आठ बच्चे उपस्थित मिले। सेविका संतरा देवी ने बताया कि बगल के टोला के बच्चे नदी की वजह से केंद्र में नहीं आ पाते हैं। जो आते हैं, उन्हें भोजन मिलता है। उसने खिचड़ी बनाये जाने की बात बतायी। केंद्र का निरीक्षण करने कोई अधिकारी आता है या नहीं? बताया कि अगस्त माह के अंत में महिला सुपरवाइजर रिंकी कुमारी आई थी। इस संबंध में महिला पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी ने कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं है, जांचोपरांत कारवाई की जाएगी।



# बेघर किए गए दलित परिवार पांचवें दिन भी पेड़ के नीचे रहने को मजबूर

### बीडीओ सह सीओ बोलीं-कानून को हाथ में लेने वाले जनप्रतिनिधि बख्शे नहीं जाएंगे, पीड़ितों को स्थायी रूप से बसाने की प्रक्रिया जारी, देंगे अंबेडकर आवास

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

बरडीहा प्रखंड मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल के समीप घर का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने के बाद बेघर हुए दलित परिवार का पांचवें दिन भी पेड़ के नीचे शरण लेने का मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर दलित परिवार के मुखिया कृष्णा डोम के ने बीडीओ सह सीओ को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, जिसकी प्रतिलिपि थाना को देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

आवेदन में लिखा गया था कि 26 अक्टूबर की दोपहर लगभग 1:00 बजे जिप सदस्य अर्चना प्रकाश, बरडीहा पंचायत की मुखिया सरोज देवी के पति सह पारा शिक्षक वशिष्ठ पासवान, बरडीहा गांव निवासी सह होमगार्ड अवधेश यादव, आंगनबाड़ी सेविका पूनम देवी राकेश विश्वकर्मा बाल गोविंद शाह नरेश शाह श्रीनाथ साह सहित अन्य लोगों ने एक मत होकर उसके घर का ताला हथौड़ा से तुड़वाकर घर का सारा सामान घर से बाहर फेंकवा दिया और घर में दूसरा ताला लगाकर चाभी साथ में लेते चले गये। जानकारी देते हुए कृष्ण डोम, उसकी पत्नी कामोदा देवी सहित अन्य परिजनों ने रोते हुए बताया कि उस दिन से लेकर आज तक हम सभी पेड़ के नीचे अपने बाल- बच्चों, नाती -पोते को लेकर रह रहे हैं। बीडीओ सह सीओ निधी रजवार से एवं उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।





इस संबंध में बीडीओ सह सीओ निधी रजवार ने जांच का निर्देश अंचल निरीक्षक एवं कर्मचारियों को दिया था। जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात बताई थी। उन्होंने यह भी बताया कि जांच के क्रम में एक व्यक्ति विरेंद्र विश्वकर्मा ने कागजात को फाड़ दिया। इस पर सरकारी काम में बाधा डालने का भी एक मामला अलग से दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी जनप्रतिनिधि को किसी भी दलित परिवार के घर में जबरन घुसकर ताला तोड़ना एवं सामान को रोड पर फेंक देना कानूनी अपराध है। उक्त सभी लोगों ने कानून को अपने हाथों में लिया है। आवेदन में जितने भी नाम दिये गये हैं, उन सभी लोगों पर कानूनी कारवाई हर हाल में की जाएगी ताकि आगे कोई भी जनप्रतिनिधि ऐसा अपराध करने को हिम्मत न जुटा सकें। दूसरी तरफ उन्होंने बताया कि दलित परिवार के लिए स्थायी रूप से बसाने की प्रक्रिया जारी है। सरकारी जमीन को चिन्हित कर अंचल एवं प्रखंड स्तर से सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए अनुमंडल में भेजा जा रहा है। बहुत जल्द ही उक्त परिवार को सरकारी जमीन उपलब्ध कराते हुए अंबेडकर आवास दिया जाएगा। उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि अभी तक ताला तोड़कर सामान को फेंकने वाले लोगों पर प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई है, क्योंकि भुक्तभोगी द्वारा थाना प्रभारी के नाम से आवेदन नहीं दिया गया है, बल्कि बीडीओ को दिये गये आवेदन की प्रतिलिपि दी गई है। समाचार लिखे जाने तक सीओ द्वारा घटना स्थल पर जांच करने की प्रक्रिया जारी थी।

## युवती बोली, अपनी मर्जी से गई थी युवक के साथ

**मां ने दर्ज कराया था अपहरण का मामला, थाना प्रभारी ने कहा, दोनों वयस्क; परिजन चाहें तो हो सकती है शादी**

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

युवती को बहला फुसला कर घर से भगा ले जाने के मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब युवक के साथ रविवार को थाना पहुंची युवती ने पुलिस के समक्ष बयान दिया कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ गई थी। इस तरह युवती की मां सुनीता देवी की ओर से थाने में युवक के खिलाफ की अपहरण की शिकायत खारिज हो गई। थाना प्रभारी शाबाज अंसारी की ओर से बुलाए गए दोनों पक्ष के लोगों के बीच युवक व युवती को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि युवक और युवती दोनों पूरी तरह वयस्क हैं। परिजन चाहें तो दोनों के बीच शादी हो सकती है। उन्होंने कहा कि रविवार को युवक व युवती दोनों एक साथ थाना पहुंचे थे। उसके बाद उसकी जानकारी परिजनों को देकर उन्हें थाना बुला लिया गया था। दोनों पक्षों के बीच थाना परिसर में लंबी बातचीत हुई लेकिन उसका अंतिम निष्कर्ष नहीं निकल पाया। वहीं पूछताछ में युवती ने अपनी मर्जी से युवक के साथ बाहर जाने की बात बताई। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम नावाडीह गांव के सुरेंद्र पासवान नामक युवक युवती को लेकर फरार हो गया था। उसके बाद गांव घर में उसकी काफी खोजबीन की गई थी। कहीं भी पता नहीं चलने पर युवती की मां सुनीता देवी द्वारा शनिवार की अगले सुबह स्थानीय थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था।

### पुलिस ने प्रेमी जोड़े को किया बरामद

**केतार।** पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक प्रेमी जोड़े को बरामद किया है। प्रेमी जोड़ा खरौंधी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। 18 अक्टूबर को लड़की केतार थाना के मुकुंदपुर गांव से अपने फुफा के यहां से रात्रि में प्रेमी के साथ फरार हो गयी थी। लड़की के फुफा के द्वारा केतार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रेमी युगल दो सप्ताह से अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे। थाना प्रभारी कमलेश महतो ने टीम गठित कर प्रेमी युगल को खरौंधी थाना क्षेत्र के खोखा गांव से बरामद किया। पुलिस लड़की को 164 का बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को गढ़वा भेजेगी। छापेमारी अभियान में पीएसआई दिनेश मरांडी और पुलिस बल शामिल थे।

## सीसीएल मगध परियोजना में शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के मगध परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सोमवार को शपथ समारोह के साथ प्रारंभ हुआ। शपथ मगध परियोजना के खान प्रबंधक मो. अकरम ने दिलायी। विचारोत्तेजक नारे वाले बैनर और पोस्टर परियोजना के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन के संबंध में संदेश को क्रमशः खान प्रबंधक, सभी अधिकारियों, हितधारकों, यूनियन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों द्वारा पढ़ा गया। खान प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कर्मचारियों का दायित्व है, कि वे अपना कार्य ईमानदारी, जवाबदेही एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले सभी कर्मचारियों के योगदान से कंपनी आगे बढ़ती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से बिना डरे काम करने और कंपनी के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। मगध परियोजना के खान प्रबंधक ने कर्मचारियों के साथ-साथ सभी ठेकेदारों, ग्राहकों, नागरिकों आदि को भी ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, हितधारक, यूनियन प्रतिनिधि आदि मौजूद थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निदेशों के अनुपालन में परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है।




## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गई बैठक

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अपना नाम सूची में जोड़ने को लेकर जागरूक करने पर बल दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 27 अक्टूबर को कर दिया गया है। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु 27 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि तय है। दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु 26 दिसंबर की अंतिम तिथि तय है।

## कोल परियोजना क्षेत्र में कर्मियों को सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में प्रबंधन की ओर से सोमवार को आमलोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरुक करने के लिए सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर जीएम अमरेश सिंह ने रवाना किया। इससे पूर्व उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू के छात्राओं ने जागरूकता गान गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं जीएम ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।




साथ ही विकास में भ्रष्टाचार को सबसे बड़ा बाधक बताते हुवे कर्मियों समेत आमलोगों को मुखरता के साथ प्रतिकार करने का आग्रह किया। साथ हीं 4 नवंबर को आम्रपाली डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर के आयोजन करने की जानकारी देते हुए अधिकाधिक रक्तदाताओं को भाग लेने की अपील की गई। दूसरी ओर फिट इंडिया स्वच्छता रन 4.0 में शामिल जीएम ने सड़कों पर दौड़ लगाते हुवे लोगों को फिट रहने की सलाह दी। जिसपर चुटकी लेते हुवे ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन के कथनी व करनी में बड़ा फर्क है। परियोजना क्षेत्र में भारी धूल व धूंआ से लोगों की सांसें उखड़ रही है, प्रदूषित हवा को सीसीएल पहले शुद्ध करे। मौके पर अशोक कुमार, राजेश चौधरी, दिवाकर साहु, किशुन राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**पहल** | डीसी की अध्यक्षता में राज्य फसल राहत योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

# 'किसानों को तीन एकड़ तक फसल क्षति सहायता राशि मिलेगी'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य फसल राहत योजना खरीफ मौसम 2023 के तहत सोमवार को बंधन मैरिज हॉल में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न पैक्स के अध्यक्ष, एफपीओ एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे। इसमें उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभ केवल प्राकृतिक आपदा से होने वाले फसल क्षति के मामले में लागू होगा, योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक फसल मौसम (खरीफ एवं रबी) में अलग-अलग निबंधन एवं आवेदन करना होगा, योजना में भाग लेने के लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा, प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति का आकलन एवं निर्धारण क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट द्वारा किया जाएगा। 30 से 50 प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ 3000 की सहायता राशि दी जाएगी एवं 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ 4000 की सहायता राशि दी जाएगी। अधिकतम तीन एकड़ तक फसल क्षति सहायता राशि दी जाएगी।

योजना के अंतर्गत आवेदन करने की पात्रता के संबंध में बताया गया कि सभी रैयत एवं बटाईदार किसान होना आवश्यक है। किसान झारखंड राज्य के निवासी हो, आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, आवेदक किसान का वैध आधार संख्या होना चाहिए एवं कृषि कार्य करने से संबंधित वैध भूमि दस्तावेज, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र अथवा राजस्व रसीद/राजस्व विभाग से निर्गत बंदोबस्ती पट्टा बटाईदार किसानों द्वारा भू-स्वामी से सहमति पत्र होना आवश्यक है। मौके पर उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की योजना में शामिल होने के लिए आवेदक स्वयं या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन के लिए आवेदक का आधार संख्या, मोबाइल संख्या, आधार संबद्ध बैंक खाता विवरण होना आवश्यक है। साथ ही भू-स्वामित्व प्रमाणपत्र अथवा राजस्व रसीद, वंशावली, सरकारी भूमि पर खेती करने हेतु राजस्व विभाग से निर्गत बंदोबस्ती पट्टा, घोषणा पत्र, सहमति पत्र एवं पंजीकृत किसानों के चयनित फसल एवं बुवाई के रकबा का पूर्ण विवरण होना आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, डीआईओ राधे गोविंद ठाकुर, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार एवं कौशल कुमार, सभी अंचल अधिकारी, सभी पैक्स अध्यक्ष, एफपीओ, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।




## रमना की मुखिया ने किया पीसीसी पथ का अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

रमना पंचायत की मुखिया दुलारी देवी ने सोमवार को सर्वेश्वरी चौक से करीमन साह (जयप्रकाश गुप्ता) के घर तक नवनिर्मित पीसीसी पथ का अनावरण पंचायत समिति सदस्य सीता देवी की उपस्थिति में किया। 15वें वित्त आयोग के मद करीब तीन लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। ज्ञात हो कि रमना पंचायत की अतिमहत्वपूर्ण सड़क में शामिल इस पथ से गुजरते हुए रमना के गोसाईबाग, बगौंधा, टंडवा विशुनपुरा प्रखंड के जोगीराल खूर्द, जतपुरा, सरांग, बटौआ, दर, पतिहारी सहित आधा दर्जन गांवों के लोग हाईवे पर पहुंचते हैं। मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि रमना पंचायत के महत्वपूर्ण मार्ग का पीसीसीकरण हो जाने से लोगों को राहत मिली है। पथ निर्माण में सभी लोगों का सहयोग मिला है। प्रखंड मुख्यालय का पंचायत होने के कारण रमना का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हम सबों की पंचायत स्वच्छ और विकसित हो इसके लिए मिलजुल कर प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव विनोद राम, रोहित वर्मा, विरैची पासवान, देवनाथ साह, मोतीचंद साह, नागिन सिंह,अनुज कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।



श्रीकृष्ण कहते हैं कि कर्म तेरे अच्छे हैं तो किस्मत तेरी दासी है नियत तेरी अच्छी है तो घर में मथुरा काशी है !

– अज्ञात



# किसान व रबी फसल

**कम** बारिश होने की वजह से झारखंड के किसान धान की खेती गंवा चुके हैं। ऐसे में चालू वर्ष के खरीफ मौसम में मॉनसूनी बरसात पचास प्रतिशत के आसपास ही सिमटी रह गई। नतीजा खरीफ फसलों की खेती लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो सकी। पलामू में धान की खेती तो नहीं के बराबर हुई। वर्षा के अभाव में आलम यह रहा कि जिले में धान की रोपनी महज दस प्रतिशत ही हो सकी। 90प्रतिशत खेत वर्षा की आस में खाली रह गये। खरीफ मक्का व दलहनी तेलहनी फसलों की खेती भी लक्ष्य से पचास प्रतिशत से कम हुआ और खेत खाली रहे। इस बीच गुजरे सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में हथिया नक्षत्र में जिले में अच्छी बरसात हुई तो किसानों में रबी फसलों की खेती की आस जगी है। महज एक सप्ताह की बरसात से सूखी जमीन में पर्याप्त नमी आ गई है। इतना ही नहीं सूखे पड़े आहर, तालाब जैसे जलश्रोतों में भी पानी जमा हो गया है। जिससे रबी फसलों की सिंचाई का भरोसा जगा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र चियांकी के शुष्क भूमि परियोजना के मुख्य वैज्ञानिक डा. डीके सिंह ने कहा कि अभी खेतों में पर्याप्त नमी है, सो किसान अपनी खाली पड़ी खेतों में रबी की दलहनी एवं तेलहनी फसलों की बुआई कर खरीफ की कमी की कुछ भरपाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान खाली खेतों में चना, मटर व मसूर आदि दलहनी एवं सरसो, तीसी तथा कुसुम जैसी तेलहनी फसलों की बुआई कर दें। उन्होंने मटर की दो तरह की यथा दाल व सब्जी वाली फसल लगाने की सलाह दी। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इस समय किसान सब्जी की यथा आलू, गोभी, टमाटर, भिंडी, लौकी आदि की भी खेती करें। उन्होंने बताया कि जिन किसानों के पास सिंचाई के एक पानी का साधन है वे तीसी, मसूर व कुसुम, दो पानी की व्यवस्था वाले चना, मटर व सरसो तथा चार से अधिक पानी की उपलब्धता वाले किसान सब्जी की खेती करें। उन्होंने रबी की खेती में उन्नत बीजों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। कहा कि फसल लगाने के पूर्व किसान बीजोपचार जरूर करें। इससे फसल में रोग व कीड़ा का प्रकोप नहीं हो। इसके अलावे किसान यूरिया एवं अन्य उर्वरको के साथ पोटास का उपयोग जरूर करें। इससे फसल की गुणवत्ता अच्छी होगी और उत्पादन बढ़ेगा। डा. डीएन सिंह ने किसानों को 15 नवंबर के बाद गेहूं की बुआई करने की सलाह दी है। ऐसे में किसानों को चाहिए कि व इसका फायदा उठायें। साथ ही समय पर रबी फसल की खेती अवश्य करें। कारण कुछ हद तक धान की भरपाई हो जायेगी। वैसे भी खेती के लिए समय की अनिवार्यता का ध्यान रखना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर मुनाफे में कमी आने की संभावना है। बहरहाल किसानों की किस्मत में जितना लिखा है,उतना ही मिलेगा। इस लिए धैर्य के साथ प्रकृति का सम्मान करें। साथ ही सरकार के द्वारा जो सुविधायें मुहैया कराई गयी हैं,उसका अवश्य लाभ लें। यह सब जागरूकता से ही संभव है। इसलिए वह पास के खेती विशेषज्ञों से अवश्य राय लें। इससे उन्हें खेती करने में सहायता मिलेगी। साथ ही आधुनिक खेती तरीके से खेती करने पर पैदावार अच्छी होगी।

**90प्रतिशत खेत वर्षा की आस में खाली रह गये। खरीफ मक्का व दलहनी तेलहनी फसलों की खेती भी लक्ष्य से पचास प्रतिशत से कम हुआ और खेत खाली रहे। इस बीच गुजरे सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में हथिया नक्षत्र में जिले में अच्छी बरसात हुई तो किसानों में रबी फसलों की खेती की आस जगी है।**

# लौहपुरुष व भारत के निर्माता थे सरदार पटेल





ललित गर्ग

**अदम्य** उत्साह, असीम शक्ति एवं कर्मठता से नवजात भारत गणराज्य की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान कर विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर एक अमिट आलेख लिखने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आजादी के बाद भी, सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। उनकी अखण्ड भारत को लेकर जितनी बड़ी कल्पनाएं थी, जितने बड़े सपने थे, उसी के अनुरूप लक्ष्य बनाये और उतने ही महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किये। इसलिये उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन एवं आजादी के बाद आधुनिक भारत को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने, 562 रियासतों का एकीकरण कर संगठित राष्ट्र निर्मित करने के कारण पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम स्थान प्राप्त किया। वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे। भारत की माटी को प्रणम्य बनाने एवं कालखंड को अमरता प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सरदार पटेल के कठोर व्यक्तित्व में बिस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, कौटिल्य जैसी राजनीति दूरदर्शिता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अब्राहम लिंकन जैसी अटूट निष्ठा थी। राजनीतिक कारणों से इस लोकपुरुष को उतना गौरवपूर्ण स्थान नहीं मिला, जितना अपेक्षित था। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने इस कमी को पूरा करते हुए इतिहास-पुरुष पटेल की जन्म दिवस प्रतिवर्ष देशभर के सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा का सूत्रपात किया। उनकी जयंती के मौके पर गुजरात के केवड़िया में उनकी 182 मीटर ऊंची मूर्ति 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' राष्ट्र को समर्पित की गई है जोकि 'देश की एकता में उनके योगदान' को इंगित करती है। वास्तव में, सरदार पटेल होना आसान नहीं है। पटेल एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे, भारत के देशभक्तों में एक अमूल्य रत्न थे एवं आधुनिक भारत के शक्ति स्तम्भ थे। आत्म-त्याग, अनवरत सेवा तथा दूसरों को दिव्य-शक्ति की चेतना देने वाला उनका जीवन सदैव प्रकाश-स्तम्भ की अमर ज्योतित रहेगा। वे मन, वचन तथा कर्म से एक सच्चे भारतीय एवं भारतीयता के प्रतीक पुरुष थे। वे वर्ण-भेद तथा वर्ग-भेद के कट्टर विरोधी थे। वे अन्तःकरण से निर्भीक थे। अद्भुत अनुशासन प्रियता, अपूर्व संगठन-शक्ति, शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता एवं अनूठी प्रशासनिक क्षमता उनके चरित्र के अनुकरणीय अलंकरण थे। कर्म उनके जीवन का साधन था। संघर्ष को वे जीवन की व्यस्तता समझते थे। गांधीजी के कुशल नेतृत्व में सरदार पटेल का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान उत्कृष्ट एवं महत्त्वपूर्ण रहा है। सरदार पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद (ननिहाल) में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ। उनका पैतृक निवास स्थान गुजरात के खेड़ा के आनंद तालुका में करमसद गांव था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल तथा माता लाडबा देवी की चौथी संतान थे। उनका विवाह 16 साल की उम्र में झावेरबा पटेल से हुआ। उन्होंने नडियाद, बड़ौदा व अहमदाबाद से प्रारंभिक शिक्षा लेने के उपरांत इंग्लैंड मिडल टैंपल से लॉ की पढ़ाई पूरी की एवं

**राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आजादी के बाद भी, सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। उनकी अखण्ड भारत को लेकर जितनी बड़ी कल्पनाएं थी, जितने बड़े सपने थे।**

## इन दिनों

22 साल की उम्र में जिला अधिवक्ता की परीक्षा उत्तीर्ण कर बैरिस्टर बनें। वे कितने मेधावी थे इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1910 में वे पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गये और लॉ का कोर्स उन्होंने आधे वक्त में ही पूरा कर लिया। वे भारत लौट आये और स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने लगे। सरदार पटेल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान 1917 में खेड़ा किसान सत्याग्रह, 1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, 1924 में बोरसद सत्याग्रह के उपरांत 1928 में बारडोली सत्याग्रह में देकर अपनी राष्ट्रीय पहचान कायम की। सरदार पटेल का व्यक्तित्व विवादास्पद रहा है। प्रायः उन्हें 'असमझौतावादी', 'पूँजी समर्थक', 'मुस्लिम विरोधी', तथा 'वामपक्ष विरोधी' कहा जाता है। पटेल की राजनीतिक भूमिका, योगदान तथा चिंतन का सही विश्लेषण किया जाना एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर पैदा की गयी भ्रान्तियाँ दूर कर पक्षपातों तथा पूर्वाग्रहों से रहित वास्तविक तथ्यों को उजागर किये जाने के प्रयास अपेक्षित है। उनके राजनीतिक जीवन से सम्बन्धित उपेक्षित या छिपे हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों को सामने लाकर उसका आलोचनात्मक विश्लेषण किया जाये, ताकि भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं आधुनिक भारत के निर्माण के प्रारंभिक इतिहास का वास्तविक स्वरूप सामने आये। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। 1947 में भारत को आजादी तो मिली लेकिन बिखरी हुई। इतनी रियासतें थीं, कुछ बेहद छोटी तो कुछ बड़ी। ज्यादातर राजा भारत में विलय के लिए तैयार थे। लेकिन, कुछ ऐसे भी थे जो स्वतंत्र रहना चाहते थे। यानी ये देश की एकता के लिए खतरा थे। सरदार पटेल ने इन्हें बुलाया और समझाया। वे मानने के लिए तैयार नहीं हुए तो पटेल ने सैन्य शक्ति का इस्तेमाल किया। सरदार पटेल ने फरीदकोट के नक्शे पर अपनी लाल पैंसिल घुमाते हुए केवल इतना पूछा कि 'क्या मर्जी है?' राजा कांप उठा। आज एकता के सूत्र में बंधे भारत के लिए देश सरदार पटेल का ही ऋणी है। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। महात्मा गांधी ने सरदार पटेल के बारे में लिखा था, 'रियासतों की समस्या इतनी जटिल थी जिसे केवल तुम ही हल कर सकते थे।' कहा जाता है कि एक बार उनसे किसी अंग्रेज ने इस बारे में पूछा तो सरदार पटेल ने कहा- मेरा भारत बिखरने के लिए नहीं बना। फ्रैंक मोराएस ने लिखा भी है- ''एक विचारक आपका ध्यान आकर्षित करता है, एक आदर्शवादी आदर का आह्वान करता है, पर कर्मठ व्यक्ति, जिसको बातें कम और काम अधिक करने का श्रेय प्राप्त होता है, लोगों पर छा जाने का आदी होता है, और पटेल एक कर्मठ व्यक्ति थे।'' निःसंदेह स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार पटेल भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी योद्धा व भारत सरकार के आधार स्तंभ थे। वे ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने वाले थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू की हठ एवं गांधी के कहने पर पटेल पीछे हटे। आजादी से पहले भारत की राजनीति में इनकी दृढ़ता और कार्यकुशलता ने इन्हें स्थापित किया और आजादी के बाद भारतीय राजनीति में उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों को देश के अनुकूल बनाने की क्षमताओं ने सरदार पटेल का कद काफी बड़ा कर दिया।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने छठ पूजा की पौराणिक कथा*

**छठ** के चार दिनों तक शुद्ध शाकाहारी भोजन किया जाता है, दूसरे दिन खरना का कार्यक्रम होता है, तीसरे दिन भगवान सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन भक्त उदियमान सूर्य को उषा अर्घ्य देते हैं। छठ के दिन अगर कोई व्यक्ति व्रत को करता है तो वह अत्यंत शुभ और मंगलकारी होता है। पूरे भक्तिभाव और विधि विधान से छठ व्रत करने वाला व्यक्ति सुखी और साधनसंपन्न होता है। साथ ही निःसंतानों को संतान प्राप्ति होती है।

**छठ व्रत अनुष्ठान विधि**

छठ के दिन सूर्योदय में उठना चाहिए, व्यक्ति को अपने घर के पास एक झील, तालाब या नदी में स्नान करना चाहिए। स्नान करने के बाद नदी के किनारे खड़े होकर सूर्योदय के समय सूर्य देवता को नमन करें और विधिवत पूजा करें। शुद्ध घी का दीपक जलाएं और सूर्य को धुप और फूल अर्पण करें। छठ पूजा में सात प्रकार के फूल, चावल, चंदन, तिल आदि से युक्त जल को सूर्य को अर्पण करें। सर झुका कर प्रार्थना करते हुए **ॐ घृणिं सूर्याय नमः, ॐ घृणिं सूर्यः आदित्यः, ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय, सहस्त्रकिरणाय मनोवांछित फलं देहि देहि स्वाहा, या फिर ॐ** सूर्याय नमः 108 बार बोलें। अपनी सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणों और गरीबों को भोजन कराएं। गरीब लोगों को कपड़े, भोजन, अनाज आदि का दान करना चाहिए।

**आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा**

गोवर्धन का पर्व दिवाली के दूसरे दिन आता है इस दिन लोग अपने घरों में भगवान गोवर्धन पर्वत की चित्र बना के उसकी पूजा करते हैं। गोवर्धन पूजा या अन्न कूट का पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व की खास रौनक मथुरा, वृंदावन, में देखने को मिलती है।

(क्रमशः)

# लावारिस कुत्तों से कोहराम बचाव का कब होगा इंतजाम



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा


**वाघ** कंपनी के मालिक 49 वर्षीय पराग देसाई की स्ट्रीट डॉग्स (लावारिस कुत्तों) के हमले से हुई मौत से देश में नई बहस शुरू हो गई है। ऐसी घटनाओं से भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देश दो-चार होते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्था लैंसेट की हालिया रिपोर्ट की माने तो दुनिया के तमाम देशों में हर साल लावारिस कुत्तों के कारण 59 हजार लोग अपनी जान गंवाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों को भी इस संदर्भ में देखा जाय तो केवल लावारिस कुत्तों के हमलों से जान गंवाने वालों में हमारे देश की भागीदारी लैसेंट के आंकड़ों में 36 फीसदी के लगभग है। कोरोना काल को अलग कर भी दिया जाय तो 2021 की तुलना में 2022 में ऐसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। भारत सरकार के संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2022 के बीच लावारिस कुत्तों के काटने के डेढ़ करोड़ से अधिक मामले सामने आये हैं। यह तो वह आंकड़े हैं जो पंजीकृत हुए हैं। असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा होगा। दरअसल गली-कूचों में घूमने वाले कुत्तों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई होती है तो उस पर धारा 428 व 429 के तहत सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही पशु प्रताड़ना का मामला बन जाता है। कुत्तों को प्रताड़ित करने, मारने, जहर देने या अन्य तरह से प्रताड़ित करने पर पांच साल तक की जेल तक हो सकती है। ऐसे में सवाल यह उठ जाता है कि लावारिस कुत्तों से बचाव का क्या रास्ता हो सकता है। देखा जाए तो स्थानीय प्रशासन यानी कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका जैसी संस्थाओं के पास ऐसे कुत्तों को पकड़ने की जिम्मेदारी होती है। कभी गलियों में घूमने वाली लावारिस गायों को पकड़ने की तरह ही स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने का अभियान भी चलता रहा है। पर अब ऐसे अभियान नहीं दिखते। सवाल लावारिस कुत्तों का ही नहीं अपितु पालतू कुत्तों को लेकर भी इसी तरह से गंभीर है। देश के कई कोनों में पालतू कुत्तों द्वारा लोगों पर आक्रमण करने और काट खाने की घटनाएं भी आये-दिन देखने को मिल रही हैं। समस्या केवल एक जगह की नहीं है। दरअसल कुत्तों को पालना आज फैशन भी बनता जा रहा है। लोग ऐसी नस्ल के कुत्ते पालने लगे हैं जिनको देखने मात्र से सिहरन होने लगती है। यह स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है। कुत्तों को पालना या नहीं पालना निजी मामला है और इस पर किसी तरह के कमेंट करना भी गलत होगा पर पालतू कुत्तों को खुला छोड़ना और आते-जाते लोगों को काटना गंभीर हो जाता है। यह भी सब जानते हैं कि कुत्तों के काटने पर समय पर इलाज नहीं कराने पर यह जानलेवा हो जाता है। इससे समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।देश में हर पांचवें साल मवेशियों और लावारिस जानवरों की गणना होती है। 2019 की गणना के अनुसार देश में लावारिस कुत्तों की संख्या करीब एक करोड़ 53 लाख है। पशुपालन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक लावारिस कुत्ते हैं। जहां तक काटने की घटनाओं की बात करें तो 2021 में देश में 17 लाख एक हजार 33 मामले सामने आये। 2022 में यह आंकड़ा 19 लाख 16 हजार 863 रहा। यह अपने आप में चेताने वाले आंकड़े हैं। कुत्तों के हमलों से बचने के लिए डॉग्स के मनोविज्ञान को भी समझना होगा। होता यह है कि जब आते-जाते व्यक्ति पर कुत्ते आक्रमण करते हैं और आप दोपहिया वाहन चला रहे हैं तो आप वाहन की स्पीड तेज कर देते हैं और इस कारण से कुत्ता भी उसी गति से तेज भागने लगता है और ऐसे में या तो बैलेंस बिगड़ जाने से गिर जाते हैं या कुत्ता आपको पकड़ लेता है और काट खाता है। ऐसे में मनोविज्ञान यह कहता है कि कुत्ता भौंकने लगे तो स्पीड कम करते हुए उसे डराने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**भारत सरकार के संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2022 के बीच लावारिस कुत्तों के काटने के डेढ़ करोड़ से अधिक मामले सामने आये हैं। यह तो वह आंकड़े हैं जो पंजीकृत हुए हैं।**

## लावारिस कुत्ते

## फोटो की दुनिया






फेसबुक वॉल से

# अमेरिका-चीन राष्ट्रपतियों के बीच संभावित शिखरवार्ता



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर तृतीय विश्व युद्ध की चाबी रूस- यूक्रेन हमास-इजरायल युद्ध को देखते हुए पूरी दुनियां की नजरे चीन विदेश मंत्री की 26-28 अक्टूबर 2023 तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर लगी हुई थी, जिसमें अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात का शेड्यूल फिक्स था, इससे दुनियां में कयास लगाये जा रहे थे कि नवंबर 2023 में सेंट फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीसीईपी) के शिखर सम्मेलन या इसके पूर्व या बाद में अमेरिका चीन राष्ट्रपतियों के बीच एक शिखर वार्ता का रास्ता निकाला जाय ताकि खटास को किनारे करने के रास्ते में आगे बड़ा जाय और विश्व शांति के प्रतीक बने, परंतु इस शिखरवार्ता का सबसे बड़ा बाधक ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जारी विवाद है और अभी हमास इजरायल युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में पारित युद्ध विराम प्रस्ताव जो 120/ 14 मतों से पारित हुआ है और 45 वोट नहीं पड़े जिसे अमेरिकी सहित मित्र देशों ने विरोध में मत दिया और चीन पाकिस्तान सहित मित्र देशों ने इसके पक्ष में मत दिया, परंतु इजराइल ने इस युद्ध विराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और 28 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि से जमीनी हमले शुरू हो गये हैं चूंकि चीन विदेश मंत्री द्वारा तीन दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की संभावित शिखरवार्ता की राह आसान नहीं का बयान देकर अमेरिका सहित दुनियां को भौचक का कर दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। अमेरिका चीन के बीच कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद संवाद का गलियारा कायम रखना दोनों देशों के लिए अति फायदेमंद है। साथियों बात अगर हम अमेरिका दौरा पूरा कर चीन विदेश मंत्री के बयान की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित मुलाकात को लेकर चीन की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। चीन के इस बयान से अमेरिका भी भौचक्का रह गया है। चीन के विदेश मंत्री का मानना है कि शी चिनफिंग और जो बाइडन की संभावित बैठक की राह आसान नहीं होगी। सकारात्मक नतीजों की उम्मीद भी बेहद कम है। चीनी विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद आगे क्या होगा, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मगर तनाव के बीच दोनों ही देशों को अपने रिश्ते सुधारने में फायदा दिख रहा है। चीन के अनुसार नतीजों तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों को मिलकर काम करना होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। चीन के विदेशमंत्री ने अपनी तीन दिवसीय वाशिंगटन यात्रा के दौरान बाइडन के साथ-साथ अमेरिकी विदेशमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी मुलाकात की थी। दोनों पक्ष ने इस दौरान सैन फ्रांसिस्को में नवंबर में आयोजित हो रहे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीईसीएफ) के शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक को लेकर काम करने पर सहमति जताई। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में अमेरिकी रणनीतिक समुदाय के सदस्यों से हुई चर्चा का सारांश दिया गया। वांग ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक की राह आसान नहीं होने वाली है और उन्हें इसके होने के लिए स्वतः होने के भाव पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। वांग की तीन दिवसीय वाशिंगटन यात्रा ऐसे समय हुई है जब दोनों देशों के बीच उच्च प्रोद्योगिकी के निर्यात परअमेरिकी प्रतिबंध और पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में चीन के आक्रमक रवैये सहित विभिन्न मुद्दों पर तनाव चरम पर है।बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दे हैं जिनका समाधान किया जाना है लेकिन दोनों पक्ष मानते हैं कि अमेरिका और चीन के बीच संवाद कायम रखना दोनों पक्षों के लिए लाभदायक और आवश्यक है।

**चीनी विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद आगे क्या होगा, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मगर तनाव के बीच दोनों ही देशों को अपने रिश्ते सुधारने में फायदा दिख रहा है।**

## शिखरवार्ता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

गागर में सागर

## रामगढ़: चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश गुरु पर्व मना



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में सवेरे के दीवान में चौथे पातशाही श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश गुरु पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ सिख संगत के सहयोग से मनाया गया तथा सिख संगत गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद लिये । गुरु घर के वजीर बाबा जी गुरजीत सिंह जी के द्वारा अरदास की गई तथा गुरु घर के रागी जत्था ने कीर्तन किया । जिसके उपरांत गुरु घर में गुरु का लंगर अटूट वितरण किया गया । मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, सरदार रणजीत सिंह छाबड़ा, सरदार रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी सिंह , रविंद्र सिंह गांधी, मागू जस्साल, पप्पू जास्सल, कुलवंत सिंह मरवा, इंद्रपाल सिंह सैनी , महेंद्र कौर अरोड़ा,परमजीत कौर भूसरी , कमलप्रीत कौर छाबड़ा, विमल गुलाटी आदि काफी संख्या में सिख संगत मौजूद थे।

## बन्ना गुप्ता पहुंचे झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के आवास



**रामगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं उनकी पत्नी सुधा गुप्ता 29 अक्टूबर की शाम एक कार्यक्रम में शामिल होने रामगढ़ पहुंचे। कार्यक्रम के बाद वे झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता के आवास पहुंचे। जहां पूर्व विधायक ममता देवी, झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता राजीव जायसवाल व रवि साहू ने बुके देकर उनका उत्साह के साथ स्वागत किया।

## एफपीओ के माध्यम से किसानों के बीच रवि फसल का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डमर चौक स्थित बरसोती एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड गयपहाड़ी में एफपीओ के माध्यम से किसानो के बीच रबी फसल की बीज बांटे गए। मुख्य अतिथि मुखिया कलावती देवी, कृषि अनुसंधान केंद्र गोरिया करमा के नोडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार, एफपीओ के प्रबंध निदेशक हीरालाल प्रसाद मौजूद थे। मौके पर मौजूद अतिथियो ने 210 किसानो के बीच रबी फसलों के बीज गेंहू, चना, सरसो, मसुर एवं सब्जी कीट का वितरण किया। इस अवसर पर एफपीओ के तुलसी प्रसाद, बीटीएम चिंताहरण पाठक, उपमुखिया गुनेश्वर प्रसाद, सीईओ सुजीत कुमार, गुडिया कुमारी, माला कुमारी, मुन्नालाल प्रसाद समेत कृषक मित्र, स्वंय सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## इंटर विद्यार्थियों के लिए गणित सूत्र पुस्तक का विमोचन



**बरकट्ठा।** श्रीकान्त मैथमेटिक्स के निदेशक सी के पाण्डेय द्वारा लिखित एवं अरिहंत पब्लिकेशन द्वारा तैयार किया गया इंटर के विद्यार्थियों के लिए गणित फॉमूर्ला पुस्तक का बिमोचन हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के द्वारा सोमवार को किया गया। पत्रकारों से बातचीत में सी के पांडेय ने बताया कि इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के लिए इस पुस्तक को महत्वपूर्ण बताया एवं लेखक सी के पाण्डेय को शुभकामनाएं दी। इस अवसर श्रीकान्त मैथमेटिक्स के निदेशक सी के पाण्डेय, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, समाजसेवी सुरेश पाण्डेय, श्याम मोदी, नीलेश यादव, शेषनाथ सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेसियों के विशाल एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

# 'राज्य में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत'





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित होटल ओम पैलेस में सोमवार को जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों के एक दिवसीय विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, मंजू जोशी, ब्रजकिशोर गांधी, भीम साव, आनंद सिंह, प्रमोद सिंह, पिंकी देवी, डीएन गिरी मौजूद थे। जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रामगढ़ जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों की बात सुनने के बाद कहा की आप जिला में पार्टी के रीढ़ हैं। कहा की आपके बगैर जिला में पार्टी संगठन अधूरा है। क्योंकि आपलोगों ने जिला में पार्टी के आधार को मजबूत करने का कार्य किया है। सहाय ने कहा की कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा सभी को साथ लेकर चलने में यकीन करती है। कहा की मैं पार्टी नेतृत्व के समक्ष आपकी मांगों को रखुंगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा की आप लोगों द्वारा जिला में किये गए कार्यों की वजह से 2029 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी यहां से विजय हुई थी। इसलिए आप सभी निश्चिंत रहे आपको पूर्व की तरह ही पार्टी में सम्मान मिलेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा राज्य की हमने गोला गोली कांड, बड़कागांव की घटना और खूंटी की घटना के बाद जो संघर्ष का रास्ता अपनाया। उसका लाभ 2019 के विधानसभा चुनाव में हमारी गठबंधन को हुआ और ट्रायबल क्षेत्र की 28 में से 26 सीटों पर हमारी गठबंधन ने विजय का पताका लहराया था। कहा की राज्य में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए जन मुद्दों को उठाकर संघर्ष करने की जरूरत है। कहा की ऐसा करने से आनेवाले चुनाव में पार्टी को राज्य में इसका लाभ मिलेगा। वहीं, सम्मेलन के दौरान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो जनहित के कार्य बिलकुल भी नही करती। वह केवल लोगों के बीच नफरत का बीज बोकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का कार्य करती है। कहा की भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्ष से केंद्र की सत्ता में है। इस दौरान देश में बेरोजगारी और महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है। लेकिन केंद्र सरकार इस ओर बिलकुल भी ध्यान नही दे रही है। कहा की कांग्रेस के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेकने का कार्य किया जाएगा। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में किसन, मजदूर, व्यापारी, युवा सभी परेशान हैं। उनके बीच केंद्र सरकार के प्रति आक्रोश है। कहा की इसकी वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को हार का सामना करना पडेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा की हमारी देश की पारंपरिक नीति रही है की हमने फिलिस्तीन -इजराइल संघर्ष में हमेशा फिलिस्तीन का साथ दिया है। लेकिन जब यूएनओ में इस मामले में वोटिंग हो रही थी तब भारत ने वोटिंग में हिस्सा नही लिया। कहा की यह फिलिस्तीन को लगातार दिये जाने वाले हमारे समर्थन की नीति के विपरित है। सम्मेलन की अध्यक्षता खोगेंद्र साव व संचालन केडी मिश्रा ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन ब्रजकिशोर गांधी ने किया। इससे पूर्व सम्मेलन स्थल जाने के क्रम में केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा का सुभाष चौक के निकट पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेसियों के विशाल एक दिवसीय सम्मेलन में बृजनदंन सिंह, परमानंद सिंह,नंदकिशोर बेदिया, चमनलाल, भैरो ठाकुर, आनंद प्रताप सिंह, बालदेव यादव, राजू वर्मा, राजेंद्र चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जंगली हाथियों की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में, सुरक्षा की गुहार

**बरही ।** बीते रात तीन जंगली हाथियों के झुंड को बरसोत, धनवार और करियातपुर के इलाकों में देखे जाने की सूचना मिली है. हाथियों की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में है. बरसोत निवासी व युवा पत्रकार प्रभाकर पाठक ने बताया कि बीते रात उनके घर के समीप हाथियों को देखा गया है. उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष जंगली हाथियों के आतंक से जान माल की क्षति पहुंचती रही है. कई आलू और ईख के खेत बर्बाद हुए है. किसानो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है. इस दिशा में वन विभाग को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. वन विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली है. लोगो को सतर्क रहने की आवश्यकता है. विभागीय स्तर से बचाव और हाथियों को सुरक्षित स्थान पहुंचाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे है. हाथियों के आने के बाद प्राथमिक सुरक्षा को देखते हुए ही सामूहिक रूप से आग जलाकर भगाने का प्रयास करे.

# विधायक ने मनसिंघा बरसोती नदी पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत मनसिंघा बरसोती नदी पर सोमवार को पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी,प्रमुख रेणु देवी,मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने सयुंक्त रूप से विधिवत नारियल फोड़ व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। विदित हो कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत ढाई करोड़ की लागत से पुल निर्माण किया जाएगा। मौके पर सभा का आयोजन किया गया। संचालन भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पुल निर्माण से सलैया गांव के साथ पूरे प्रखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। साथ ही स्कूली बच्चे समेत लोगों को आवागमन में सुविधा होगी ।यह बरकट्ठा हाइवे रोड को जोड़ने का एक बहुमुल्य वैकल्पिक मार्ग होगा ।जिससे साप्ताहिक बाजार के दिन भीड़ भाड़ और ट्रैफिक से निजात मिलेगी ।उन्होंने कहा पुल बनने से बरकट्ठा जीटी रोड और सलैया पीडब्ल्यूडी रोड को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग कई गांवों के लिए सौगात है ।यह वैकल्पिक बायपास मार्ग के रूप में कई गांव के लिए उपयोगी होगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र का विकास ही हमारा उद्देश्य है ।बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में सात प्रखंड अंतर्गत सभी 79 पंचायतों में विकास के कार्य चल रहा है। हर पुरानी सड़क का मरम्मती किया जाएगा ।सड़क,सिंचाई और पढ़ाई की सुविधा हमारी प्राथमिकता में है ।सलैया स्थित बरसोती नदी पर चेक डेम निर्माण भी किया जाएगा ।जिससे कृषिप्रधान गांव के किसान लाभान्वित होंगे ।इधर कई स्कूलों का उन्नयन कार्य गतिशील और भी आगे कार्य करना बाकी है। जनता से किए गए वादों को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों को भौतिक संरचना को सुदृढ और शैक्षणिक सामग्रियों से लैश करते हुए दुरुस्त किया जाएगा। शिलान्यास समारोह को जिप सदस्य,प्रमुख व मुखिया ने भी सम्बोधित किया ।कहा कि विधायक अमित कुमार यादव का प्रयास प्रशंसनीय है। शिलान्यास स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने कहा कि सलैया ग्रामवासियों की वर्षों से लंबित मांग अब पूरा होनेवाला है। मौके पर समन ठाकुर, खलील अंसारी, टुकलाल नायक, छोटीलाल मेहता, भोला प्रसाद, टिंकू प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव, राजकुमार प्रसाद, बुलाकी महतो, हीरालाल प्रसाद, सीताराम प्रसाद, नारायण यादव, शंकर ठाकुर, छोटी प्रसाद, रोहित यादव, बिनोद प्रसाद, राजू यादव, अमित पांडेय, मनोज कुमार, मिथलेश भारती, जीवन यादव समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

मार्केट में डिमांड

## लाल-सफेद आलू की खेती से किसान कमा रहे बढ़िया मुनाफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड का हजारीबाग जिला कृषि प्रधान जिला माना जाता है. जहां विभिन्न प्रकार की खेती किसानों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाते हैं. लेकिन जिले के ही ईचाक, दारू और पदमा प्रखंड में सैकड़ो किसान विगत कई वर्षों से एक बड़े क्षेत्रफल में सफेद और लाल आलू की खेती की शुरूआत किए हैं. किसान बताते हैं कि इनके द्वारा कई एकड़ भूमि पर आलू की फसल लगाई जाती है और 3 महीने में तैयार होने के बाद आलू को झारखंड, बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश के अलावे अन्य राज्यों के सब्जी मंडियां में बेची भी जाती है. आज यहां के किसान आलू की सब्जी को उबजा कर प्रत्येक दिन 10 ट्रक से भी अधिक आलू का निर्यात करते हैं. वहीं इस फसल से किसानों को दोगुना मुनाफा भी होता है. साथ ही लाल और सफेद आलू की मार्केट में खूब डिमांड रहती है. किसानों ने बताया कि इस बार निरंतर वर्षा होने से इन्हें खासा नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है. क्योंकि किसानों द्वारा लगाई गई आलू का फसल लगभग 30 से 40% बेमौसम वर्षा के वजह से बर्बाद भी हुआ है. किसानों ने बताया कि सरकार इन्हें ॠण इत्यादि देकर प्रोत्साहित करें तो किसान कृषि के क्षेत्र में नए आयाम बढ़ेंगे.

# बसरिया उर्फ पंचमाधव वनाधिकार समिति गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत भवन में वनाधिकार समिति गठन को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी और संचालन सचिव प्रियंका प्रकाश ने किया. पंचायत सचिव ने वनाधिकार समिति के उदेश्यों पर चर्चा करते हुए वन संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश बताते हुए लोगो से वनों के संरक्षण पर जोर दिया. उन्होंने बताया की वन है तो कल है. मुखिया ने वनों की हो रही अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार के वनाधिकार समिति के महत्व पर जोर दिया. साथ ही वन सुरक्षा को लेकर सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए ग्रामीणों से वन सुरक्षित रखने की अपील किया. बैठक के अंत में उपस्थित ग्रामीणों की सहमति से वनाधिकार समिति का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से भागीरथ यादव को अध्यक्ष एवं नागेश्वर कुमार को सचिव मनोनीत किया गया. नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने भी जंगलों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने की बात कही. बैठक में पूर्व मुखिया हरेंद्र यादव, कामेश्वर रविदास, विनोद यादव, वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह, देवनंती देवी,नजमा खातून,संजीत यादव, राजेंद्र यादव व सुरेश पासवान, राजेश यादव,यशवंत कुमार, अरविंद कुमार शर्मा, राजू राजा,धीरेंद्र यादव, गणेश रजक, राजेंद्र यादव, नरेश यादव, संजय यादव दीपक कुमार, राजेश यादव, नरेश यादव, कार्तिक, मुकेश यादव, संजीत कुमार, रोहित कुमार, विजय कुमार, कौलेश्वर यादव, रंजू देवी, महादेव यादव सहित सभी गांव के अध्यक्ष व सचिव शामिल रहे.

## साइबर क्राइम के आरोपी को चार दिनों से हाजत में बंद रखने से ग्रामीणों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना पुलिस के द्वारा एक साइबर क्राइम के आरोपी को चार दिनों से हाजत में बंद कर रखने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। गिरफ्तार आरोपी ग्राम बरवां निवासी विकास कुमार की मां मंदोदरी देवी बरकट्ठा थाना पुलिस से रो रोकर अपने पुत्र को छोड़ देने की गुहार लगा रही है। जानकारी हो की पिछ्ले 27 अक्टूबर 23 को ग्राम फिरोजी थाना पाली ,जहानाबाद ,बिहार निवासी पूजा कुमारी पिता द्वारिका प्रसाद ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में पूजा ने अपने ममेरे भाई ग्राम बरवां बरकट्ठा निवासी विकास कुमार पिता विनोद प्रसाद के विरुद्ध अपने नाम से बैंक खाता खोल साइबर क्राइम कर 25 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया था। बरकट्ठा थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को 27 अक्टूबर को पकड़कर थाना ले आई। जिसे 30 अक्टूबर चार दिन तक बरकट्ठा थाना में रखने पर आरोपी के परिजनों का सब्र का बांध टूट पड़ा और इसको लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए छोड़ने की गुहार लगाई है। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि इसको लेकर एक आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

जानकारी दी

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण मवि. में उमंग कार्यक्रम का समापन

# प्रशिक्षु समर्पित भाव से प्रशिक्षण लें : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के विवेकानंद सभागार में सोमवार को दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम के अंतिम दिन बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया. उन्हें कॉलेज के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई. ओरिएंटेशन कम इंट्रोडक्शन सेरेमनी में प्रशिक्षुओं कॉलेज के गाइडलाइन, कोड ऑफ कंडक्टर, तकनीकी पहलुओं, एनएसएस की गतिविधियों, स्कॉलरशिप समेत कई जानकारियों से अवगत कराया गया. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डीइओ उपेंद्र नारायण ने किया. मौके पर उन्होंने कॉलेज के अनुशासन और यहां प्रशिक्षुओं को मिलनेवाले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण समेत विभिन्न गतिविधियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि हर गतिविधियों में सहभागी बन विभिन्न विधाओं में पारंगत बनें. बेहतर शिक्षक में यह गुण समाहित होना चाहिए. वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि देव कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग की प्राचार्या डॉ रीतू कुमारी ने कहा कि शिक्षक के कंधों पर बड़ी और चुनौतीपूर्ण जिम्मेवारी है. उस चुनौती को पार करते हुए शिक्षकों के प्रति समाज में बैठी आम अवधारणा को तोड़ने की जरूरत है. डॉ. एस राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज लारी, रामगढ़ के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा ने कहा कि प्रशिक्षु समर्पित भाव से प्रशिक्षण लें. शिक्षकों के कर्तव्यों को समझें. महाविद्यालय की पृष्ठभूमि बताते हुए प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बताया कि यह कॉलेज वर्ष 2007 से संचालित और हजारीबाग का पहला स्ववित्त पोषक बीएड कॉलेज है. यहां मिलनेवाला प्रशिक्षण और अनुशासन ही इस कॉलेज की पहचान है. प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने ट्रेनिंग के बाद अवसर और इससे मिलनेवाले लाभ से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया. वहीं आइक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी ने कोड ऑफ कंडक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया किसी भी हाल में अनुशासन बनाए रखना है. उन्होंने एंटी रैगिंग सेल, फैकल्टी, एकेडेमिक समेत विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी. सहायक प्राध्यापक संदीप खलखो ने कॉलेज में आधुनिक तकनीक से दी जा रही शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने यहां उपलब्ध बायोमीट्रिक्स सिस्टम, वाई-फाई से लैस कैंपस, आईसीटी रूम कम रिसोर्स सेंटर, ई-लाइब्रेरी, डिजिटल क्लास रूम आदि के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत कराया.

# जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया रामगढ़ में कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़ संजीत कुमार ने सोमवार को गोला एवं चितरपुर प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरांगमर्चा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोसोकला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बच्चों की उपस्थिति पंजी, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय संचालन आदि का जायजा लेने के क्रम में शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विभाग द्वारा संचालित प्रयास कार्यक्रम एवं रुआर अभियान बैक टू स्कूल के माध्यम से रचनात्मक तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया ।वहीं, मध्यान भोजन के निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने निर्धारित रोस्टर का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालय प्रभारियों को विद्यालय के शिक्षकों के साथ विभिन्न क्षेत्रों व टोलों को टैग करते हुए जिन क्षेत्रों में बच्चे नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं उनमे जागरूकता अभियान चलाने एवं अभिभावकों को बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बच्चों से वार्ता कर उन्हें विद्यालयों के माध्यम से मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं उन्हें विद्यालय में साफ सफाई बनाए रखने एवं नियमित रूप से विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जागरूक किया। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी बच्चों को जीवन में सफल होने, अपना व रामगढ़ जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### अब तक ट्रेन हादसे में 14 की मौत, 113 घायल, राहत व बचाव अभियान जारी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले मेंहावड़ा-चेन्नई लाइन पर रविवार शाम दो यात्री ट्रेनों की टक्कर के बाद राहत और बचाव अभियान जारी है। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हुई है। इनके शव बाहर निकाल लिए गए हैं। 113 घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रायगड़ा पैसेंजर गाड़ी में लगभग 1400 यात्री सवार थे। इसकी चार बोगी पटरी से उतर गई थीं। गैस कटर के माध्यम से एक बोगी से घायलों को और शवों को निकाला गया। राहत और बचाव का काम जारी है। अन्य तीन डिब्बों में फंसे लोगों को निकाला जा रहा है। इस रूट से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

### पुलवामा में आतंकियों ने की बाहरी मजदूर की हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने सोमवार को एक गैर-स्थानीय मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। मजदूर की पहचान उत्तर प्रदेश के मुकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, आतंकवादियों ने पुलवामा की त्राल तहसील के नौपोरा इलाके के तुमची गांव में गैर-स्थानीय मजदूर पर गोलीबारी की। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। इससे पहले आतंकवादियों ने रविवार को श्रीनगर जिले के ईदगाह इलाके में एक पुलिस इंस्पेक्टर को उस समय गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जब वह स्थानीय युवाओं के साथ क्रिकेट खेल रहा था।

### असम के पूर्व मंत्री शरत बरकोटोकी का 86 वर्ष की आयु में निधन

**गुवाहाटी।** असम में कांग्रेस के पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता शरत बरकोटोकी का सोमवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, बरकोटोकी का गौहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में इलाज चल रहा था। वरिष्ठ नेता ने 25 सालों तक विधायक के रूप में जोरहाट जिले के सोनारी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दिवंगत मुख्यमंत्री तरूण गोगोई के पिछले कार्यकाल के दौरान, बरकोटोकी ने शिक्षा मंत्री का पद भी संभाला था। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दुख व्यक्त करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ''वरिष्ठ राजनेता, असम सरकार के पूर्व मंत्री शरत बरकोटोकी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ।

## काव्य कोना

### शब्दों का बवंडर

चिट्ठी खोली तो अनजान अजनबी सी लगी
शब्दों का बवंडर अपना सा लगे।
फूलों की क्यारियों में सपना सा दिखा
कलियों के बीच में अपनी से दिखी।
सुंदर आभास गगन में दिखा
चाँदनी आई तो चाँद अपना सा लगा।
हवा में फैली भीनी-भीनी सी खुशबू
झोंके के झोंकों में सब अपना सा- लगे।
संयोग और वियोग की चर्चा बहुँत
उम्मीद जब उठी उम्मीद अपनी सी- लगी।
चिट्ठी खोली तो अनजान अजनबी सी लगी
शब्दों का बवंडर अपना सा लगे।

❖ नाग मणि

### रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून की प्राथमिकताओं पर जोर दिया, कहा

# चुनौतियों का समाधान खोजना जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव में जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून हमारे लिए आदर्श होने चाहिए। हमें अपनी साझा प्राथमिकताओं पर काम करना होगा और उन पर सहमत होना होगा। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में स्वतंत्र, खुली और नियमों से बंधी समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। इस व्यापक ढांचे के भीतर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, समुद्री डकैती विरोधी अभियान जैसी कई और ठोस प्राथमिकताएं तय की जा सकती हैं। भारतीय नौसेना के नेवल वॉर कॉलेज में 29 अक्टूबर से शुरू हुए 'गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव' में समसामयिक और भविष्य की समुद्री चुनौतियों से




निपटने के लिए नौसेना प्रमुखों और समुद्री एजेंसियों के बीच 'हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा' विषय पर चर्चा की जानी है। इस वर्ष के संस्करण का विषय समुद्री क्षेत्र में 'सक्रिय और सहयोगात्मक प्रयासों' की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव भारतीय नौसेना की आउटरीच पहल है, जो समसामयिक और भविष्य की समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए नौसेना प्रमुखों और साझेदार समुद्री एजेंसियों के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए बहुराष्ट्रीय मंच है।

रक्षा मंत्री ने मुख्य भाषण देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही समुद्र ने हमारे इतिहास को आकार दिया है। यह आज भी हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है और भविष्य में हमारे साझा भाग्य को आकार देगा। मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि यदि हम सहयोग करें तो हमारे क्षेत्र का भविष्य अपार संभावनाओं से भरा है। यदि सभी देश हरित अर्थव्यवस्था में निवेश करके ऊर्जा उत्सर्जन में कटौती करने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और जरूरतमंद देशों के साथ प्रौद्योगिकी और पूंजी साझा करते हैं, तो कोई कारण नहीं है कि मानवता इस समस्या से भी नहीं उबर सकती। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में देशों को रणनीतिक निर्णय लेने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आपसी भय और अविश्वास के कारण ही दो या दो से अधिक देश हथियारों की होड़ में शामिल होते हैं। ऐसे देशों के बीच विश्वास बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि इनके बीच सहयोगात्मक बातचीत संभव हो सके। इसलिए ऐसी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा, जो सहयोग को बढ़ावा दें, विश्वास का निर्माण करें और अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े जोखिमों को कम करें। रक्षा मंत्री ने कहा कि आईओआर देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने, समुद्री डकैती, आतंकवाद, नशीली दवाओं की तस्करी और अत्यधिक मछली पकड़ने जैसी सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं पर जोर देना होगा। कॉन्क्लेव में हिंद महासागर तटीय क्षेत्रों मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, बांग्लादेश, कोमोरोस, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव के नौसेना प्रमुख, समुद्री बलों के प्रमुख और वरिष्ठ प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं, जिनकी मेजबानी भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कर रहे हैं।

### स्कूल बस-वैन की टक्कर,5 की मौत,16 घायल

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं में सोमवार की सुबह उसावां थाना क्षेत्र में स्कूल बस और स्कूली वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत और 16 घायल है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी मनोज कुमार और एसएसपी डॉक्टर ओपी सिंह मौके पर पहुंच गए। उसावा थाना क्षेत्र के एसआरपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल गौतरा की मारुति वैन और सत्यदेव इंटर कॉलेज म्याऊं की स्कूली बस की नवीगंज व म्याऊं कस्बे के पास आमने-सामने से टक्कर हुई है। हादसे में वैन चालक ओमेन्द्र और उसके छह साल के बेटे हर्षित, खुशी, प्रदीप और कौशल्या की मौत हो गई। 16 बच्चे घायल हैं।

## 'कोविड-19 संक्रमित हार्ट अटैक से बचने के लिए 2 वर्ष तक न करें कठोर कसरत'

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

आईसीएमआर के एक शोध के अनुसार जो लोग गंभीर कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित रहे हैं ,उन्हें एक से दो वर्ष तक कड़ी मेहनत नहीं करनी चाहिए। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग कोविड -19 संक्रमण की चपेट में आये थे, उन्हें जरूरत से ज्यादा परिश्रम नहीं करना चाहिए। उनको दिल के दौरे से बचने के लिए एक या दो वर्ष तक कठोर अभ्यास, दौड़ व वर्कआउट से दूर रहना चाहिए। बीते वर्ष से ही लगातार खबर सुनने के मिल रही है कि किसी शादी में कोई जवान आदमी नाचते हुए बेहोश होकर गिर गया , मौत हो गई। इस तरह के मामलों में लगातार उछाल आया है और अब कम उम्र के लोगों को भी हार्ट अटैक हो रहा है। इसी तरह से गुजरात में नवरात्रि महोत्सव के दौरान गरबा खेलते समय कई घटना हुई। जिसके बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कार्डियोलॉजिस्ट सहित चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ एक बैठक की थी। इस तरह से हो रहे हार्ट अटैक पर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने एक विस्तृत अध्ययन किया है । जिसके मुताबिक जो लोग गंभीर कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित रहे हैं ,उन्हें ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहिए। अगले एक वर्ष तक कठिन व्यायाम, दौड़ने और कठिन एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा मेहनत करने से उन्हें दिल का दौरा पड़ सकता है। उनको एक साल तक रनिंग, जॉगिंग के साथ-साथ हेवी वर्कआउट से दूर रहना चाहिए। यह सब करके ही आप दिल का दौरा से बच सकते हैं। गुजरात में नवरात्रि के दिनों में जिस तरीके से हार्ट अटैक के कारण लोगों की मौत हुई है वह काफी ज्यादा चिंता का विषय है। नवरात्रि के गरबा महोत्सव के दौरान 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हार्ट अटैक या हार्ट से जुड़ी बीमारी के पीछे एक और बड़ा कारण गलत खानपान व खराब लाइफ स्टाइल भी है। त्योहारी समय में लोग बाहर का सामान या तले भुने , ज्यादा नमक वाले काफी ज्यादा व लगातार खाते हैं। सोते भी कम हैं। ऐसे में हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है।

### इलेक्टोरल बांड की पारदर्शिता पर केंद्र ने कहा

# चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं

**इससे काले धन को बढ़ावा मिलने की आशंका है : चुनाव आयोग**

**चुनावी बॉन्ड से लगभग 95% चंदा भाजपा को मिला है : एडीआर**

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ इलेक्टोरल बांड को पारदर्शी बनाने की मांग करने की याचिका पर मंगलवार, 31 अक्टूबर से सुनवाई शुरू करेगी। इसके पहले सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार के सबसे बड़े वकील अटॉर्नी जनरल से इस मामले में केन्द्र की राय देने को कहा था। जिस पर अटॉर्नी जनरल ने दाखिल जवाब में लिखा है, ''किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। राजनीतिक दलों को अनुदान देने के लिए बनाई गई यह व्यवस्था एक नीतिगत विषय है। सर्वोच्च न्यायालय किसी कानून में तभी दखल देता है, जब वह नागरिकों के मौलिक या कानूनी अधिकारों का उल्लंघन कर रहा हो। इस मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता। उल्टे संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(सी) के तहत संगठन बनाना और उसे चलाना एक मौलिक अधिकार है, जिसके तहत राजनीतिक दलों को भी अधिकार हासिल है।'

वेंकटरमनी ने कहा है कि चुनावी हलफनामे के जरिए उम्मीदवार अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी वोटर को देता है। इसका आदेश सुप्रीम कोर्ट ने 2003 के 'पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी बनाम भारत सरकार' फैसले में दिया था। लेकिन राजनीतिक चंदे की जानकारी का कोई अधिकार फिलहाल लोगों को नहीं है। यदि कोर्ट किसी अधिकार को नए सिरे से परिभाषित भी करता है, तो उसके आधार पर सीधे किसी मौजूदा कानून को निरस्त नहीं किया जा सकता। इसी मामले में पहले चुनाव आयोग ने भी अपनी राय दी थी। चुनाव आयोग ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है। इससे काले धन को बढ़ावा मिलने की आशंका है।

#### इलेक्टोरल बॉन्ड है क्या?

मोदी सरकार ने 2017 में राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया को तथाकथित साफ-सुथरा बनाने के नाम पर चुनावी बॉन्ड का कानून बनाया। इसके तहत स्टेट बैंक के चुनिंदा ब्रांच से हर तिमाही के शुरूआती 10 दिनों में बॉन्ड खरीदने और उसे राजनीतिक पार्टी को बतौर चंदा देने का प्रावधान है। कहा गया कि इससे कैश में मिलने वाले चंदे में कमी आएगी। बैंक के पास बॉन्ड खरीदने वाले ग्राहक की पूरी जानकारी होगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

#### एडीआर ने दी है चुनौती?

एडीआर और सीपीएस ने कहा है कि इस व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है। बैंक से बॉन्ड किसने खरीदे, उसे किस पार्टी को दिया, इसे गोपनीय रखे जाने का प्रावधान है (केवल केन्द्र सरकार का वित्त मंत्रालय ही जान सकता है, यानि केन्द्र सरकार/सत्ताधारी पार्टी)। चुनाव आयोग को भी ये जानकारी नहीं दी जाती। यानी सरकार से फायदा लेने वाली कोई कंपनी बॉन्ड के जरिए सत्ताधारी पार्टी को यदि चंदा दे, तो किसी को पता ही नहीं चलेगा। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे का तेजी से किया गया विस्तार: डॉ. मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित 76 वें सत्र की बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि केन्द्र सरकार समग्र और समावेशी दृष्टिकोण अपना रही है। हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहे हैं, दवाओं की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दृष्टि के साथ सभी को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अंतिम व्यक्ति को पीछे नहीं छोड़ने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 76वें सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि 24 अक्टूबर तक आयुष्मान भारत- हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (एबी-एचडब्ल्यूसी) 211 करोड़ से अधिक फुटफॉल दर्ज किए हैं। इन केन्द्रों पर मरीजों को 1,830 मिलियन से अधिक बार मुफ्त दवाओं और 873 मिलियन से अधिक बार नैदानिक सेवाओं का लाभ मिला है।

## FILMY हलचल

### चार करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई कंगना की फिल्म तेजस



**बॉलीवुड** की क्वीन कंगना रनौत की लोकप्रिय फिल्म तेजस 27 अक्टूबर को रिलीज हुई। लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। फिल्म को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा हो रही थी। हालांकि, फिल्म रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर जादू दिखाने में नाकाम नजर आ रही है। 'तेजस' ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से काफी कम कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले और दूसरे दिन 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो फिल्म ने दो दिनों में सिर्फ 2.50 करोड़ का कलेक्शन किया। अब तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं और उसे देख कर लगता है कि कंगना की 'तेजस' पहले तीन दिनों में 4 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। 'तेजस' के लिए पहला वीकेंड बेहद निराशाजनक रहा है। 'सैकनिक' की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन भी सिर्फ 1.30 करोड़ की कमाई की। कंगना के लिए ये बेहद चिंताजनक बात है कि 60 करोड़ के बजट वाली ये फिल्म पहले वीकेंड में 5 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई।

### पुराने गानों के रीमेक में 'रैप' जोड़ने से भड़के जावेद अख्तर



**मशहूर** गीतकार और लेखक जावेद अख्तर अपने गीतों और शायरी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही जावेद अख्तर काफी बेबाक हैं और अपने बेबाक बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। वे कला और विशेषकर संगीत के क्षेत्र में हो रहे बदलावों के बारे में गर्मजोशी से बात करते हैं। राजनीति पर भी टिप्पणी करते हैं। उन्होंने हाल ही में नए गानों में रैप जोड़ने पर टिप्पणी की है, जिसने उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है। जावेद पुराने गानों पर दोबारा काम करने के विरोधी नहीं हैं लेकिन उनका मानना है कि व्यावसायिक दृष्टिकोण से किए गए बदलाव पूरे गाने का मजा खत्म कर देते हैं। एक इंटरव्यू में जावेद अख्तर ने कहा, 'पुरानी यादों को ताजा करना, उन गानों को नए रूप में पेश करना या ऐसा करने की कोशिश करना बिल्कुल गलत नहीं है।

### चिंटू पांडेय की फिल्म 'विवाह 3' का फर्स्ट लुक रिलीज

**भोजपुरी** सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की आने वाली फिल्म विवाह 3 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म विवाह सीरिज की तीसरी फिल्म विवाह 3 का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में एक बार फिर से प्रदीप पांडेय चिंटू मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, वहीं आम्रपाली दुबे फिल्म विवाह 3 चिंटू के अपोजिट मुख्य भूमिका के लिए चुनी गयी है। यह फिल्म यशी फिल्म्स ,अभय सिन्हा और रेणु विजय



फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निशांत उज्जवल निर्मित है। इस फिल्म का निर्देशन रजनीश मिश्रा ने किया है। चिंटू ने कहा कि हमारी फिल्म क्लास के साथ-साथ मास ओरिएंटेड भी है। उन्होंने कहा कि आम्रपाली दुबे के साथ विवाह सीरिज की यह हमारी दूसरी फिल्म है और मुझे यकीन है कि यह फिल्म भी एक बार बाजी मारेगी।फिल्म विवाह 3 में भी मेरा शानदार किरदार है। इस किरदार में दर्शकों को मैं खूब पसंद आने वाला हूं। वहीं, फिल्म को लेकर निमार्ता निशांत उज्जवल का कहना है कि दिल थाम कर बैठिये। एक मजेदारी फैमली ड्रामा वाली फिल्म लेकर हम लोग रेडी हैं। इसकी एक झलक फर्स्ट लुक में दिखी है। जल्द ही फिल्म का ट्रेलर भी आएगा।

## रणनीति

### भारत-कजाकिस्तान कर रहे हैं संयुक्त सैन्य अभ्यास

# 'काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस' पर है फोकस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और कजाकिस्तान की सेनाओं ने सोमवार 30 अक्टूबर से एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इस सैन्य अभ्यास में काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस, छापेमारी, खोज और विनाश ऑपरेशन का अभ्यास शामिल है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास कजाकिस्तान में हो रहा, इसमें भारतीय थल और वायु सेना दोनों ही शामिल हैं। भारतीय थलसेना और भारतीय वायु सेना की 120 सैन्य कर्मियों वाली टुकड़ी संयुक्त सैन्य अभ्यास काज़िंड-2023 के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान में है। इस सैन्य अभ्यास का आयोजन 30 अक्टूबर से 11 नवंबर 2023 तक कतर, कजाकिस्तान में किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सेना के दल में डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 सैन्य कर्मी हैं। कजाकिस्तान के सैन्य दल का




प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कजाख ग्राउंड फोर्सेज के दक्षिण क्षेत्रीय कमान के सैन्य कर्मियों द्वारा किया जाता है। इस सैन्य अभ्यास के वर्तमान संस्करण में सेना की टुकड़ियों के साथ दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 सैन्य कर्मी भी भाग ले रहे हैं। भारत और कजाकिस्तान के बीच संयुक्त अभ्यास को वर्ष 2016 में एक्सरसाइज प्रबल दोस्ती के रूप में शुरू किया गया था। दूसरे संस्करण के बाद, अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड किया गया और इसका नाम बदलकर एक्सरसाइज काज़िंड कर दिया गया। इस वर्ष वायु सेना को शामिल करके अभ्यास को द्वि-सेवा अभ्यास के रूप में अपग्रेड किया गया है। अभ्यास के इस संस्करण में, दोनों सैन्य पक्ष संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत उप-औपचारिक वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के संचालन का अभ्यास कर रहे हैं। ये टुकड़ियां संयुक्त रूप से विभिन्न सामरिक अभ्यासों का अभ्यास करेंगी, जिसमें छापेमारी, खोज और विनाश संचालन, छोटी टीम प्रविष्टि और निष्कर्षण संचालन आदि शामिल हैं। अभ्यास के कार्यक्षेत्र में काउंटर मानव रहित हवाई प्रणाली संचालन भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि एक्सरसाइज काज़िंड-2023 दोनों सैन्य पक्षों को एक-दूसरे की रणनीति, युद्ध अभ्यास और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा, जो संयुक्त राष्ट्र कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कार्य संचालन के लिए जरूरी है। इस संयुक्त प्रशिक्षण से अर्ध-शहरी और शहरी परिस्थितियों में संयुक्त सैन्य अभियान के संचालन के लिए अपेक्षित कौशल, लचीलापन और समन्वय को विकसित करेगा।

### भारत और मलेशिया ने शिलांग में किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

**गुवाहाटी।** भारत और मलेशिया के बीच एक संयुक्त अभ्यास शिलांग के उमरोई छावनी में चल रहा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुवाहाटी में पीआरओ रक्षा लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि अंतरसंचालनीयता हासिल करने के उद्देश्य से, दोनों सेनाएं एक सप्ताह से अभ्यास कर रही हैं। उन्होंने कहा,दोनों टुकड़ियों को लड़ाकू कंडीशनिंग और सामरिक प्रशिक्षण पर रखा गया है, जिसमें फायरिंग ड्रिल और 'बैटल हार्डनिंग' कार्य सत्र शामिल है। जंगल में सैनिकों के विशेष प्रशिक्षण पर जोर दिया गया है, जिसमें हेलेबोर ऑपरेशन, रॉक क्लाइंबिंग, जंगल सर्वाइवल तकनीक और रिफ्लेक्स शूटिंग आदि शामिल हैं। हरिमाउ शक्ति -आईवी 2023 के नामक संयुक्त अभ्यास 23 अक्टूबर को शुरू हुआ और 5 नवंबर को समाप्त होगा। अभ्यास में, कमांड पोस्ट एक्सरसाइज (सीपीएक्स), एक टेबल टॉप प्लानिंग इवेंट है ,जो यूनिट कमांडरों और स्टाफ अधिकारियों की परिचालन योजना निर्माण की क्षमताओं पर केंद्रित है। अधिकारी ने कहा, इस दौरान मिशन को कंप्यूटर स्क्रीन, मानचित्र, ओवरले पर ट्रैक किया जाता है, जबकि नकली विद्रोही समूह जवाबी कार्रवाई करते हैं।

## गागर में सागर

### एप्पल इंडिया की आय बीते वित्त वर्ष में 48 प्रतिशत बढ़कर 49,322 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** आईफोन विनिमार्ता एप्पल इंडिया का राजस्व मार्च, 2023 में समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 48 प्रतिशत बढ़कर 49,322 करोड़ रुपए रहा है। कारोबार आसूचना कंपनी टॉफलर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एप्पल इंडिया की आमदनी इससे पिछले वित्त वर्ष में 33,381 करोड़ रुपए रही थी। 2022-23 में कंपनी का मुनाफा 77 प्रतिशत बढ़कर 2,230 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 2021-22 में 1,263 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का कुल खर्च 46,444 करोड़ रुपए रहा है। 2021-22 में यह आंकड़ा करीब 31,693 करोड़ रुपए था।

### एलएंडटी को चालू तिमाही में मिले कई बड़े ऑर्डर




**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की निर्माण इकाई को चालू तिमाही के दौरान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से कई बड़े ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के वर्गीकरण के अनुसार, 2,500 करोड़ रुपए से 5,000 करोड़ रुपए तक के ठेके बड़े ऑर्डर की श्रेणी में आते हैं। कंपनी ने बीएसई को भेजी सूचना में कहा कि ये परियोजनाएं एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के बिजली पारेषण और वितरण कारोबार को मिली हैं। छत्तीसगढ़ में कंपनी को राज्य के बिजली पारेषण ग्रिड का बोझ कम करने के लिए पारेषण लाइन स्थापित करने का ऑर्डर मिला है। इसके अलावा कंपनी को सऊदी अरब, कुवैत और अन्य देशों में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिले हैं।

### शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत सेंसेक्स 150 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग, वित्तीय और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बेंचमार्क शेयर सूचकांक सोमवार को एक महीने से अधिक समय के सबसे खराब सप्ताह के बाद गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 168 अंक या 0.26% की गिरावट के साथ 63,614 पर कारोबार करता दिखा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 43 अंकों यानी 0.23% की तेजी के साथ 19,003 पर खुला कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स के शेयरों में से पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस और टाइटन गिरावट के साथ खुले, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट बढ़त के साथ खुले। इंडिविजुअल शेयरों में एसबीआई कार्ड में करीब 7 पर्सेंट की गिरावट आई, क्योंकि कंपनी सितंबर क्वॉर्टर के प्रॉफिट अनुमानों से चूक गई। एसोसिएट कंपनी को एनएचएआई से 4,428 करोड़ रुपये का लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) मिलने के बाद आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स के शेयरों में 5% पर्सेंट की तेजी दिखी।

### कल से हो सकते हैं एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर से लेकर इंपोर्ट वस्तुओं में बदलाव

**नई दिल्ली।** अक्तूबर का महीना खत्म होने वाला है और नवंबर की शुरूआत होने वाली है। हर महीने की पहली तारीख को देश में कई चीजों पर बदलाव होता है। इन बदलावों का असर सीधा आम आदमी और उसकी जेब पर पड़ता है। ऐसे में 1 नवंबर से कई नियमों में बदलाव होने वाला है, आपकी जेब पर असर डालेंगे। नए महीने की शुरूआत में जीएसटी, रसोई गैस की कीमतों से लेकर लैपटॉप इंपोर्ट तक कई बदलाव शामिल हैं। एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर, सीएनजी और पीएनजी के दाम हर महीने की पहली तारीख को तय किए जाते हैं। हर महीने की पहली तारीख को नए दाम का ऐलान होता है। त्योहारों को देखने हुए कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ सकते हैं क्योंकि इस समय में मांग बढ़ जाती है। ऐसा भी हो सकता है कि सरकार कीमतों में बदलाव न करें। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सौ करोड़ रुपए या उससे ज्यादा के कारोबार वाले बिजनेस को एक नवंबर से 30 दिनों के अंदर ई चालाना पोर्टल पर जीएसटी चालान अपलोड करना होगा।

# 10 दिन बंद रहेगा स्टॉक मार्केट

**एजेंसी। नई दिल्ली**




नवंबर महीने के दौरान कई त्योहार पड़ने वाले हैं, जिससे बैंक के साथ-साथ स्टॉक मार्केट की भी छुट्टी रहने वाली है। नवंबर में स्टॉक मार्केट 10 दिनों के लिए बंद रहने वाला है। बीएसई और एनएसई के शेड्यूल के मुताबिक 10 दिनों की छुट्टी में त्योहारों, शनिवार और रविवार शामिल है। इन छुट्टियों के दिन आप ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। हालांकि दिवाली के दिन यानी 12 नवंबर को एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग होगी। आइए जानते हैं किस-किस दिन स्टॉक मार्केट का अवकाश रहने वाला है। हर साल दिवाली के दिन मुहूर्त ट्रेडिंग की जाती है। दिवाली के दिन स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करना शुभ माना जाता है। इस बार 12 नवंबर को दिवाली का पर्व पड़ रहा है। ऐसे में 12 नवंबर को शाम 6 बजे से 7 l15 बजे तक स्टॉक मार्केट ओपन रहेगा। 15 मिनट प्री मार्केट के लिए रखा गया है। एक घंटे के दौरान आप शेयर खरीदने और बेचने के अलावा एफ एंड ओ में ट्रेडिंग भी कर सकेंगे। सभी शेयरों का सेटलमेंट दिवाली के दिन ही किया जाएगा।

**साल 2023 में कितने दिन बंद रहेगा स्टॉक मार्केट :** गणतंत्रता दिवस यानी 26 जनवरी को स्टॉक मार्केट बंद रहा था। 7 मार्च को होली, 30 मार्च को रामनवमी, 4 अप्रैल को महावीर जयंती, 7 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल को डॉ। बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती, 1 मार्च को महाराष्ट्र डे, बकरीद 28 जून को, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती, दशहरा 24 अक्टूबर को स्टॉक मार्केट बंद था। अब दिवाली 14 नवंबर, गुरुनानक जयंती 27 नवंबर और क्रिसमस 25 दिसंबर के दिन शेयर बाजार बंद रहेगा।

### भारत में 5जी का विस्तार तेजी से हुआ लेकिन राजस्व नहीं बढ़ाः महानिदेशक




**नई दिल्ली।** भारत में 5जी नेटवर्क का विस्तार दुनिया में सबसे तेजी से हुआ लेकिन राजस्व में बढ़ोतरी नहीं हुई है। 80 प्रतिशत दूरसंचार नेटवर्क बैंडविड्थ का उपभोग कर रही इकाइयां राजस्व का भुगतान नहीं कर रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। इंडिया मोबाइल कांग्रेस' के दौरान सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस. पी. कोचर ने कहा कि दूरसंचार कंपनियां उपभोक्ताओं पर बोझ नहीं डालना चाहतीं लेकिन किसी को तो नेटवर्क में किए जा रहे निवेश की लागत वहन करनी होगी। कोचर ने कहा, 5जी का विस्तार बहुत अच्छा रहा है। सबसे तेजी से 5जी के विस्तार से विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि इसके बावजूद दूरसंचार उद्योग के राजस्व में वास्तव में वृद्धि नहीं हुई है।" उन्होंने कहा कि इन नेटवर्कों को शुरू करने के लिए भारी मात्रा में पूंजीगत व्यय किया जा रहा है। कोचर ने कहा, निजी कंपनियां जो इसे शुरू कर रही हैं वे निश्चित रूप से उस पर रिटर्न की उम्मीद करते हैं। दुर्भाग्य से यह उतना नहीं है जितना होना चाहिए था। 5जी के विस्तार के लिए चार-पांच बड़ी इकाइयां सामने आईं जो 80 प्रतिशत दूरसंचार नेटवर्क बैंडविड्थ का उपभोग कर रही हैं लेकिन राजस्व का भुगतान नहीं कर रही हैं।

### एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव ऑफर 2023 की घोषणा की




**रांची।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव सीजन 2023 के तहत देश भर में अपने सभी कार्डधारकों के लिए कई रोमांचक ऑफर की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद, अब लाखों एसबीआई कार्ड ग्राहक लगभग 2200 मर्चेंट फंडेड और कैशबैक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं, जिसके तहत टियर 2 और टियर 3 सहित प्रमुख शहरों में ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट से खरीदारी करने पर कैशबैक का ऑफर दिया जा रहा है। इस ऑफर के दायरे में उपभोक्ता सामान, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, आभूषण और किराना सहित सभी लोकप्रिय कैटेगरी को शामिल किया गया है। ग्राहकों के लिए बड़ी खरीदारी को आसान व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, एसबीआई कार्ड ने कई प्रमुख ब्रांडों के साथ मिलकर ईएमआई पर आधारित कई ऑफर की पेशकश की है। फेस्टिव ऑफर 2023 के तहत, एसबीआई कार्ड की ओर से ग्राहकों को 600 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के ऑफर के साथ-साथ 1500 से ज्यादा क्षेत्रीय एवं हाइपरलोकल ऑफर दिए जा रहे हैं, जो 15 नवंबर 2023 तक मान्य होंगे। इस फेस्टिव ऑफर के हिस्से के रूप में, 2700 से ज्यादा शहरों में एसबीआई कार्ड के ग्राहक 27.5% तक कैशबैक और तत्काल छूट के ऑफर का लाभ विभिन्न साझेदार ब्रांडों पर उठा सकते हैं, जिनमें फ्लिपकार्ट, अमेजॅन, मिंत्रा, रिलायंस रिटेल समूह, वेस्टसाइड, पैंटालून्स, मैक्स, तनिष्क और टीबीजेड शामिल हैं। सबसे बड़ी बात तो ये है कि, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप सेगमेंट के प्रमुख ब्रांडों पर एसबीआई कार्ड के ईएमआई ऑफर उपलब्ध हैं।

## विदेश

# चीन ने इजराइल-हमास संघर्ष में ईरान को समर्थन देने का किया वादा

**एजेंसी। बीजिंग**



चीनी प्रधान मंत्री ली कियांग ने गुरुवार को कहा कि चीन इजराइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि के खिलाफ अपनी राज्य संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय गरिमाः की रक्षा में ईरान का दृढ़ता से समर्थन करेगा। ली कि यांग ने कहा कि चीन ईरान के आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने इजराइल-हमास संघर्ष में ईरान के समर्थन का वादा किया । ली ने 26 अक्टूबर को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर ईरान के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर के साथ अपनी मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने चीन और ईरान के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देशों ने अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में उतार-चढ़ाव के बावजूद 50 वर्षों से अधिक समय से अपने द्विपक्षीय संबंध बनाए रखे हैं। भारत में चीनी दूतावास द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ली ने ईरान के लिए चीन के समर्थन की पुष्टि की और कहा कि उनका देश ईरान के आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग योजना को लागू करना चाहिए, बेल्ट और रोड सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और थिंक टैंक सहित विभिन्न क्षेत्रों और लोगों से लोगों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग को मजबूत करना चाहिए, और चीन-ईरान सहयोग में नई और निरंतर उपलब्धियों के लिए काम करें। ली ने अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के भीतर ईरान के साथ समन्वय को बढ़ावा देने का भी वादा किया, लेकिन उन्होंने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव का कोई उल्लेख नहीं किया, जो कि चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष से प्रेरित है। हालांकि इस बात का कोई स्पष्ट सबूत नहीं है कि ईरान सीधे तौर पर हमास के 7 अक्टूबर के इजराइल पर अभूतपूर्व आतंकवादी हमलों में शामिल था, लेकिन इस्लामी शासन लगातार हमास का सबसे बड़ा समर्थक रहा है। हमास द्वारा इजराइल पर अपना आश्चर्यजनक हमला शुरू करने के अगले दिन, हमास की सैन्य शाखा अल-कासिम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने नरसंहार को सक्षम करने के लिए ईरान को श्रेय दिया।

## घर वापसी पाकिस्तान के दिये हुए समय सीमा मात्र दो दिन में हो रही समाप्त

# 8000 अफगान प्रवासी स्वदेश लौटने को हुए मजबूर

**एजेंसी। काबुल**



पाकिस्तान द्वारा दी गई समय सीमा समाप्त होने में केवल दो दिन शेष रहने पर अफगान प्रवासी पाकिस्तान से लौटने को मजबूर हैं। जैसे-जैसे अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान भेजने की समय सीमा नजदीक आ रही है, 8000 से अधिक अफगान प्रवासियों को जबरदस्ती पाकिस्तान से वापस भेज दिया गया है। खामा प्रेस ने बताया कि तालिबान के नेतृत्व वाले अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने विगत शनिवार को घोषणा की कि लगभग 7,910 अफगान प्रवासी स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से पाकिस्तान से अपने देश लौट आए हैं। कंधार प्रांत में स्थित स्पिन बोल्डक में तालिबान द्वारा नियुक्त सीमा अधिकारी के अनुसार, कुल 1,330 परिवारों, इनमें 7,800 व्यक्ति और पाकिस्तानी जेलों में बंद 110 बंदी भी शामिल हैं, को मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा तालिबान के नेतृत्व वाले मंत्रालय ने कहा कि ये बंदी, जिन्हें पाकिस्तान ने उनकी इच्छा के विरुद्ध अफगानिस्तान वापस भेज दिया था, अब आधिकारिक तौर पर प्रवासी मंत्रालय के साथ पंजीकृत हैं। वे आवश्यक समर्थन प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) से भी जुड़े हुए हैं। हाल ही में, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि सरकार की समय सीमा बढ़ाने की कोई योजना नहीं है, खामा प्रेस ने बताया, हमने अवैध निवासियों को बाहर निकालने के बारे में बात की थी, लेकिन संदेश ऐसे दिया गया जैसे हम केवल अफगानों को निकाल रहे थे। सरकार का संदेश यह सिर्फ अफगानों के लिए नहीं था; यह सभी अवैध प्रवासियों के लिए था।

**सरकार का संदेश यह सिर्फ अफगानों के लिए नहीं था; यह सभी अवैध प्रवासियों के लिए था जो इसे लागू किया गया है**

पाकिस्तान स्थित रिपोर्ट के अनुसार, देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों के निर्वासन के संबंध में अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए विभिन्न देशों के दबाव का सामना करने के बावजूद, पाकिस्तान दृढ़ है और अपना रुख बदलने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान ने अनुमानित 1.7 मिलियन विदेशी नागरिकों, मुख्य रूप से अफगानी, जो अवैध रूप से वहां रह रहे थे, को निष्कासित करने का निर्णय लिया है। उनके पास प्रस्थान करने या निर्वासित होने का जोखिम उठाने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड को...

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। अधिकारी आपके दरवाजे पर आएंगे। पंचायत में शिविर लगेंगे। यहां आपकी समस्याओं का समाधान भी होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

**कोई बुजुर्ग, विधवा, और दिव्यांग बिना पेंशन के नहीं रहेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्ग, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि कोई भी योग्य पात्र इस योजना से वंचित न रहे।

**बेघरों का होगा अपना आशियाना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहेगा। सभी बेघरों के अपने आशियाना का सपना पूरा होगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत हो रही है। इस योजना के तहत आठ लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

**रोजगार और स्वरोजगार पर विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में सरकारी विभागों के खाली पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है तो रोजगार मेला के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में जॉब दिलाने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहता है उसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से सरकार मदद कर रही है।

**आप अपने बच्चे- बच्चियों को पढ़ाएं, खर्च सरकार देगी :** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चे बच्चियों को अच्छे से पढ़ाएं। उनका भविष्य संवारें। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार इस खर्च को वहन करेगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल , इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। वहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी सावित्री योजना चलाई जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और उसका लाभ लेने को कहा।

**अपने अमर वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के योगदान को नहीं भूल सकते :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने अमर वीर- शहीदों और झारखंड आंदोलनकारियों को कभी भूल नहीं सकते हैं। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। हम उनका सम्मान करते आए हैं और करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि यहां की जनता मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की पक्षधर है। ऐसे में मयूराक्षी नदी पुल का नामकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु करने की सरकारी प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन और सीता सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम आज पलामू में ...

समारोह में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह 11.20 बजे दुमका हवाई अड्डा से पलामू के लिए उड़ान भरेंगे। 12.50 बजे चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से 1.10 बजे कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचेंगे और लगभग दो घंटे तक कार्यक्रम में शामिल रहेंगे और तीन बजे के बाद रांची के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### 75 करोड़ हिन्दुओं ...

प्रान्तों के दो-दो अर्थात कुल 200 कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचेंगे। पांच नवम्बर को वहां से अक्षत भरे पीतल के कलश लेकर उसे पहुंचाएंगे। यह अक्षत न्यास की ओर से आमंत्रण का प्रतीक होगा। 05 नवंबर से दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्यकर्ता देशभर के सभी मंदिरों में अक्षत पहुंचायेंगे। 01 से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत लेकर कार्यकर्ता हर गांव मोहल्ले एवं बस्तियों में संपर्क कर सभी को अयोध्या पहुंचने का औपचारिक निमंत्रण देंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को कार्यकर्ता अपने-अपने गांव मोहल्ले के मंदिरों में इकट्ठे होंगे। वहां भजन कीर्तन के कार्यक्रम चलेंगे तथा सायं काल अपने दरवाजे पर दीप जलाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ घरों में इस दिन दीपक जलाए जाएंगे।

**महामंत्री चंपत राय की अपील, प्राण-प्रतिष्ठा के दिन न पहुंचे कार्यकर्ता :** उन्होंने बताया कि 8000 लोगों की सीमित क्षमता होने के कारण कार्यकर्ताओं से 22 जनवरी को अयोध्या न आकर अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रमों में जुटने का निर्देश दिया गया है। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग तिथियों में उनके प्रांत के अनुसार अयोध्या पहुंचने का चंपत राय ने निमंत्रण दिया। अयोध्या पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं के रुकने तथा भोजन आदि की समुचित व्यवस्था का भी उन्होंने भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि 25000 कार्यकताओं के प्रतिदिन अयोध्या में रूकने एवं खाने की व्यवस्था की जा रही है। काशी प्रांत के कार्यकर्ता 30 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे। इसी तरह अलग-अलग प्रांतों के लिए अलग-अलग तिथियां होंगी। 45 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में 50 लाख लोगों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था अयोध्या में उपलब्ध कराई जाएगी।

आरएसएस के काशी प्रांत प्रचारक रमेश ने भी द्वितीय सत्र में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने आग्रह किया कि संगठन की रीति नीति के अनुसार और सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्थान पर सौंपे गये दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों की सूची बनाए। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिरों में संपूर्ण हिंदू शक्ति को एकत्रित कर भजन कीर्तन के कार्यक्रम संचालित करें। माइक लगाकर प्रभु श्री राम का गुणानुवाद करायें, इसके लिए कथावाचकों विद्वानों की भी सहायता ली जा सकती है। 1 से 15 जनवरी तक अब तक का सबसे बड़ा महासंपर्क अभियान चलेगा। इसमें पूरी भागीदारी निभायें। एक भी हिंदू घर छूटने न पाए इसका ध्यान रखें। 15 दिसंबर से पहले खंडों की समन्वय बैठकें हो जाए। टोलियों का गठन कर लें। गठित टोलियां ही परिवारों से संपर्क करेंगी। विचार परिवार की बैठक जिला स्तर पर करने के लिए अभी से तिथि तय करने का उन्होंने निर्देश दिया।

### 8 लाख जरूरतमंदों को...

की राशि खर्च की जाएगी। अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने एक सॉफ्टवेयर डेवलप कर लिया है। इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से ग्रामसभा की अनुशंसा के बाद लाभुकों का चयन किया जाना है। योग्य लाभुकों के आवेदन आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लिया जाएगा। इस अभियान के तहत सुदूर इलाकों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन लिया जाएगा। इसे निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2016-17 से 23-24 के बीच 15 लाख 82 हजार आवास स्वीकृत किए गए। इसमें राज्य सरकार ने 8294.21 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। केंद्र संपोषित इस योजना में राज्य सरकार को 40 प्रतिशत शेयर राज्य बजट से एलोकेशन करना होता है।

**ऐसा होगा अबुआ आवास :** अबुआ आवास योजना के अंतर्गत तीन कमरों का पक्का मकान और रसोई घर बनाया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। योजना अंतर्गत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर का प्रावधान किया गया है।

### देवघर, गोड्डा के बड़े ...

इनकम टैक्स को यह भी पता चला है कि देवघर में जमीन की खरीद-बिक्री में स्टांप ड्यूटी चुकाने में हेराफेरी की गई है। सूत्रों ने बताया कि देवघर के जमीन कारोबारी बृजेश राय के जसीडीह स्थित तीन ठिकानों -- सियाराम हॉस्पिटल, संत फ्रांसिस हॉस्पिटल गली और सिमरिया स्थित आवास पर आईटी की टीमें सर्च अभियान में जुटी हैं। इसी तरह देवघर निगम के पूर्व मेयर राजनारायण खवाड़े उर्फ बबलू खवाड़े के रितिक राज होटल, संजय मालवीय के अंजुला मेंशन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नंदकिशोर दास के यहां भी छापेमारी चल रही है। इसके अलावा कोलकाता में बालानन्द आश्रम से जुड़े 10 ठिकानों के अलावा बालानन्द ट्रस्ट के दुगार्पुर स्थित कैंसर हॉस्पिटल में भी एक साथ छापेमारी चल रही है।

### सीआरपीएफ का ...

दावा राशि के भुगतान पर निर्णय लिया जा सके। गौरतलब है कि राज्य में आज की तारीख में सीआरपीएफ की 132 कंपनियों की तैनाती है। इन्हें मुख्य तौर पर राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगाया गया है। इन बलों की तैनाती पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा वक्त से है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने पिछले वर्ष अपनी समीक्षा में पूरे देश में नक्सलियों के प्रभाव वाले कुल जिलों की संख्या 70 पायी थी। इनमें से नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 25 है। झारखंड में 8 जिले नक्सलियों के अति प्रभाव वाले हैं, जबकि 8 अन्य जिले सामान्य प्रभाव वाले माने गये हैं। अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला- खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम हैं, जबकि सामान्य प्रभाव वाले जिलों में रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, गढ़वा, गिरिडीह और हजारीबाग शामिल हैं। इन सभी जिलों में आईबी और पुलिस की खुफिया रिपोट्र्स के आधार पर सेंट्रल पारा मिलिट्री फोर्सेज की मदद से अभियान लगातार जारी है और नक्सलियों के प्रभाव में एक हद तक कमी भी आयी है। राज्य में कुल मिलाकर नक्सलियों की संख्या अब कुछ सौ रह गयी है, लेकिन नक्सल प्रभावित जिलों में विधि-व्यवस्था और अमन-चैन कायम करने के लिए केंद्रीय बलों की 132 कंपनियां तैनात हैं। केंद्रीय एवं पुलिस बलों को मिलाकर लगभग 85 हजार जवान राज्य में तैनात हैं।

### भारत-जापान की ...

50वें में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए।

जापान की तीन मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है जबकि थाईलैंड की लगातार तीसरी हार है। वर्ल्ड नंबर-29 थाईलैंड की टीम तीन मैचों में ही अब तक 17 गोल खा चुकी है और सिर्फ एक ही गोल कर पाई है।

वहीं, दिन के पहले मुकाबले में कोरिया और मलेशिया आमने-सामने हुई। कोरिया को अपनी दूसरी और मलेशिया की टीम अपना खाता खोलने के लिए मुकाबले में उतरी। लेकिन दोनों टीमों को अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा।

पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद वर्ल्ड नंबर-12 कोरिया ने दूसरे हाफ में 35वें मिनट में सिओ सुयोंग के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से 1-0 की बढ़त बना ली। सुयोंग को हालांकि 57वें मिनट में ग्रीन कार्ड का सामना करना पड़ा।

लेकिन मलेशिया ने जल्द ही मैच में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। मलेशिया के लिए यह गोल अजहर नूर ने 58वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वर्ल्ड नंबर-19 मलेशिया को तीन मैचों के बाद अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश है। टीम को अपने पहले दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। राउंड रॉबिन लीग चरण के आधार पर खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मेजबान भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं। लीग चरण के बाद अंकतालिका की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को साल 2016 के बाद से अपनी पहली खिताब की तलाश है। भारतीय टीम 2013 और 2018 में रजत पदक जीत चुकी है।



### अफगानिस्तान का एक और उलटफेर

# श्रीलंका को 7 विकेट से हराया



**एजेंसी। पुणे**

आईसीसी पुरुष विश्वकप 2023 में सोमवार को एक और बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 49.3 ओवर में 241 रन पर ऑलआउट करने के बाद 28 गेंद शेष रहते 242 रन का लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से मैच जीत लिया। अफगानिस्तान के लिए गेंदबाजी में फजलहक फारूकी (10 ओवर, 34 रन, चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (10 ओवर 38 रन, दो विकेट) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया तो बल्लेबाजी में मध्य क्रम में तीन अर्धशतकों ने अफगानिस्तान की जीत को आसान बना दिया। फारूकी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। शून्य के स्कोर पर पहला झटका लगने के बाद उसके बल्लेबाजों ने संभलकर बैटिंग की। रहमत शाह ने 74 गेंदों पर 62 रन की पारी खेली। तीसरा विकेट 131 रन पर गिरने के बाद कप्ताह हशमतुल्लाह शाहिदी (74गेंद पर नाबाद 58 रन) और अजमतुल्ला उमरजई (63 गेंद पर नाबाद 73 रन) की 111 रन की अविजित साझेदारी ने टीम की जीत दिला दी। इससे पहले रहमानुल्ला गुरबाज पहले ही ओवर में शून्य पर आउट हुये। उनके साथी ओपनर इब्राहिम जादरान ने 57 गेंद पर 39 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने गुरबाज और जादरान को आउट किया। कसुन रजिता के खाते में रहमत शाह का विकेट आया। श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 46 रन (60 गेंद) बनाए। कुसल मेंडिस ने 39 और सदीरा समरविक्रमा ने 36 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की कसी हुई गेंदबाजी के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज खुलकर हाथ नहीं खोल सके। यह छह मैचों में अफगानिस्तान की तीसरी जीत थी, जबकि श्रीलंका इतने ही मैच खेलकर अब चार हार चुका है।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 | +1.405 |
| सा. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 | +2.032 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.232 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.718 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.275 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.387 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.338 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 46 | 60 | 5 | 0 |
| दिमुथ करुणारत्ने | 15 | 21 | 1 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 39 | 50 | 3 | 0 |
| सदीरा समराविक्रमा | 36 | 40 | 3 | 0 |
| चरिथ असलंका | 22 | 28 | 2 | 0 |
| धनंजय डीसिल्वा | 14 | 26 | 1 | 0 |
| एंजलो मैथ्यूज | 23 | 26 | 1 | 1 |
| दुश्मांता चमीरा | 1 | 4 | 0 | 0 |
| महीश थीक्षणा | 29 | 31 | 3 | 1 |
| कसुन रजिता | 5 | 7 | 0 | 0 |
| दिलशान मदुशंका | 0 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, **कुल :** 241/10 (49.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-22, 2-84, 3-134, 4-139, 5-167, 6-180, 7-185, 8-230, 9-239, 10-241 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुजीब उर रहमान 10-0-38-2, फजलहक फारूकी 10-1-34-4, नवीन उल हक 6.3-0-47-0, अजमतउल्लाह ओमरजाई 7-0-37-1, राशिद खान 10-0-50-1, मोहम्मद नबी 6-0-33-0

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज 0 | 4 | 0 | 0 | |
| इब्राहिम जदरान 39 | 57 | 4 | 1 | |
| रहमत शाह 62 | 74 | 7 | 0 | |
| हशमतउल्लाह शहीदी 58 | 74 | 2 | 1 | |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 73 | 63 | 6 | 3 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 242/3 (45.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-73, 3-131 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** दिलशान मदुशंका 9-0-48-2, कसुन रजिता 10-0-48-1, एंजलो मैथ्यूज 3-0-18-0, दुश्मांता चमीरा 9.2-0-51-0, महीश थीक्षणा 10-0-55-0. धनंजय डीसिल्वा 4-0-21-0

## सेफा. की दौड़ में बांग्लादेश के खिलाफ आज उतरेगा पाक



**एजेंसी। कोलकाता**

सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका पाकिस्तान मंगलवार को यहां जब विश्व कप में जूझ रही एक अन्य टीम बांग्लादेश से भिड़ेगा तो करो या मरो के इस मुकाबले में लगातार चार मैच में हार के क्रम को तोड़ने का प्रयास करेगा। पाकिस्तान के चार अंक हैं और वह अब अधिकतम छह अंक और जुटा सकता है जिससे लीग चरण के बाद उसके अधिकतम 10 अंक हो सकते हैं। दो टीम पहले ही 10 या इससे अधिक अंक जुटा चुकी हैं, जबकि इनके अलावा तीन और टीम पाकिस्तान से आगे हैं जिससे उसका सेमीफाइनल में जगह बनाना किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। सभी टीम से अनुकूल नतीजे मिलने की उम्मीद काफी कम है। साथ ही धीमी शुरूआत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लय पकड़ ली है जबकि न्यूजीलैंड की टीम भी शानदार फार्म में है।

भारत 12 अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर चुका है जबकि दक्षिण अफ्रीका के 10 अंक हैं। पाकिस्तान को न सिर्फ अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिससे उसका नेट रन रेट सुधरे जो अभी माइनस 0.205 है। बांग्लादेश के खिलाफ हार 1992 के चैंपियन पाकिस्तान की सभी उम्मीदें खत्म कर देगी। ऐसे में उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ अपना सब कुछ झोंक देंगे। पाकिस्तान को उसके बल्लेबाजों ने निराश किया है जबकि गेंदबाजों ने प्रभावित किया है। पाकिस्तान के बल्लेबाज छह में से चार मैच में पूरे ओवर खेलने में नाकाम रहे।

### टीम इस प्रकार हैं

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमाम उल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस राउफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम।

**बांग्लादेश:** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो, तौहीद हृदय, मुश्फिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, मेहदी हसन, तास्किन अहमद , मुस्ताफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन शाकिब।

## उद्योगपति रतन टाटा ने क्रिकेटरों के लिए इनाम की घोषणा के दावों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रतन टाटा ने इस बात से इनकार किया है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) या किसी खिलाड़ी को कोई इनाम या सुझाव देने की कोई घोषणा की थी। रतन टाटा ने एक्स पर पोस्ट किया, मैंने आईसीसी या किसी भी क्रिकेट संकाय को किसी भी क्रिकेट सदस्य के बारे में किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना या इनाम के संबंध में कोई सुझाव नहीं दिया है। मेरा क्रिकेट से कोई भी संबंध नहीं है। कृपया इस तरह के व्हाट्सएप फॉरवर्ड और वीडियो पर तब तक विश्वास न करें जब तक कि मेरे आधिकारिक सोशल प्लेटफॉर्म से घोषणा न की गई हो। बता दें कि व्हाट्सएप पर ऐसे वीडियो फॉरवर्ड हो रहे हैं, जिसमें फर्जी दावा किया गया था कि रतन टाटा ने पाकिस्तान पर जीत के बाद अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान को 10 करोड़ रुपये की इनाम देने की घोषणा की थी, लेकिन प्रसिद्ध उद्योगपति ने ऐसे किसी भी दावे से इनकार किया है। अफगानिस्तान ने सोमवार को विश्व कप में अपनी दूसरी आश्चर्यजनक जीत दर्ज करते हुए 50 ओवर के प्रारूप में पाकिस्तान को पहली बार हराया।

## अल्कराज और जोकोविच एक साथ अभ्यास करते आए नजर



**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस मास्टर्स में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों ने रविवार को सीजन के अंतिम एटीपी मास्टर्स 1000 कार्यक्रम की शुरूआत से पहले एक प्रशिक्षण सत्र का आनंद लिया। अल्कराज ने जोकोविच के साथ अपने अभ्यास सत्र के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, मैं पेरिस में हूं! नोवाक जोकोविच के साथ शानदार अभ्यास! शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच बर्सी में छह बार के चैंपियन, अपने टूर्नामेंट की शुरूआत युगल जोड़ीदार मिओमिर केमैनोविक या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज घरेलू पसंदीदा एलेक्जेंडर मूलर या रोमन सफीउलिन के खिलाफ अच्छी शुरूआत करने की कोशिश करेंगे। वह सीजन की अपनी सातवीं ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं। जोकोविच के पास वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अल्कराज पर 500 अंकों की बढ़त है, जो साल के अंत में विश्व नंबर 1 की लड़ाई के लिए बैरोमीटर के रूप में कार्य करता है। लेकिन, पेरिस में 1,000 अंक मिलने बाकी हैं और एटीपी फाइनल अभी भी बाकी है। एक साल पहले, अल्कराज एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में सबसे कम उम्र में विश्व नंबर 1 बन गए थे। जबकि जोकोविच रिकॉर्ड आठवीं बार यह सम्मान हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## भारत को अभी भी हार्दिक पांड्या की फिटनेस का इंतजार

**लखनऊ।** भारत को उम्मीद है कि 2 नवंबर को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले, अगले कुछ दिनों में हार्दिक पंड्या की फिटनेस पर और स्पष्टता मिल जाएगी। 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान एक ओवर के बीच में अपनी ही गेंदबाजी पर गेंद को रोकने का प्रयास करते हुए गिर जाने के कारण पांड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने रविवार को विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 100 रन से मिली जीत के बाद ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, मेडिकल टीम इस पर ध्यान दे रही है और हार्दिक और एनसीए के भी संपर्क में है। हम कुछ दिनों में अपडेट मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को संतुलन प्रदान करने वाले हार्दिक की जगह लेने के लिए, भारत ने अपनी एकादश में मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव को शामिल का है और शार्दुल ठाकुर को बाहर रखा गया है।

## मेरे लिए चुनौतीपूर्ण पिच पर स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करना महत्वपूर्ण था : रोहित शर्मा

**एजेंसी। लखनऊ**

इस वर्ल्ड कप में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ भारत को लखनऊ में एक चुनौतीपूर्ण पिच पर लक्ष्य सेट करना पड़ा। भारत लगातार विकेट गिरने के कारण परेशानी में पड़ गया और रोहित शर्मा के 87 रनों की बदौलत 9 विकेट पर 229 रन ही बना सका। टीम के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच रोहित शर्मा के अनुसार, उनके लिए चुनौतीपूर्ण पिच पर अपने सभी अनुभव का उपयोग करना और स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करना महत्वपूर्ण था।

रोहित ने मैच के बाद कहा, यह सिर्फ मेरे शॉट्स खेलने के बारे में नहीं है, जब आपके पास इतना अनुभव होता है तो आपको उस अनुभव का उपयोग करना होता है और टीम के लिए जो भी आवश्यक हो वह करना होता है, और उस समय मेरे लिए खेल को आगे बढ़ाना आवश्यक था।"

मैच में एक समय भारत ने केवल 40 रन पर तीन विकेट खो दिये थे, लेकिन यहां से रोहित और केएल राहुल ने चौथे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की और फिर सूर्यकुमार यादव के साथ साझेदारी में 33 रन और जोड़े, लेकिन शतक से 13 रन पीछे रह गए। वहां से, इंग्लैंड ने नियमित रूप से दो विकेट लिए और भारत को 9 विकेट पर 229 रन पर रोक दिया।



रोहित ने कहा, मुझे अभी भी ऐसा लग रहा था कि मैच खत्म होने के बाद भी हम 20-30 रन पीछे रह गए थे। नई गेंद थोड़ी चुनौतीपूर्ण थी और फिर जाहिर तौर पर जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता गया, गेंद नरम होती गई, स्ट्राइक रोटेट करना आसान नहीं था। लेकिन हमने बीच में स्ट्राइक रोटेट करना जारी रखा और फिर, आखिरकार, आप जानते हैं कि हमें वहां एक अच्छी साझेदारी मिली, लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि हम अंत तक 20-30 रन पीछे रह गए। परिस्थितियों के बावजूद, रोहित ने कहा कि भारत की कुछ समस्याएं उनके बल्लेबाजों के ढीलेपन के कारण आईं। शुभमन गिल को क्रिस वोक्स ने एक अच्छी गेंद पर बोल्ड किया और फिर विराट कोहली और श्रेयस अय्यर खराब शॉट खेलकर आउट हुए।

रोहित ने कहा, हम आज बल्लेबाजी में अच्छे नहीं थे, पहले पावरप्ले में तीन विकेट खोना आदर्श स्थिति नहीं है, लेकिन जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं तो आप केवल लंबी साझेदारी बनाना चाहते हैं, जो हमें मिली। लेकिन फिर आखिर में हमने कुछ गलती की। कुल मिलाकर, मुझे लगा कि हम वहां 30 रन पीछे रह गए।

हालांकि भारतीय तेज गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी कर 229 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह ने शुरूआती विकेट निकालकर इंग्लैंड से जीत छीन ली।

रोहित ने तेज गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, हमारे सीमरों के पास अब जो अनुभव है, आप जानते हैं कि आप हमेशा भरोसा कर सकते हैं और इस पर भरोसा कर सकते हैं कि वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और आपको महत्वपूर्ण सफलता दिला सकते हैं और ठीक यही हमारे सीमर्स ने किया। उन्होंने परिस्थितियों का अच्छी तरह से फायदा उठाया और मुझे लगा कि उन्होंने बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा करने के लिए गेंद को सही क्षेत्र में डाला है।

**प्रेरणा**

### एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर 'जूही' का बढ़ा क्रेज

# बेतला पार्क की सबसे उम्रदराज हथिनी है जूही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का हॉकी प्रेमियों में जबरदस्त क्रेज है। मैच की दीवानगी के साथ-साथ इस हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर की दीवानगी भी इन दिनों बढ़ी हुई है। झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का शुभंकर बेतला नेशनल पार्क की सबसे उम्र दराज हथिनी 'जूही' को बनाया गया है। पलामू टाइगर रिजर्व नॉर्थ जोन के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना ने बताया कि हथिनी जूही का क्रेज इन दिनों काफी बढ़ गया है। रांची में चल रहे झारखंड एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 के शुभंकर के तौर पर जूही को ही तय किया गया है। ऐसे में जब से उसका नाम इतने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टूर्नामेंट से जुड़ा है, खेल प्रेमियों से लेकर आम जन तक, सभी उसके बारे में पूछताछ करने लगे हैं। उसकी खोजबीन करते लोग बेतला पार्क तक पहुंच रहे हैं। हर कोई किसी रूप में पार्क में उसके साथ सेल्फी के लिए उतावला हुआ जा रहा है हालांकि वन विभाग अपने स्तर से उसकी सुरक्षा में मुस्तैद है।

करीब तीन साल पहले 25 नवंबर 2020 को जूही हथिनी के पास उसके साथ सबसे लंबा समय गुजारने वाले तत्कालीन रेंजर अर्जुन बड़ाइक (अब सेवानिवृत) पहुंचे थे। बेतला नेशनल पार्क की सबसे बुजुर्ग हथिनी जूही के



लिए अपने इस दोस्त से मिलना जबरदस्त अनुभव रहा था। अर्जुन बड़ाइक उसके उन दोस्त में शामिल थे, जिसने उसके साथ लंबा समय गुजारा था। यही वजह था कि उसने बड़ाइक के आगमन पर उसे अपनी सूंड से जोश से उन्हें गले लगाया था।

बड़ाइक, जो दलमा अभयारण्य जाने से पहले 2004 तक बेतला के पलामू टाइगर रिजर्व के रेंजर थे, जब तक वह वहां थे, तब तक जूही के साथ उनके मधुर संबंध थे। जैसे ही 57 वर्षीय बड़ाइक ने जूही हथिनी को उसके नाम से पुकारा, वह उनकी बेटी की तरह उसके पास दौड़ी थी। इस मौके पर बड़ाइक ने हाथियों को सबसे सुंदर और बुद्धिमान जानवर करार दिया था। उन्होंने कहा था कि जूही के पास उत्कृष्ट बुद्धि थी। जूही की याददाश्त बहुत अच्छी है क्योंकि वह उसे उसकी आवाज से ही पहचान लेती है।

उन्होंने कहा कि जूही ने उनकी पत्नी और बेटी से भी दोस्ती कर ली थी। अर्जुन से मिलते समय जूही को खाने के लिए फल दिए गए, लेकिन उसने कभी भी उससे अपनी नजरें नहीं हटाईं, क्योंकि उसे आभास था कि वह जल्द ही चला जाएगा। अर्जुन बड़ाइक के अनुसार, कई लोग सोचते हैं कि जंगली जानवर कच्चे और जंगली होते हैं। लेकिन अगर उन्हें प्यार मिलता है तो वे जोश और ताकत के साथ इसका जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 13 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के शुभंकर का अनावरण किया था। जूही नाम का शुभंकर बेतला नेशनल पार्क की लोकप्रिय हथिनी से प्रेरित है। इस अवसर पर सीएम ने कहा था कि चूंकि झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के प्रतिष्ठित आयोजन के लिए आधिकारिक मैस्कॉट जूही को पेश करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

शुभंकर हाथी जूही की प्रेरणादायक कहानी है, जो सुंदर बेतला राष्ट्रीय उद्यान का पर्याय बन गई है। हजारों पर्यटकों को ले जाने के अलावा जूही ने दशकों तक जंगल में मानव जाति के रक्षक के रूप में भी काम किया। एक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किया। यह हमारे समाज के लोगों में मानव मूल्यों को विकसित करने और हमारे झारखंड राज्य से जुड़े प्रिय वन्य जीवन के बारे में दुनिया भर के हॉकी सितारों के बीच जागरूकता पैदा करने का एक शानदार तरीका है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने मौके पर कहा था कि जूही कई वर्षों से झारखंड के लोगों के लिए प्रेरणा रही है। अब वह झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के दौरान दुनिया के हॉकी सितारों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करने के लिए यहां है। शुभंकर के रूप में जूही हाथी खूबसूरत राज्य झारखंड के समृद्ध वन्य जीवन का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है।

## 37वें राष्ट्रीय खेल में हॉकी झारखंड की महिला टीम की पहली जीत

**रांची।** 30अक्तूबर से 07नवंबर तक गोवा में आयोजित 37वे राष्ट्रीय खेल, गोवा 2023 में आज हॉकी झारखंड की महिला टीम ने मेजबान गोवा को 4-0से पराजित की। झारखंड टीम की ओर से अलबेला रानी टोप्पो, अलका डुंगडुंग, निशा मिंज और दीप्ति टोप्पो ने एक एक गोल की झारखंड टीमकी पहली जीत पर हॉकी झारखंड, खेल विभाग और झारखंड ओलंपिक संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब की दौड़ में बोटाफोगो को लगा झटका

**रियो डी जनेरियो।** इसिड्रो ने दूसरे हाफ में विजयी गोल दागा, जिससे बोटाफोगो को ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में अपने घरेलू मैदान पर कुइआबा के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बोटाफोगो के गोलकीपर लुकास पेरी के खिलाफ इसिड्रो (52') को जैसे ही मौका मिला, उन्होंने नेट पर क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए गोल दागा और अपनी टीम की जीत पक्की की। बोटाफोगो, जो अगस्त के मध्य में 13 अंक के साथ शीर्ष पर था, अब दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से केवल छह अंक आगे है।

## अनीश भानवाला ने रैपिड-फायर पिस्टल में जीता कांस्य

### हासिल किया ओलंपिक 2024 कोटा




**एजेंसी। चांगवोन**

कोरिया के चांगवोन में चल रही 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के बाद अनीश भानवाला ने पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा स्थान अर्जित किया है। भारतीय निशानेबाजी दल के लिए यह 12वां कोटा स्थान है। अनीश ने 588 का स्कोर बनाकर छह खिलाड़ियों के फाइनल के लिए तीसरे स्थान पर क्वालीफाई किया और फिर 28 का स्कोर किया, लेकिन जापान के रजत पदक विजेता दाई योशियोका के साथ शूट-ऑफ में हार गए। कोरियाई ली गुनह्योक ने आठ पांच-शॉट रैपिड-फायर श्रृंखला निर्णायक में 34 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने अब तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण सहित 30 पदक अपने नाम कर लिए हैं। अनीश का कोटा चांगवोन में भारत द्वारा हासिल किया गया पांचवां कोटा था। रविवार को क्वालीफाइंग के पहले सटीक चरण में 294 का स्कोर बनाने के बाद, जिसने उन्हें 33-मजबूत क्षेत्र में अग्रणी बना दिया था, अनीश ने सोमवार सुबह दूसरे रैपिड-फायर राउंड में भी 294 का स्कोर बनाकर वापसी की। इससे उन्हें कुल 588 अंक मिले, जो कि चीन के वांग झिन्जी से केवल एक पीछे थे, जिन्होंने इस क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया था। तीन चीनियों ने छह खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि अनीश ने काउंटबैक पर विश्व चैंपियन ली यूहोंग के बाद तीसरा क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। यह उसे दो उपलब्ध पेरिस स्थानों में से एक देने के लिए पर्याप्त था, बता दें कि चीन ने अपने कोटा समाप्त कर दिए थे और ली और दाई ने भी पहले की प्रतियोगिताओं में अपने कोटा सुरक्षित कर लिए थे।